हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा युक्तियुक्तकरण को लेकर आदेश जारी किए जाने के बाद प्रदेश में सर्वाधिक प्रभावित जिला कांकेर होगा। यहां सर्वाधिक 596 विद्यालय मर्ज होंगे। इनमें से 591 स्कूल ऐसे हैं, जो एक ही परिसर में संचालित होने के कारण मर्ज किए जा रहे हैं, जबकि 5 स्कूल ऐसे हैं जो एक किमी से कम अंतराल में स्थित होने के कारण मर्ज किए जा रहे हैं।

जशपुर में 27 स्कूल 500 मीटर के दायरे में

## कांकेर में सर्वाधिक 596 विद्यालय होंगे मर्ज, बीजापुर में मात्र 68, जशपुर में है 500 मीटर के दायरे में रिकॉर्ड स्कूल

### रायपुर के 389 स्कूल होंगे मर्ज, इनमें से सिर्फ 4 स्कूल ऐसे जो एक किमी के दायरे में

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*रायपुर में में 389 स्कूल मर्ज हो रहे हैं। इनमें से 4 स्कूलों को दूरी के आधार पर मर्ज किया गया है, जबकि शेष को एक ही परिसर में संचालित होने के कारण एक किया गया है। प्रदेश में सबसे कम प्रभाव बीजापुर में पड़ेगा। यहां मात्र 68 विद्यालय ही युक्तियुक्तकरण की श्रेणी में आ रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में शालाओं का युक्तियुक्तकरण दो विधियों से हो रहा है। प्रथम विधि के अंतर्गत ऐसे विद्यालयों को आपस में मर्ज किया जा रहा है जो एक ही परिसर में संचालित हो रहे हैं। अर्थात यदि किसी कैंपस में प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल या हायरसेकंडरी की कक्षाएं संचालित हो रही हैं तो उन्हें अलग-अलग ना गिनकर एक ही स्कूल माना जाएगा। दूसरी विधि के अंतर्गत दूरी को पैमाना बनाया गया है। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 500 मीटर तथा शहर क्षेत्रों में एक किमी के दायरे में स्थित स्कूलों को आपस में मर्ज कर दिया जाएगा अर्थात गांव में 500 मीटर तथा शहर में 1 किमी के दायरे में एक ही स्कूल होंगे।*

### 6 जिलों में सारे विद्यालय एक किमी से बाहर

प्रदेश में 6 जिले ऐसे भी हैं, जहां के ग्रामीण क्षेत्र में 500 मीटर तथा शहरी क्षेत्र में एक किमी के दायरे में सिर्फ एक ही स्कूल हैं। इसके कारण दूरी के आधार पर यहां किसी भी विद्यालय का युक्तियुक्तकरण नहीं किया गया है। इन जिलों में नारायणपुर, कबीरधाम, बेमेतरा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कोरिया तथा मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर शामिल है। दूरी के ▶▶| शेष पेज 7 पर

### प्रदेश में शून्य दर्ज संख्या वाली 211 शालाएं, फिर भी तैनात हैं शिक्षक

वहीं छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुत युक्तियुक्तकरण रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में कुल 211 शासकीय विद्यालय ऐसे हैं जहां एक भी विद्यार्थी नहीं है, जबकि इन विद्यालयों में शिक्षक तैनात हैं। जिलेवार आंकड़ों पर नजर डालें तो सरगुजा ▶▶| शेष पेज 7 पर

### जानिए किस जिले में कितने स्कूल होंगे मर्ज

| जिला | एक ही परिसर में | दूरी के कारण |
|---|---|---|
| बस्तर | 272 | 2 |
| कोंडागांव | 394 | 3 |
| कांकेर | 591 | 5 |
| नारायणपुर | 80 | 0 |
| बीजापुर | 58 | 10 |
| दंतेवाड़ा | 74 | 2 |
| सुकमा | 132 | 6 |
| धमतरी | 410 | 5 |
| गरियाबंद | 419 | 1 |
| रायपुर | 385 | 4 |
| बलौदाबाजार | 403 | 3 |
| महासमुंद | 432 | 8 |
| कबीरधाम | 375 | 0 |
| राजनांदगांव | 347 | 2 |
| बालोद | 353 | 1 |
| दुर | 349 | 3 |
| बेमेतरा | 360 | 0 |
| खैरागढ़-छुईखदान-गुंडई- 156-1 | | |
| मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी- 210-0 | | |
| बिलासपुर | 429 | 2 |
| मुंगेली | 336 | 1 |
| कोरबा | 464 | 5 |
| जांजगीर-चांपा | 354 | 12 |

▶▶| शेष पेज 7 पर

SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
CAMPUS- RAIPUR, KUMHARI NAVA RAIPUR, BILASPUR
REGISTRATION OPEN
B.SC (N)
P.B. B.SC (N)
M.SC (N)
7222910472/30




### यूपीएससी का पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने बुधवार को पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए एक नया आवेदन पोर्टल शुरू किया। यूपीएससी द्वारा जारी किये गये बयान के अनुसार सभी आवेदकों के लिए आयोग की वेबसाइट का उपयोग करके नये पोर्टल पर नये सिरे से आवेदन भरना और अपने दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है।

### बलरामपुर में सर्वाधिक 80 मिमी. वर्षा दर्ज, प्रदेशभर में हल्की से मध्यम बारिश

# टूट गए सारे रिकार्ड, छग में 16 दिन पहले पहुंचा मानसून, दंतेवाड़ा से एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमतौर पर मानसून का प्रवेश जून के दूसरे सप्ताह में छत्तीसगढ़ में होता है। इस बार मौसमी रुख को देखते हुए इसके समय से पहले यानी जून के प्रथम सप्ताह में इसके आने की संभावना जताई गई थी। मौसम तंत्रिकाएं सक्रिय हुईं, जिससे बंगाल की खाड़ी में मानसून द्रोणिका सक्रिय होने के साथ प्रबल भी हो गई। केरल के बाद अन्य राज्यों में होते हुए मानसून 16 दिन पहले ही छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले तीन दिन के भीतर इसके रायपुर ▶▶| शेष पेज 7 पर

- मानसून द्रोणिका के प्रभाव से छाए बादल, तापमान 34-35 डिग्री पर अटका

नवतपा यानी 25 मई से शुरू हुई बारिश की गतिविधि के बाद मौसम विशेषज्ञों के अनुमान को झुठलाते हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून ने अपनी सामान्य तिथि 13 जून से 16 दिन पहले दंतेवाड़ा से छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर लिया है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले पचास सालों में ऐसा नहीं हुआ है, जब मानसून मई में छत्तीसगढ़ पहुंचा हो। मानसून द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेशभर में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी है और पिछले चौबीस घंटे में सर्वाधिक 80 मिमी. बारिश बलरामपुर में दर्ज की गई है।



**बारिश की संभावना बनी हुई:** मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का अनुमान है, अगले चौबीस घंटे में बस्तर के कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा मानसून द्रोणिका के सक्रिय होने की वजह से आगे भी वर्षा की गतिविधि बनी रहने के आसार हैं। मानसून द्रोणिका प्रबल होने की वजह से दक्षिण पश्चिम मानसून अगले दो दिनों में उत्तर पूर्व के बचे हुए राज्य, छत्तीसगढ़ के कुछ और ▶▶| शेष पेज 7 पर

### माइनस में तापमान पर उमस बाकी

मानसून की गतिविधि के साथ प्रदेश में नमी की मात्रा बढ़ गई है। पर्याप्त मात्रा में बारिश होने तक उमस की स्थिति बनी रहने की संभावना है। बादल छाने की वजह से रायपुर समेत प्रदेश के तमाम शहरों का तापमान सामान्य से नीचे जा चुका है। आज सर्वाधिक तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अगले 48 घंटे 6 राज्यों पर भारी

#### बंगाल की खाड़ी से भी चेतावनी

*नई दिल्ली। पूर्वी तट के पास बंगाल की खाड़ी में एक अच्छा खासा निम्न दबाव का क्षेत्र बना है, जो अगले 24 घंटों में एक डिप्रेशन में बदल सकता है। इसके चलते ओडिशा, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने साफ तौर पर कहा है कि यह प्रणाली उत्तर की ओर बढ़ेगी और इससे आने वाले दिनों में और भी राज्यों में व्यापक वर्षा हो सकती है। पूर्वोत्तर भारत की बात करें तो अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 29 और 30 मई को बहुत भारी से अत्यधिक भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है।*

#### इन राज्यों में खूब बरसेंगे बादल

*केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी मौसम का मिजाज उग्र बना हुआ है। 28 से 30 मई के दौरान इन राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। केरल और तटीय कर्नाटक में कई जगहों पर पिछले 24 घंटों में 100 मिमी से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है।*

#### गरज-चमक के साथ तेज हवाएं

*उत्तर भारत के हालात की बात करें तो राजधानी, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी इलाके, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तराखंड में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। दिल्ली-एनसीआर में 28 से 31 मई तक गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।*



**हरिभूमि न्यूज/रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के तहत ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) स्थापना के लिए मल्टीनेशनल कंपनियों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। विदेशी स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां जो राज्य में 250 से लेकर 500 लोगों को रोजगार प्रदान करने के लिए 50 करोड रुपयों का स्थाई पूंजी निवेश करने वाली इस अनुदान और कई तरह की छूट की हकदार होंगी। खास बात ये है कि देशभर में अभी 1800 जीसीसी काम कर रही हैं, इन्हें राज्य में आने के लिए आकर्षित करने सरकार ने यह औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज तैयार किया है।

# छत्तीसगढ़ में मल्टीनेशनल कंपनियों के लिए खुले दरवाजे

# अनुदान 60 करोड़ तक, 12 साल तक विद्युत शुल्क में छूट

### क्या है जीसीसी

जीसीसी यानी ग्लोबल कैपबिलिटी सेंटर। भारत ग्लोबल कैपबिलिटी सेंटर की स्थापना में अग्रणी देश माना जाता है। वर्तमान में देश में लगभग 1800 जीसीसी कार्यरत हैं, जो लगभग 20 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। इनमें से 92 प्रतिशत जीसीसी बेंगुलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे, मुंबई, एवं दिल्ली एनसीआर में स्थापित हैं। जीसीसी मल्टी नेशनल कंपनियों के स्वामित्व वाली सहायक कंपनी होती है जो बैंक और ऑफिस, सेंट ऑफ एक्सीलेंस, अनुसंधान केंद्र के रूप अपनी पैरेंट कंपनी के विशेष कार्य जैसे वित्तीय प्रबंधन, एनालिस्टिक, मानव संसाधन प्रबंध, इंटरनल ऑडिट, विधिक कार्य, आईटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नवाचार ग्लोबल सप्लाई चेन प्रबंधन का काम करती हैं।




### 250 से 500 लोगों को रोजगार देने पर मिलेगा प्रोत्साहन

सरकार ने स्थायी पूंजी निवेश एवं रोजगार के आधार जीसीसी को बांटा है। लेवल वन में 10 करोड़ रुपए से लेकर 50 करोड़ स्थाई पूंजी निवेश या 250 रोजगार प्रदान करने वाली कंपनी होगी। एडवांस जीसीसी न्यूनतम 50 करोड़ स्थाई पूंजी निवेश के साथ 500 लोगों को रोजगार देने वाली कंपनी होगी। औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के तहत जीसीसी स्थापना तथा विस्तर के प्रकरणों में निवेश इकाईयों को उनके द्वारा परियोजना में स्थाई पूंजी निवेश की मदों पर निवेश होने वाली राशि के 150 प्रतिशत तक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### मिलेंगे 15 से 60 करोड़ अनुदान, बिजली में छूट

स्थायी पूंजी निवेश अनुदान के तहत कुल 35 प्रतिशत अनुदान दिया जाएघा। लेवल वन जीसीसी के लिए 15 करोड़ रुपए पांच साल तक वार्षिक किस्तों में दिए जाएंगे। एडवांस जीसीसी के लिए 60 करोड़ रुपए 6 वर्ष तक समान किस्तों में दिए जाएंगे। खास बात ये है कि जीसीसी स्थापना पर सेवा गतिविधि प्रारंभ करने के दिन से 12 साल तक विद्युत शुल्क में छूट प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही नवीनीकरण उर्जा की व्यवस्था करने पर इकाई को 5 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान मिलेगा।

### ये है छूट का पिटारा

जीसीसी कंपनियों को अनुदान और विद्युत शुल्क में छूट के अलावा कई और रियायतें मिलेगी। इनमें स्टांप शुल्क से छूट, पंजीयन शुल्क प्रतिपूर्ति, भू-उपयोग में परिवर्तन शुल्क में छूट, नवीन विद्युत कनेक्शन पर देय शुल्क की प्रतिपूर्ति, परिचालन व्यय अनुदान, ब्याज अनुदान, वेतन व्यय अनुदान यानि सेवा शुरु होने के बाद पांच साल तक राज्य के मूल निवासियों को दिए गए वेतन का 20 प्रतिशत अधिकतम 2 लाक रुपए प्रतिमाह प्रति कर्मचारी अनुदान दिया जाएगा। यही नहीं ईपीएफ प्रतिपूर्ति, कौशल विकास व्यय प्रतिपूर्ति, एंकर इकाईयों को अनुदान, अन्य अनुदान जैसे परियोजना प्रतिवेदन अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान,तकनीकी पेंटेट अनुदान, प्रौद्योगिकी क्रय अनुदान, जल एवं उर्जा दक्षता प्रतिपूर्ति अनुदान, विशेष अनुदान दिए जाएंगे। यही नहीं घोषित आर्थिक निवेश प्रोत्साहन के अतिरिक्त प्रोत्साहन दिए जाने के प्रस्तावों पर मंत्रिमडलीय उप समिति विचार करेगी, यह भरोसा भी दिलाया गया है।

## खबर संक्षेप

### फर्जी डिग्री बनाकर फार्मा कंपनी में बना मैनेजर

**बिलासपुर।** एक युवक ने अपनी पत्नी की फार्मेसी की मार्कशीट स्कैन कर अपने नाम से फर्जी मार्कशीट बना लिया और एक कंपनी में एरिया मैनेजर बन गया। पति-पत्नी के बीच तलाक हुआ और युवक ने दूसरी शादी कर ली। उसके बाद पत्नी ने उसके फर्जीवाड़ा का खुलासा करते हुए सिविल लाइन थाने में शिकायत की है। सरकण्डा राजकिशोर नगर निवासी शालिनी कलशा ने सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत करते हुए बताया उन्होंने बी फार्मा किया है। उनकी शादी संकल्प तिवारी से हुई थी। शादी के कुछ साल बाद ही उनके बीच विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद पति संकल्प तिवारी ने उन्हें तलाक दे दिया। इस बीच संकल्प तिवारी ने दूसरी शादी भी रचा ली है। वो एस्ट्रा जेनेका फार्मा कंपनी में नौकरी भी कर रहा है। महिला ने आरोप लगाया है उनके पति के पास फार्मेसी की डिग्री नहीं है। इसके बाद भी वह फार्मा कंपनी में जॉब कर रहा है। उन्हें पता चला है कि संकल्प तिवारी ने उनकी डिग्री को स्कैन कर अपने नाम पर बना लिया है, जिसके सहारे वह फार्मा कंपनी में एरिया मैनेजर बन गया है।

### बेटे का इलाज कराने मिली अंतरिम जमानत

**बिलासपुर।** जेल में बंद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चीफ इंजीनियर के भाई को अपने बेटे के इलाज के लिए हाईकोर्ट ने एक महीने की अंतरिम जमानत दी है। इंजीनियर कुणाल आनंद ने अपने 13 साल के बेटे के ब्लड कैंसर का इलाज कराने के लिए जमानत अर्जी लगाई थी। जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। ध्यान रहे कि सीबीआई की टीम ने आरोपी रेल अधिकारी विशाल आनंद और उसके भाई को ठेका दिलाने के एवज में 32 लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से वह जेल में बंद है और मामला कोर्ट में चल रहा है। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार आरोपी को एक महीने के बाद ट्रायल कोर्ट के समक्ष सरेंडर करना होगा। दायर याचिका में आरोपी कुणाल आनंद की ओर से कहा गया कि उसके 13 साल के बेटे को ब्लड कैंसर है, जिसका इलाज कराने की जरूरत है।

## शिक्षा सचिव से चर्चा बेनतीजा, युक्तियुक्तकरण से पहले पदोन्नति की मांग

# तीन हजार से अधिक शिक्षकों को रोकने तीन लेयर में बैरिकेड, वार्ता विफल, 31 से हड़ताल

**युक्तियुक्तकरण के विरोध में प्रदेशभर के 23 शिक्षक संगठनों ने पूरे दमखम के साथ बुधवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर जमकर प्रदर्शन किया। हजारों की संख्या में मंत्रालय घेरने धरना स्थल पहुंचे आंदोलकारियों ने पहले धरना स्थल सभा ली। इसके बाद मंत्रालय घेरने निकले। शिक्षकों के प्रदर्शन और मंत्रालय घेरने की मंशा को देखते हुए थ्री लेयर में पुलिस के जवान बैरिकेड लगाकर मौजूद रहे। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी पहला लेयर ब्रेक कर आगे बढ़ गये, पर दूसरा और तीसरा लेयर वे तोड़ नहीं पाए। ब्रिज के पास पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। शिक्षकों ने अपनी मांगों के संबंध वहीं पर जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि युक्तियुक्त करण का फैसला सरकारी स्कूलों को कमजोर करने की कोशिश है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दरअसल, राज्य सरकार ने 10 हजार से अधिक स्कूलों का युक्तियुक्तकरण करने का फैसला लिया है। इससे 43 हजार से ज्यादा शिक्षकों के पद खत्म हो सकते हैं। इसके विरोध में शिक्षक साझा मंच के आव्हान पर प्रदेशभर के हजारों शिक्षक नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर जुटे और जमकर प्रदर्शन किया। मंत्रालय घेरने निकले शिक्षकों को पुलिस ने ब्रिज के पास रास्ते में बैरिकेड लगाकर रोक दिया। प्रदर्शकारियों ने विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को निरस्त कर प्रदेश के 1 लाख से अधिक शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नतत वेतनमान देने, प्रथम सेवा करना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली सहित समस्त लाभ देने, प्रशिक्षितों को प्रमोशन के लिए बीएड की अनिवार्यता में छूट देने तथा अन्य मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने सड़क पर उतरे।

### नारेबाजी के साथ तपती धूप में घंटों प्रदर्शन

तूता के धरना स्थल पर युक्ति युक्त करण के मापदंड व विसंगतियों के विरोध में प्रदेश के दूरदराज से बड़ी संख्या में महिला शिक्षक तपती धूप में प्रदर्शन करने पहुंचीं। सिर पर युक्ति युक्त करण स्लोगन के साथ सफेद टोपी पहनकर घंटों प्रदर्शन किया। वहीं मंच पर शिक्षक संगठनों के प्रांताध्यक्ष व पदाधिकारी अपने साथियों का मनोबल बढ़ाने मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों की संख्या को देखते हुए चाट-गुपचुप ठेले से लेकर आइसक्रीम सहित अन्य खान-पान के स्टॉल, खिलौने की भी दुकानें सजी रहीं।





### 31 मई से होगी क्रमिक हड़ताल

शिक्षा सचिव के बुलावे पर 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंत्रालय में शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी के साथ वार्ता की। सूत्रों के मुताबिक वार्ता विफल रही। शिक्षक साझा मंच ने 31 मई से संभाग स्तरीय क्रमिक हड़ताल करने का निर्णय लिया है। शिक्षा सचिव से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में शिक्षक साझा मंच के प्रदेश संचालक राजनारायण द्विवेदी, संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, जाकेश साहू, कृष्ण कुमार नवरंग, केदार जैन, मनीष मिश्रा, विक्रम राय, विकास राजपूत, चेतन बघेल, शंकर साहू, भूपेंद्र बनाफर शामिल थे। शिक्षक संघ के संजय शर्मा ने कहा, शिक्षा के अधिकार कानून की आड़ में सेटअप 2008 के साथ छेड़छाड़ या खिलवाड़ ना किया जाए।

## यूएन में शिकायत

# पुलिस ने जिस युवती को बांग्लादेशी बताया, मंगेतर ने कहा, वह भारतीय है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मोहन नगर थाना अंतर्गत जयंती नगर उरला से जिस महिला खुशबू बेगम को पुलिस ने बांग्लादेशी बताकर पकड़ा था। उस पर कार्रवाई की, उसके मंगेतर विशाल चौधरी ने दुर्ग पहुंचकर बताया कि वह भारतीय है।



मंगेतर ने दस्तावेज भी प्रस्तुत किए हैं, इसके बाद पुलिस की जांच उलझ गई है। इधर मंगेतर विशाल चौथरी ने अधिवक्ता अशोक



शर्मा के माध्यम से इस पूरे मामले की शिकायत यूएन, पुलिस महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की है। साथ ही सीजेएम कोर्ट में भी याचिका दायर की है। याचिका की सुनवाई तिथि 30 मई तय की गई है। इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस की जांच उलझ गई है। बता दें कि पुलिस ने 22 अप्रैल को मामले में कार्रवाई की थी। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने पहले 5 लोगों को पेश किया। बाद में दो अन्य को अगले दिन पेश किया। इसमें एक का नाम खुशबू बेगम और दूसरे का नाम सयाना नूर बताया गया। दोनों महिलाओं को बांग्लादेशी बताया गया। उनके विरुद्ध विदेशी अधिनियम 1946 के तहत मामला दर्ज किया गया। विशाल चौधरी ने दावा किया है कि खुशबू बेगम भारत की रहने वाली है, वह बांग्लादेशी नहीं है।

### परीक्षण के बाद कार्रवाई

साक्ष्यों और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद कार्रवाई की गई है। शिकायत की गई है, उसका भी परीक्षण कराया जाएगा। शासन के निर्देश पर ही बांग्लादेशी घुसपैठियों की जांच की जा रही है। - **पद्मश्री तंवर, एएसपी दुर्ग**

# चार सौ वर्ष पुराने अस्तित्व को बचाने लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

पोलावरम बांध के निर्माण से कोंटा नगर पूरी तरह से प्रभावित होते देख मंगलवार के शिव मंदिर प्रांगण में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का एक ही उद्देश्य था कि बांध के निर्माण से कोंटा नगर का 400 वर्ष पुरानी अस्तित्व खोने वाला है। जिसको बचाने के लिए केंद्र एवं राज्य शासन से नगर व क्षेत्र के हर परिवारों की समस्याओं को अवगत करवाकर उचित कदम उठाने की मांग रखने की सहमति बनी। जिसके के एक निर्णायक समिति गठित करने को लेकर प्रभावित परिवारों ने बात कही है।

बैठक में के डुबान क्षेत्र के लोग खास तौर पर मौजूद रहे और सभी से राय लेते हुए अपने अपने विचार व्यक्त करने को कहा गया। वरिष्ठ नागरिक, युवा माता-बहनों ने अपनी अपनी राय रखी। जिसमें प्रमुख रूप से दो मुद्दों पर चर्चा हुई, जो कि तटबंध बनाए जाने व विस्थापन की रूप रेखा थी। जिस पर ज्यादातर राय तटबंध बनाए जाने

**पोलावरम को लेकर बैठकों दौर शुरू, समिति गठित कर शासन के समक्ष बात करने की बनी सहमति**



वरिष्ठ नागरिक हरिसिंह एवं वरिष्ठ नागरिक सुबोधन राव पी विजय नायडू उदयराज सिंह जेट्टी रामाराव बी रामराजू सीएच राजशेखर गोपाल नायडू सहित भाजपा कांग्रेस के पदाधिकारी नगर के पार्षद मौजूद थे।

### बांध निर्माण अंतिम पड़ाव पर

देश का सबसे बड़ा पोलावरम परियोजना की नींव 1980 के दशक में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री तंगुतुरी अंजैया ने रखी थी। अब यह परियोजना अंतिम पड़ाव पर है। इस परियोजना से 611 गांवों के 28.5 लाख आबादी को घरेलू जलापूर्ति करने के साथ उद्योगों को 23.44 टीएमसी जलापूर्ति तथा विशाखापट्टनम को पेयजल आपूर्ति करने के साथ 960 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित है, और यह परियोजना ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ के साथ 1.5 टीएमसी पानी ही साझा करेगा। सबरी नदी की ओर इसकी 115 किलोमीटर 71 मील तक बैक वाटर का प्रभाव रहेगा।






## हिन्दू संगठनों ने मचाया बवाल, छावनी में तब्दील हुआ गांव, पुलिस के साथ झूमाझटकी

# हिन्दू रहते बनवाया मंदिर धर्मांतरण के बाद तुड़वाया, गांव में तनाव का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जूट मिल के भाठनपाली गांव में एक युवक द्वारा धर्मांतरण करने के बाद हनुमान जी का मंदिर तुड़वाने से जमकर बवाल हुआ। हिन्दू संगठनों व ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध करते हुए मंदिर के सामने स्थित चर्च को तोड़ने का प्रयास किया गया। बढ़ते तनाव को पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। इस दौरान पुलिस और विरोध करने वालों के बीच भी हाथापाई और झूमाझटकी हुई। जिसे देखते हुए मौके पर अतिरिक्त बल भी बुलाया गया। इस मामले में पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों को अरेस्ट भी किया है। भाठनपाली गांव निवासी निर्मल सारथी हिन्दू धर्म का है। हिन्दू रहने के दौरान उसने अपनी ही जमीन पर हनुमान जी का मंदिर बनवाया



था। हालांकि उसमें प्रतिमा की स्थापना नहीं हुई थी लेकिन बजरंगबली का छायाचित्र रखकर वह और गांव वाले उसकी पूजा.अर्चना करते थे। सालभर पहले बहकावे में आकर निर्मल सारथी ने अपना धर्म बदल कर ईसाई धर्म अपना लिया। हाल में ही जब उसके घर में कोई बीमार पड़ा तो गांव के कुछ लोग जो कि पहले से ही धर्म परिवर्तन कर चुके हैं उनकी बातों में आकर बुधवार की सुबह उसने उक्त हनुमान जी की मंदिर को जेसीबी से तुड़वा दिया। इसे देख गांव के लोगों ने बजरंग दलए विश्व हिन्दू परिषद को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में हिन्दू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे और बवाल शुरू हो गया। स्थानीय हिन्दू ग्रामीणों ने भी संगठन का समर्थन करते हुए हंगामा मचाना शुरू कर दिया। मौके की नजाकत को भांपते हुए एसडीएम प्रवीण तिवारी सीएसपी आकाश शुक्ला जूटमिल चक्रधरनगर व कोतवाली टीआई भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास शुरू हुआ। पुलिस से ज्यादा लोगों की संख्या होने और बात नहीं बनने पर गांव में अतिरिक्त बल भी बुलाया गया जिससे देखते ही देखते पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। इस घटना के बाद से पूरे गांव में तनाव का माहौल है किसी अनहोनी घटना की आशंका से पुलिस भी सुबह से रात तक गांव में डटी रही।

### जिम्मेदार लोगों के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई

सुबह सूचना मिली थी कि भाठनपाली गांव में एक परिवार द्वारा अपने घर के सामने स्थित हनुमान जी की मंदिर को जेसीबी से तुड़वा दिया गया है। जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। इसका विरोध दर्ज कराने के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ता व हिन्दू संगठनों के लोग पहुंचे हुए थे। मौके पर मौजूद पुलिस टीम द्वारा मंदिर तुड़वाने वाले तीन लोगों सहित जेसीबी चालक को हिरासत में लेते हुए वाहन को जप्त किया गया है। जो भी इस घटना के लिए जिम्मेदार है उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

-आकाश शुक्ला
सीएसपी रायगढ़

रायपुर
गुरुवार, 29 मई 2025
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया
वर्ष: 23, अंक: 311
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 35.6
न्यून. 25.1

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# दस बरस में दीमक की तरह खोखला किया बैंक, खा गए 26 करोड़!

## कुसमी और शंकरगढ़ में बड़ी गड़बड़ी आ रही सामने, 11 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

हरिभूमि फॉलोअप

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित की शंकरगढ़ और कुसमी शाखा में 26 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी के मामले में बलरामपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में बैंक के पूर्व संस्था प्रबन्धक, पर्यवेक्षक, लिपिक समेत 11 अधिकारी-कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने तीन फर्जी अकाउंट खोलने के बाद छलपूर्वक किसानों के केसीसी खाता में बैंक की राशि को उक्त खातों में ट्रांसफर करने के बाद आहरित किया। आरोपियों ने वर्ष 2012 से 2022 के बीच इस वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान बैंक में हर साल ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बिना वाउचर व दस्तावेज के आहरण

एसपी श्री बैंकर ने बताया कि कुसमी शाखा में फर्जी अकाउंट मिस्टर अजस समिति जमड़ी शन अकाउंट की जांच की गई तो चौकाने वाली जानकारी सामने आई। अकाउंट का केवाईसी और दस्तावेज अकाउंट ओपनिंग फार्म एवं सिग्नेचर उपलब्ध ही नहीं है। अकाउंट के क्रेडिट एवं डेबिट स्टेटमेंट में बिना किसी वाउचर एवं सहायक दस्तावेज या अधिकार पत्र के 19 करोड़ 24 लाख 13 हजार 880 रूपए क्रेडिट और 19 करोड़ ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जमुना अलंकार के नाम पर ट्रांजैक्शन

एसपी श्री बैंकर ने बताया कि बैंक खातों की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि जमुना अलंकार नामक अकाउंट में एनईएफटी ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 1 करोड़ 82 लाख 2 हजार रूपए ट्रांसफर किया गया है। उक्त ट्रांसफर 52 ट्रांजैक्शन से किए गए और इनमें से 44 ट्रांजैक्शन में वाउचर व ▶▶|शेष पेज 7 पर

### खास बातें

- एसपी बलरामपुर के किया खुलासा
- हर साल होने वाले ऑडिट में भी नहीं सामने आई गड़बड़ी
- अब 26 करोड़ से अधिक के गबन मामले में 11 गिरफ्तार


मिस्टर इंदिरा आवास...इस फर्जी खाते में अंगूठा लगवाकर 7 अफसरों ने हड़प लिए 23 करोड़

### जनपद सीईओ के नाम पर फर्जी खाता


*एसपी श्री बैंकर ने बताया कि प्रकरण में शाखा शंकरगढ़ के मिस्टर सीईओ जनपद पंचायत शंकरगढ़ के नाम से संचालित खाते की जांच की गई तो पता चला कि उक्त खाते में केवाईसी दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। हैरानी की बात तो यह है कि वर्षों से इस खाते में चल रही हेराफेरी की जानकारी जनपद सीईओ को नहीं थी। उनकी जानकारी के* ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ये आरोपी गिरफ्तार

26 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी के मामले में पुलिस ने शंकरगढ़ निवासी पूर्व सहायक मुख्य प्रवेक्षक 56 वर्षीय अशोक कुमार सोनी आ. एएस सोनी, पूर्व संस्था प्रबन्धक एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम सालन निवासी 56 वर्षीय लक्ष्मण प्रसाद देवांगन आ. स्व. भगवती प्रसाद, पूर्व संस्था प्रबंधक बलरामपुर बसंतपुर के ग्राम लोधी निवासी 50 वर्षीय विजय उईके आ. मदीप राम, अंबिकापुर नवागढ़ निवासी पूर्व प्रभारी लिपिक तबारक अली आ. स्व. मुबारक अली, प्रभारी अतिरिक्त प्रबन्धक अंबिकापुर डीसी रोड निवासी 60 वर्षीय राजेन्द्र कुमार पाण्डेय आ. विपिन पाण्डेय, शंकरगढ़ बचवार निवासी 30 वर्षीय समिति सेवक सुदेश यादव आ. मुनेश्वर यादव, अंबिकापुर दरिमा निवासी सहायक मुख्य पर्यवेक्षक 69 वर्षीय एतबल सिंह आ. स्व. रामसेवक सिंह, शंकरगढ़ निवासी कम्प्यूटर ऑपरेटर कुसमी 35 वर्षीय प्रकाश कुमार सिंह आ. विगु सिंह, कुसमी नीलकंठपुर निवासी सहायक लेखापाल 50 वर्षीय जगदीश प्रसाद भगत आ. स्व. अवधेश प्रसाद भगत, बलरामपुर भगवतपुर निवासी सहायक मुख्य पर्यवेक्षक, शाखा प्रबन्धक कुसमी 65 वर्षीय सबल राय आ. स्व. कमला राय व वरिष्ठ पर्यवेक्षक अंबिकापुर गांधीनगर निवासी 70 वर्षीय विकास चन्द्र पाण्डवी आ. स्व कालीपद पाण्डवी को भादवि की धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120 बी, 34 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### चांद दिखा, सात जून को मनाई जाएगी बकरीद



**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत देश के विभिन्न राज्यों में बुधवार शाम ईद-उल-अज़्हा के चांद के दीदार हो गए। सात जून को बकरीद का त्योहार मनाने का मुस्लिम धर्मगुरुओं ने ऐलान किया। चांदनी चौक स्थित फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने बताया कि उनकी मस्जिद से शाम में इस्लामी कैलेंडर के आखिरी महीने 'ज़िल हिज्जा' का चांद साफ तौर पर दिखा।

### पीएम मोदी चार राज्यों का करेंगे दौरा, देंगे सौगात




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार से चार राज्यों की दो दिवसीय यात्रा करेंगे। कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। मोदी 29 और 30 मई को सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। वह गुरुवार को 'सिक्किम ऐट 50: जहां प्रगति उद्देश्य से मिलती है और प्रकृति विकास को बढ़ावा देती है, कार्यक्रम से अपने दौरे की शुरुआत करेंगे।

### केंद्रीय गृहमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बैठक की एक तस्वीर साझा की गई।

### कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में मृत पाई गई बाघिन



**मंडला।** मध्यप्रदेश के कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में एक पहाड़ी पर दो चट्टानों के बीच फंसने से एक बाघिन की मौत हो गई। कान्हा वन परिक्षेत्र के मुंडी दादर बीट में मंगलवार को 8 से 10 साल की उम्र की बाघिन मृत पाई गई। बाघिन दो बड़ी चट्टानों के बीच बुरी तरह फंसी हुई थी। घटनास्थल और आसपास के परिसर की जांच खोजी कुत्तों की मदद से की गई और दिशा-निर्देशों के अनुसार इलाके की घेराबंदी की गई।

### पूर्व सेबी चीफ माधबी पुरी बुच को मिली क्लीन चिट



**नई दिल्ली।** लोकपाल ने पूर्व सेबी चीफ माधबी पुरी बुच को भ्रष्टाचार के आरोपों से क्लीन चिट दे दी है। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्व सेबी प्रमुख पर ये आरोप अपुष्ट और निराधार हैं। लोकपाल ने कहा कि पेश किया गया साक्ष्य और कानूनी सिद्धांतों के आधार पर है, शिकायतें योग्यता से रहित हैं और कोई अपराध या जांच का आधार स्थापित नहीं करती हैं।

## केंद्रीय कैबिनेट ने धान-कपास के साथ 14 फसलों का बढ़ाया एमएसपी

# किसानों को केंद्र की सौगात, धान का समर्थन मूल्य अब 2369 रुपए


*वर्ष 2025-26 के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर जारी रहेगी ब्याज सब्सिडी*

*केंद्र सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 69 रुपए बढ़ाकर 2,369 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। 2025-26 खरीफ विपणन सत्र के लिए दलहन एवं तिलहन की दरों में नौ प्रतिशत तक की वृद्धि की है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में नए खरीफ सत्र के लिए एमएसपी पर कृषि मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से पहले पहुंच गया है, जिससे खरीफ फसलों की बुवाई को बढ़ावा मिला है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए, एमएसपी में 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गई है। खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है। कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

मंत्री ने संवाददाताओं को बताया कि सरकार ने 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित ▶▶|शेष पेज 7 पर



| फसल एमएसपी | 2024-25 (रु/क्विंटल) | 2025-26 (रु/क्विंटल) | वृद्धि (रु) |
|---|---|---|---|
| धान (सामान्य) | 2,300 | 2,369 | 69 |
| धान (ए ग्रेड) | 2,320 | 2,389 | 69 |
| ज्वार (हाईब्रिड) | 3,371 | 3,699 | 328 |
| ज्वार (मालदांडी) | 3,421 | 3,749 | 328 |
| बाजरा | 2,625 | 2,775 | 150 |
| रागी | 4,290 | 4,886 | 596 |
| मक्का | 2,225 | 2,400 | 175 |
| तुअर/अरहर | 7,550 | 8,000 | 450 |
| मूंग | 8,682 | 8,768 | 86 |
| उड़द | 7,400 | 7,800 | 400 |
| मूंगफली | 6,783 | 7,263 | 480 |
| सूरजमुखी | 7,280 | 7,721 | 441 |
| सोयाबीन | 4,892 | 5,328 | 436 |
| तिल | 9,267 | 9,846 | 579 |
| रामतिल | 8,717 | 9,537 | 820 |
| कपास (मिडिल स्टेपल) | 7,121 | 7,710 | 589 |
| कपास (लॉन्ग) | 7,521 | 8,110 | 589 |

**एमएसपी में 23 फसलें**

- 7 प्रकार के अनाज (धान, गेहूं, मक्का, बाजरा, ज्वार, रागी और जौ)
- 5 प्रकार की दालें (चना, अरहर/तुअर, उड़द, मूंग और मसूर)
- 7 तिलहन (रेपसीड-सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, कुसुम, निगरसीड)

### कैबिनेट के अन्य फैसले

#### किसान क्रेडिट कार्ड पर सस्ता कर्ज

सरकार ने बुधवार को संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआईएसएस) को 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी, जिसके तहत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से सस्ती दर पर अल्पकालिक ऋण मिलता है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मौजूदा 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता के साथ वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एमआईएसएस को जारी रखने का निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया।

#### बडवेल नेल्लोर फोर-लेन हाईवे को मंजूरी

यह हाईवे बडवेल-गोपरावम गांव (एनएच-67) से लेकर गुरुविंदापुडी (एनएच-16) तक बनेगा। इसकी कुल लंबाई: 108.134 किलोमीटर होगी। इस फोर लेन बनाने की कुल अनुमानित लागत: 3653.10 करोड़ रुपये आंकी गई है। बडवेल-नेल्लोर कॉरिडोर आंध्र प्रदेश के तीन प्रमुख औद्योगिक कॉरिडोरों से कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। यह कॉरिडोर कृष्णपट्टनम पोर्ट तक की यात्रा दूरी को 142 किमी से घटाकर 108.13 किमी कर देगा।

#### रेलवे की दो परियोजनाओं पर मुहर

*कैबिनेट ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में दो मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में शामिल हैं। इनमें रतलाम-नागदा तीसरी और चौथी लाइन और वर्धा-बल्लारशा चौथी लाइन है। परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 3,399 करोड़ है। इन रेल लाइनों का कार्य 2029-30 तक पूर्ण किया जाएगा। भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 176 किमी की वृद्धि होगी।*



## ओडिशा बॉर्डर पर नक्सलियों ने लूटा 5 हजार किलो विस्फोटक

- 25-25 किलो की 200 पेटियों में भरा हुआ था विस्फोटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर नक्सलियों ने बड़ी वारदात का अंजाम दिया है। मंगलवार को नक्सलियों ने 5 हजार किलो विस्फोटक लूट लिया। यह विस्फोटक 25-25 किलो की 200 पेटियों में भरा हुआ था, जिसे पत्थर खदान ले जाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि करीब 40 से अधिक आरोपी इस लूट की वारदात में शामिल थे। जानकारी के मुताबिक, विस्फोटक झारखंड सीमा से लगे ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के बैंग पत्थर खदान ले जाया जा रहा था। इसी दौरान नक्सलियों ने बलगांव के पास हमला कर ड्राइवर को अगवा कर लिया और वैन समेत बारूद को जंगल की ओर ले गए। कर्मचारियों ▶▶|शेष पेज 7 पर



### किया गया है अलर्ट


घटना छत्तीसगढ़ की नहीं है। घटनास्थल जशपुर से 200 किमी दूर है। ओडिशा पुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि घटना में नक्सलियों का हाथ है। घटना को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है और चेकिंग की जा रही है। सभी थाना क्षेत्रों को अलर्ट कर दिया गया है।
**दीपक झा, आईजी सरगुजा**

### की जा रही निगरानी

छत्तीसगढ़ और ओडिशा की सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। बेरिकेडिंग कर निगरानी की जा रही है। घटना को देखते हुए जिला पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस अलर्ट पर है।
**-शशिमोहन सिंह, एसएसपी**

### केके रेल लाइन के घाट सेक्शन चिमड़ीपल्ली के समीप हुई घटना

# रेल सुरंग के भीतर पटरी से उतरे मालगाड़ी के 37 डिब्बे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दक्षिण-पश्चिम मानसून आंध्रप्रदेश में सक्रिय होने और भारी वर्षा का असर पहले ही दिन किरन्दुल-कोत्तवालसा याने केके रेल लाइन के घाट सेक्शन में असर दिखाया। समूचे देश का सबसे खतरनाक ऊंची ब्राडगेज रेल लाइन में सम्मलित सर्पाकार अन्तगिरी पर्वत श्रृंखला के चिमड़ीपल्ली-टायदा रेलवे स्टेशन के मध्य बुधवार दोपहर 1 बजकर 5 मिनट पर किरन्दुल से लौह अयस्क से लदी मालगाड़ी के 37 डिब्बे रेल सुरंग के भीतर पटरी से उतर कर डिरेलमेंट हो गई। इस घटना से विशाखापटनम रेल प्रबंधन को करोड़ो रूपये का नुकसान होने के संकेत है। कारण दर्जनों डिब्बे कैप्साइज याने पूरी तरह से ▶▶|शेष पेज 7 पर

- दर्जनों वैगन कैप्साइज होने की सम्भवना, रेलवे को करोड़ो का नुकसान होने के संकेत

#### ये ट्रेन होगी रद्द

28 मई को किरंदुल से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 18516 किरंदुल-विशाखापटनम नाइट एक्सप्रेस परिवर्तित रेल लाइन कोरापुट, रायगडा, विजयनगरम होकर विशाखापटनम के लिए रवाना की गई। जबकि 29 मई को विशाखापटनम से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 58501 विशाखापटनम-किरंदुल पैसेंजर रद्द रहेगी। 29 मई को किरंदुल से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 58502 किरंदुल-विशाखापटनम पैसेंजर भी रद्द रहेगी। इसी तरह 28 मई को विशाखापटनम से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 18515 विशाखापत्तनम-किरंदुल एक्सप्रेस ट्रेन विशाखापटनम में रद्द की गई है। उक्त जानकारी विशाखापटनम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### कोचिंग ट्रेनों के संचालन को प्रभावित किया

विशाखापटनम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के संदीप के मुताबिक केके लाइन (वाल्टेयर डिवीजन) के कोरापुट-कोट्टावलसा सेक्शन में टायदा और चिमिडिपल्ली के बीच किरन्दुल से विशाखापटनम जा रही लौह अयस्क से लदी मालगाड़ी किलोमीटर नम्बर 53/34 के पटरी से उतरने के कारण ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। सुरंग में कुछ वैगन पटरी से उतर गए हैं। वाल्टेयर डिविजन और ईस्ट कोस्ट रेलवे के रेलवे अधिकारियों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी, राहत और ▶▶|शेष पेज 7 पर

## युक्तियुक्तकरण...सड़क पर उतरे शिक्षक



**रायपुर।** युक्तियुक्तकरण के खिलाफ शिक्षकों ने नवा रायपुर में प्रदर्शन किया। धरनास्थल से प्रदर्शनकारी शिक्षक मंत्रालय घेरने निकले। उन्हें रास्तें में ही रोक लिया गया। इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेशभर के शिक्षकों के करीब 23 संगठन एक साथ दिखाई दिए।

### महिला ने गीदम थाने में दर्ज करवाई एफआईआर

# अफसर पर दुष्कर्म का केस महिला पर ब्लैकमेल का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

खास खबर

आदिवासी विकास विभाग बीजापुर के सहायक आयुक्त डॉ आनंदजी सिंह के खिलाफ एक महिला ने शादी का प्रलोभन देकर वर्षों तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए गीदम थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। महिला ने वर्ष 2018 से लेकर 2025 तक शारीरिक शोषण करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने, जान से मारने की धमकी देकर 3 बार गर्भपात करवाने जैसे ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### एसीबी के छापे से सुर्खियों में आए

डेढ़ माह पहले अपने ठिकानों पर एन्टी करप्शन ब्यूरो व ईओडब्ल्यू टीम के छापों से सुर्खियों में आए आनंद जी सिंह बस्तर संभाग में ही कई पदों पर रहे हैं। वे पहले जनपद सीईओ थे, फिर दंतेवाड़ा जिले में लंबे समय तक सहायक आयुक्त बने रहे। उसके बाद फिलहाल आदिम जाति कल्याण ▶▶|शेष पेज 7 पर

### वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा विभाग से लेकर मंत्रालय तक हड़कंप

# समर कैंप के बीच स्कूल में छात्र-छात्राओं से कराया जा रहा झाड़ू-पोंछा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बच्चों के रचनात्मक विकास के लिए शिक्षा विभाग द्वारा शुरू किए गए समर कैंप के बीच कोटा ब्लॉक के एक शासकीय स्कूल में छात्र-छात्राओं से झाड़ू पोंछा कराया जा रहा है। मामला सामने आने और वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा विभाग से लेकर मंत्रालय तक हड़कंप है। डीईओ अनिल तिवारी ने कोटा बीईओ और स्कूल के प्रधानपाठक से जवाब मांगा है। स्कूल के प्रधानपाठक राम सिंह आर्मो का इस बारे में कहना है कि हम उस दिन कुछ देर से स्कूल पहुँचे थे। स्वीपर का मकान स्कूल के सामने ही है, लेकिन वह नहीं आया। तब तक बच्चों ने खुद ही झाड़ू उठा ली और स्कूल की सफाई शुरू कर दी। हमने किसी को काम करने के लिए बाध्य ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### मांगा गया है जवाब

बच्चों को अपनी रुचि के आधार पर भागीदारी की छूट है और यह शिविर पूरी तरह ऐच्छिक है। इसमें साफ-सफाई जैसी कोई गतिविधि सम्मिलित नहीं है। इस मामले की जानकारी मिलने के साथ ही कोटा बीईओ और स्कूल के प्रधानपाठक से जवाब मांगा गया है।
**- अनिल तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी**

#### एक भी शिक्षक मौके पर मौजूद नहीं

इस समर कैंप में गिनती के बच्चें ही पहुंचे थे। जिनमें ज्यादातर छात्राएं थीं। छात्राओं को झाड़ू और वाइपर पकड़ा दिया गया और वे कक्षाओं और बरामदों में सफाई करती नजर आईं। वायरल हुए वीडियो में कुछ छात्राएं फर्श पर वाइपर लगाती दिख रही हैं, जबकि कुछ झाडू से बरामदा साफ कर रही हैं। कैमरे में यह स्पष्ट है कि मौके पर कोई शैक्षणिक गतिविधि नहीं चल रही थी। शिक्षक भी मौके पर मौजूद नहीं दिखे। प्रधानपाठक ने जरूर कहा है कि किसी को ऐसा करने के लिए नहीं बोला गया था, इसके बाद भी यह बयान सवालों ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### यह शिविर पूरी तरह ऐच्छिक

बच्चों से इस तरह सफाई करवाना बाल अधिकार आयोग की गाइडलाइनों का उल्लंघन माना जा सकता है। भारत में बच्चों को मानसिक, शारीरिक और शैक्षणिक सुरक्षा देने के स्पष्ट कानून हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी परिस्थिति में स्कूली बच्चों से इस प्रकार की श्रम-संबंधी गतिविधियाँ करवाना न केवल शिक्षा के उद्देश्य के खिलाफ है, बल्कि यह मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी डाल सकता है। गौरतलब है कि लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि समर कैंप में केवल शैक्षणिक, रचनात्मक एवं मानसिक विकास से जुड़ी गतिविधियाँ कराई जाएँ। इसमें बच्चों को अपनी रुचि के आधार पर भागीदारी की छूट है और यह शिविर पूरी तरह ऐच्छिक है।



# एक सेकंड में 193000 लीटर गिरता है झरने का पानी, कांप उठती हैं चट्टानें!

**रेक्जाविक।** दुनियाभर में कई ऐसी चीजें मौजूद हैं, जिनके बारे में जानकर हैरानी होती है। आज हम आपको एक ऐसी ही प्राकृतिक के अद्भुत नजारे के बारे में बताने जा रहे हैं। ये कुछ और नहीं, बल्कि एक झरना है। इस झरने का नाम डेटिफॉस है, जो आइसलैंड में है। आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि इसे दुनिया के सबसे पावरफुल झरनों में से एक माना जाता है। वट्नायोकुल नेशनल पार्क में बसा यह झरना अपनी विशालता के लिए मशहूर है। 100 मीटर चौड़ा और 45 मीटर ऊंचा, यह इतना ताकतवर है कि आसपास की चट्टानें इसके कंपन से थरथराती हैं।

## यूरोप का सबसे ज्यादा पानी वाला झरना



बता दें कि वट्नायोकुल नेशनल पार्क में उत्तर-पूर्वी आइसलैंड में स्थित डेटिफॉस, जोकुल्सा या फ्योलम नदी पर है, जो वट्नायोकुल ग्लेशियर से निकलती है। यह नदी उत्तर-पूर्वी आइसलैंड के बड़े इलाके से पानी इकट्ठा करती है। डेटिफॉस का औसत जल प्रवाह 193 घन मीटर (1 लाख 93 हजार लीटर) प्रति सेकंड है, जो इसे यूरोप का सबसे ज्यादा पानी वाला झरना बनाता है। जब मौसम गर्म होता है या ज्वालामुखी गतिविधियों की वजह से वट्नायोकुल ग्लेशियर पिघलता है, तो इसका प्रवाह और बढ़ जाता है। इसका पानी हमेशा गहरे रंग का होता है, क्योंकि इसमें गाद और मलबा होता है, जो सफेद झाग और छीटों के साथ आकर्षक कंट्रास्ट बनाता है।



### झरने को देखने के लिए दुनियाभर से आते हैं लोग

पूर्वी किनारे पर वट्नायोकुल नेशनल पार्क की ओर से एक सूचना बोर्ड और बेहतरीन नजारे के लिए पक्का रास्ता है। पश्चिमी किनारे पर कोई सुविधा नहीं है और छीटों की वजह से नजारा थोड़ा मुश्किल होता है। दोनों तरफ का इलाका उबड़-खाबड़ है, इसलिए पैदल चलते वक्त सावधानी जरूरी है। आपको बता दें कि डेटिफॉस के आसपास दो और बड़े झरने हैं। सेल्फोस कुछ किलोमीटर दक्षिण में और हफ्रागिल्सफोस कुछ किलोमीटर उत्तर में है।

### प्रोमेथियस फिल्म के शुरुआत में दिखता है ये झरना

2012 की साइंस-फिक्शन फिल्म 'प्रोमेथियस'के शुरुआती सीन में डेटिफॉस की भव्यता दिखाई गई, जिसके बाद कुछ लोग इसे 'प्रोमेथियस वॉटरफॉल' कहने लगे। इसकी ताकत और सुंदरता ने इसे हॉलीवुड में भी मशहूर कर दिया। झरने की गर्जना और चट्टानों का कंपन इसे देखने वालों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बनाते हैं। गर्मियों में जब ग्लेशियर पिघलता है, तो इसका पानी काला हो जाता है, जो इसकी ताकत को और डरावना बनाता है। डेटिफॉस सिर्फ एक झरना नहीं, बल्कि प्रकृति की ताकत का प्रतीक है।

## रोचक खबरें



## ब्रेकअप सह न पाई, 10000 फीट की ऊंचाई से बिना पैराशूट खोले कूद गई महिला

**लंदन।** 32 साल की एक महिला अपने बॉयफ्रेंड से ब्रेकअप का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाई, और फिर उसने ऐसा खौफनाक कदम उठाया, जिसकी शायद ही किसी ने कल्पना की थी। जेड डैमरेल नाम की यह महिला एक अनुभवी स्काईडाइवर थी, उसने ब्रेकअप के ठीक एक दिन बाद 10,000 फीट की ऊंचाई से बिना पैराशूट खोले छलांग लगा दी, जिससे मौके पर ही जेड की मौत हो गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, साउथ वेल्स की रहने वाली डैमरेल छह महीने से 26 वर्षीय बेन गुडफेलो के साथ रिलेशनशिप में थीं, जो खुद भी स्काईडाइवर हैं। साथ में स्काईडाइविंग का जुनून, क्रिसमस से पहले से ही एयरफील्ड के पास किराए पर दी गई एक प्रॉपर्टी में साथ रहना और फिर अचानक सब खत्म। सोचिए उस महिला पर क्या बीती होगी, जो उसने इतना बड़ा कदम उठा लिया। दोस्तों का कहना था कि बेन और डैमरेल दोनों एक-दूजे के लिए ही बने थे। दोनों हमेशा साथ ही रहते थे और एक रात सब कुछ बदल गया। बेन ने ब्रेकअप कर लिया और अगले ही दिन डैमरेल का इस तरह से चले जाना बहुत ही दुखद है।

## पैंट उतारो, फिर मिलेगी पीरियड की छुट्टी, सुनकर सदमे में आई छात्रा!

**बीजिंग।** हम किसी भी जगह पर काम करते हैं या पढ़ाई करते हैं, तो वहां गैर ज़रूरी छुट्टी से बचने के लिए कहा जाता है। हालांकि कई बार ऐसा भी होता है कि कुछ ऐसी पर्सनल समस्या होती है, जिसके लिए ज्यादा जांच-पड़ताल नहीं की जाती है। महिलाओं के लिए ऐसी ही समस्या है – पीरियड। अगर किसी को ये दिक्कत है, तो उन्हें छुट्टी तुरंत दे दी जाती है। हालांकि, पड़ोसी देश चीन की एक यूनिवर्सिटी में कुछ अजीब ही हुआ। चीन में में पढ़ने वाली छात्रा तब सदमे में आ गई, जब उसने पीरियड की वजह से छुट्टी मांगी। सामने मौजूद स्टाफ ने उससे कहा कि वो अपनी पैंट उतारकर यह साबित करे कि वास्तव में उसे पीरियड हो रहे हैं, तब ही छुट्टी मिलेगी।यह मामला चीन की अलग-अलग सोशल मीडिया साइट्स पर वायरल हो चुका है और लोग इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। 15 मई को बीजिंग टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी से जुड़े गेंगडान इंस्टीट्यूट की एक छात्रा ने अपना वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। उसने बताया कि जब वह बीमारी की छुट्टी के लिए कैंपस क्लीनिक गई, तो स्टाफ ने उससे यह अजीब रिक्वेस्ट की। एक रिपोर्ट के मुताबिक घबराई छात्रा ने उनसे पूछा – क्या हर महिला को अपनी पैंट उतारकर दिखानी पड़ती है छुट्टी के लिए? इस पर एक महिला स्टाफ ने सीधे तौर पर जवाब दिया कि ये नियम है। ये मेरा निजी फैसला नहीं, बल्कि नियम है।



## दिमाग के ऑपरेशन के समय मर चुका था शरीर फिर भी महिला ने देखा-सुना पूरा नजारा!

**लंदन।** क्या आप किसी ऐसे शख्स को जानते हैं जिसे ऐसा अनुभव हुआ हो कि उसे लगा हो कि उसकी मौत हो चुकी है और वह फिर से जिंदा हो गया हो? दुनिया में ऐसे कई लोग हैं जिन्हें इस तरह के अनुभव हुए हैं। उनका दावा रहा है कि उन्होंने मौत के बाद की प्रक्रिया को देखा है और वे जानते हैं कि मरने के बाद इंसान के साथ क्या होता है। पाम रेनॉल्ड्स की कहानी भी कुछ इसी तरह से हैरान करने वाली है। एक सर्जरी के दौरान वे मर चुकी थीं और उनकी आत्मा ने डॉक्टरों को उनके शरीर का ऑपरेशन करते हुए देखा। हैरानी की बात ये है कि वे इसके बाद भी बच गईं और उन्हें यह अनुभव पूरी तरह से याद है। पॉडकास्टर क्रिस्टीना रैंडल ने पाम के मामले का अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि पाम को चक्कर, बोलने में दिक्कत और पक्षाघात के लक्षण थे। स्कैन में उनके मस्तिष्क के पास एक बड़ा एन्यूरिज्म दिखा। यह उनके ब्रेन स्टेम के करीब था। सर्जरी के लिए फीनिक्स, एरिजोना के बैरो न्यूरोलॉजिकल इंस्टीट्यूट में ले जाया गया। वहां न्यूरोसर्जन ने स्टैंडस्टिल ऑपरेशन करने का फैसला किया। इस सर्जरी में पाम का शरीर ठंडा किया गया। उनकी बॉडी का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक लाया गया। उनकी सांस और दिल की धड़कन रोक दी गई। उनके सिर से खून निकाला गया। यह सब एन्यूरिज्म तक पहुंचने के लिए था। सर्जरी के दौरान पाम ने बताया कि वह सामान्य से ज्यादा जागरूक थीं। उनकी दृष्टि बहुत साफ थी। उनकी संवेदनाएं बढ़ गई थीं। उन्हें लगा जैसे उनके पास पांच से ज्यादा इंद्रियां थीं।



# 38 प्लेन, 300 कार और 52 सोने की नाव! राजा के पास है इतनी दौलत, करोड़पति भी लगेंगे भिखारी!

**बैंकाक।** आपने दुनिया के बड़े-बड़े अमीर लोगों के बारे में सुना होगा। उनकी संपत्ति के बारे में भी जानते होंगे। पर दुनिया में एक ऐसा राजा है, जिसके पास इतनी संपत्ति है कि उसके आगे करोड़पति लोग भी भिखारी लगने लगेंगे। क्योंकि, इस राजा के पास 38 प्लेन हैं, 300 कारें हैं और 52 सोने की नाव हैं। थाईलैंड के राजा महा वजिरालोन्गकोर्न, जिन्हें राजा राम 10 के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया के प्रमुख अरबपतियों में से एक हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी अनुमानित संपत्ति 3.7 लाख करोड़ रुपए (लगभग यूएसडी 43 बिलियन) से अधिक है, जिससे उन्हें वैश्विक रूप से सबसे अमीर राजा का खिताब मिला है। कॉर्पोरेट टायकूनों के विपरीत, उनकी संपत्ति सदी पुरानी राजशाही संपत्ति, रियल एस्टेट और थाई बिजनेस में निवेश से आती है। राजा वजिरलोन्गकोर्न की असाधारण संपत्ति केवल व्यक्तिगत समृद्धि को ही नहीं दर्शाती, बल्कि थाईलैंड की राजशाही संस्था की स्थायी वित्तीय शक्ति को भी दर्शाती है।

### कारों का है जखीरा

भूमि के अलावा, उनके लग्जरी सामानों का संग्रह हैरान करने वाला है। कहा जाता है कि उनके पास 300 से अधिक हाई-एंड कारें हैं, क्लासिक रोल्स-रॉयस से लेकर समकालीन सुपरकार्स तक. उनके निजी विमानन बेड़े में 38 विमान और हेलीकॉप्टर शामिल हैं, जिनमें से कई विशेष रूप से राजशाही उपयोग के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। थाई राजशाही प्रोटोकॉल के अनुसार, उनके पास 52 स्वर्ण नौकाओं का एक बेड़ा भी है। 1952 में राजा भूमिबल और रानी सिरीकिट के एकमात्र पुत्र के रूप में जन्मे वजिरलोन्गकोर्न, उन्हें बचपन से ही सिंहासन संभालने के लिए तैयार किया गया था। उन्हें विदेश में उच्च स्तरीय सैन्य प्रशिक्षण दिया गया, जहां उन्होंने यूनाइटेड किंगडम में अध्ययन किया और फिर ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय से सैन्य अध्ययन में स्नातक की डिग्री हासिल की। उन्होंने पायलट प्रशिक्षण भी प्राप्त किया और रॉयल थाई आर्मी के साथ सेवा की, जहां उन्होंने 1970 के दशक के राजनीतिक रूप से चार्ज किए गए काउंटर-इंसर्जेंसी अभियानों में कार्रवाई देखी।



### 2016 में संपत्ति को संभाला

स्वयं निर्मित अरबपतियों के विपरीत, जिनकी संपत्ति बिजनेस या तकनीक का परिणाम है, राजा वजिरलोन्गकोर्न की संपत्ति सदियों पुरानी राजशाही परंपरा से बनी है। 2016 में अपने पिता, प्रिय राजा भूमिबल अदुल्यादेज के निधन के बाद, वजिरलोन्गकोर्न ने क्राउन प्रॉपर्टी ब्यूरो (सीपीबी) द्वारा नियंत्रित विशाल संपत्ति को संभाला, एक संस्था जो राजशाही रियल एस्टेट और व्यापारिक हिस्सेदारी के बड़े क्षेत्रों को नियंत्रित करती है। हालांकि, एक बार इसे राज्य संपत्ति माना जाता था। राजा रामा 10 ने 2018 में इस व्यवस्था को बदल दिया, जिससे सीपीबी की प्रत्यक्ष प्राधिकारी उनके अपने हाथों में आ गई-इससे उनकी वित्तीय पकड़ और मजबूत हो गई।




### बैंकॉक में 17 हजार से ज्यादा संपत्तियां

थाईलैंड के सबसे लाभकारी व्यवसायों में, जैसे बड़े बैंकों, दूरसंचार कंपनियों, और रियल एस्टेट में, वर्षों के रणनीतिक निवेश ने उनकी संपत्ति में भारी योगदान दिया है। पश्चिमी राजाओं के विपरीत, जो कड़े वित्तीय नियंत्रण के अधीन हैं, वजिरलोन्गकोर्न का पोर्टफोलियो ज्यादातर जनता की नजर से छिपा हुआ है, जो उनकी संपत्तियों को और अधिक स्वतंत्रता प्रदान करता है। उनके पास बैंकॉक में अकेले 17,000 से अधिक संपत्तियां हैं और वे शहर के सबसे बड़े भू-स्वामियों में से एक हैं। उनकी संपत्ति पोर्टफोलियो में वाणिज्यिक संरचनाएं, उच्च-स्तरीय होटल और प्राचीन महल शामिल हैं- जिनमें से अधिकांश अच्छी किराए की आय उत्पन्न करते हैं।

# 100 फीसदी असली हैं 'एलियन की ममी' तड़पा-तड़पाकर उतारा था मौत के घाट!

**लीमा।** कुछ वक्त पहले आपने पेरू की ममी के बारे में खबर तो सुनी होगी। हाल ही में उससे जुड़े कुछ चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। लीमा का नाज़्का रेगिस्तान अपने रहस्यमय भू-चिह्नों के लिए प्रसिद्ध है। अब ये रेगिस्तान एक आधुनिक रहस्य का केंद्र बन गया है। जो दुनिया के सबसे प्रसिद्ध रहस्यों में से एक है। 2017 से कुछ छोटे और अजीब ममी जैसे शरीर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। इनमें लंबी खोपड़ियां और तीन अंगुलियां हैं और इनका रूप भी काफी अजीब है। शुरुआत में कई लोगों ने इसे झूठ और नकली माना, मगर ये तथाकथित 'एलियन' ममीज 2023 में फिर से लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गईं। उस वक्त इन्हें मैक्सिको की पहली यूएफओ से जुड़ी सुनवाई के दौरान पेश किया गया था। पत्रकार और यूएफओलॉजिस्ट जयमे मौसान द्वारा इन्हें खोजा गया था। इन ममीज को मूल रूप से अलौकिक रिमेन्स माना गया था। डीएनए की जब जांच हुई तो कुछ को इंसान माना गया, जबकि कुछ को रहस्यमयी प्रजाति माना गया।



### शरीर में मिले हिंसा और दर्दनाक मौत के निशान

मारिया, जिसे 35 से 45 वर्ष की उम्र की महिला माना जाता है, में ट्रॉमा के स्पष्ट संकेत दिखे। ज़ाल्से की जांच से पता चला कि 'उसके निचले पेल्विस पर गहरा कट और काटने के निशान थे, साथ ही उसकी पूंछ की हड्डी से लेकर उसकी हिप तक कई छोटे-छोटे छेद थे।' उस क्षेत्र की त्वचा और वसा को हटा दिया गया था, और उसकी दो पूंछ की हड्डी की वर्टिब्रे टूटी हुई थीं। एक टेढ़े-मेढ़े घास से पता चलता है कि वह शायद खतरनाक ढंग से गिरी थी। ज़ाल्से ने बताया कि यह सबूत 'हिंसक और दर्दनाक' मौत की ओर इशारा करते हैं। मोंटसेरात के मामले में, एक सीटी स्केन ने पांचवें और छठे पसलियों के बीच एक छाती का घाव, और कंधे की हड्डी और पसलियों में फ्रैक्चर खोजा है।

### 100 फीसदी असली शरीर होने का है संकेत

एंटोनियो के शरीर की जांच करने वाले पेरू के मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. डेविड रुइज़ वेला द्वारा शोध में बताया गया कि उसके शरीर में एक घातक चाकू की चोट मिली है। 'चोट गंभीर थी'। डॉ. वेला ने रिपोर्ट में बताया. उसमें टूटी हुई पसलियां और नुकसान पहुंचाए हुए अंदरूनी अंग शामिल थे। ये और भी स्पष्ट और अपरिवर्तनीय सबूत हैं कि ये शरीर 100 फीसदी असली हैं जो एक बार जीवित थे। ज़ाल्से ने कहा. चाहे ये मानव, हाइब्रिड, या कुछ और हों, ये रहस्यमय अवशेष अब एक और हैरान करने वाली कहानी बताते हैं, जो न केवल उनकी उत्पत्ति की, बल्कि शायद उनकी हिंसक मौत की भी कहानी है।


## 400 फीट लंबा दुनिया का सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप टेस्ट में फेल



**वॉशिंगटन।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स चांद-मंगल जैसे दूसरे ग्रहों पर इंसानों को बसाने की कल्पना पर काम कर रही है। इसके लिए बाकायदा स्पेसएक्स ने कई प्रयास भी किए लेकिन, हर बार कुछ न कुछ असफलता हाथ लगती। इस बार भी मस्क का यह सपना अधूरा रह गया जब स्पेसएक्स का मेगा रॉकेट स्टारशिप लॉन्च उड़ने के 30 मिनट बाद ही अपना नियंत्रण खो बैठा। इसके साथ ही एलन का सपना 'चंदा मामा दूर नहीं' का रह गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का स्टारशिप रॉकेट, जिसे ब कहा जाता है, अपने नौवें टेस्ट में फिर असफल हो गया। टेक्सास के स्टारबेस से मंगलवार शाम 7:36 बजे (स्थानीय समय) बिना क्रू के लॉन्च हुआ यह रॉकेट 30 मिनट बाद अनियंत्रित होकर अंतरिक्ष में घूमने लगा। रॉयटर्स के मुताबिक, ऑनबोर्ड ईंधन रिसाव की वजह से रॉकेट का नियंत्रण खो गया और यह तय समय से पहले पृथ्वी के वायुमंडल में लौट आया। स्पेसएक्स ने इसे 'रैपिड अनशेड्यूल्ड डिसअसेंबली' यानी तेजी से टूटना बताया, जो असल में विस्फोट का दूसरा नाम है। स्पेसएक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'ऐसे टेस्ट में सफलता सीखने से मिलती है। आज का टेस्ट हमें स्टारशिप को बेहतर बनाने में मदद करेगा, ताकि हम मंगल पर मानव जीवन बसाने के लक्ष्य को हासिल कर सकें।' लेकिन, बार-बार की असफलताओं ने मस्क के मंगल उपनिवेशीकरण के सपने पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# शौक हो तो ऐसी...लग्जरी कार को तीन मंजिला छत के ऊपर कराया फिक्स

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो में इन दिनों सोशल मीडिया पर लोगों के बीच एक कार चर्चा का विषय बन गई है। बता दें कि बोकारो जिले के चीरा चास के एक तीन मंजिला मकान के छत पर खड़ी लाल रंग की होंडा सिटी कार ने सबको हैरान कर दिया है।



### कार की है जबरदस्त दीवानगी

इस अनोखे कदम के पीछे घर के मालिक संजय शर्मा हैं, जिन्हें कार के प्रति दीवानगी बचपन से है। संजय शर्मा ने बताया कि यह आइडिया उन्हें पंजाब यात्रा के दौरान आया था। जब उन्होंने लोगों के मकानों की छत पर जीप और दूसरी गाड़ियों के मॉडल सजे हुए देखे थे। उन्होंने सोचा कि क्यों ना बोकारो में भी कुछ अलग किया जाए। उन्होंने अपनी पुरानी कार होंडा सिटी को छत पर फिक्स करवा दिया, ताकि डेकोरेशन के साथ दूसरे लोग भी संरक्षित हों और आसपास चीरा चास के लोग उनके घर को लैंडमार्क की तौर पर पहचानें।

### छत पर फिक्स करवाया होंडा सिटी कार

संजय शर्मा बताते हैं कि इस कार को छत पर सेट अप करने में करीबन दो महीने का समय लगा और इसके लिए उन्होंने एक्सपर्ट कारीगरों की मदद ली, जिन्होंने पहले कार को अलग-अलग हिस्सों में काटा। फिर उसे सावधानीपूर्वक छत पर फिक्स करवाया। इसे छत पर लगाने में उन्हें लगभग 20,000 रुपए खर्च करना पड़ा।

### ऑनलाइन डिलवरी वालों को हुआ फायदा

वहीं, परिवार की प्रतिक्रिया को लेकर संजय ने बताया कि शुरुआत में उनकी पत्नी ने फिजूलखर्ची मानकर उनसे नाराज रहती थी, लेकिन बाद में कार छत पर सज जाने के बाद उन्होंने भी अपना खूब समर्थन दिया है। वहीं, पड़ोसी की प्रतिक्रिया को लेकर उन्होंने कहा कि अब आसपास के लोग भी छत वाली कार बोलकर ऑनलाइन डिलवरी का सामान मंगवाते हैं। और उनके लिए भी सुविधाजनक लैंडमार्क बन गया है। वहीं, संजय शर्मा ने आगे भविष्य को लेकर कहा कि उनका लक्ष्य कार में लाइट लगवाना है। ताकि रात में यह खूबसूरत तरीके से चमके और लोगों को आकर्षित करे।




# 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान बनाएगा भारत, चुनिंदा देशों में होगा शामिल, बढ़ेगी सैन्य ताकत, आसमान में साबित होगा गेम चेंजर

## एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) कार्यक्रम को मंजूरी



भारत के पहले पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान- एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को विकसित करने के कार्यक्रम को मंजूरी मिल गई है। इससे पहले पिछले साल सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने पांचवीं पीढ़ी के मल्टीरोल फाइटर जेट विकसित करने के लिए 15 हजार करोड़ रुपए के कार्यक्रम को मंजूरी दी थी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पहले पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान- एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को विकसित करने के कार्यक्रम को मंजूरी मिल गई है। इससे पहले पिछले साल सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने पांचवीं पीढ़ी के मल्टीरोल फाइटर जेट विकसित करने के लिए 15 हजार करोड़ रुपए के कार्यक्रम को मंजूरी दी थी। पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान बनते ही हम उन चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएंगे, जिनके पास वायुसेना में दुनिया की सबसे आधुनिक तकनीक के फाइटर जेट मौजूद हैं। ये विमान 21वीं सदी में सबसे आधुनिक फाइटर जेट्स हैं। ये अपने कमांड, नियंत्रण और संचार क्षमताओं की वजह से उन्नत हैं, जिनमें सभी कंट्रोल्स पायलट के इशारों पर मौजूद होते हैं।



### तैनाती की समयसीमा

**प्रोटोटाइप रोलआउट:** 2028 और 2029 के बीच
**सीरीज उत्पादन:** 2032-33 तक शुरू होने की संभावना
**भारतीय सेना को सौंपना:** 2034 के लिए लक्षित

### पांचवी पीढ़ी के विमान की विशेषताएं

**स्टेल्थ-** तेज गति और रडार की पकड़ में न आने की क्षमता
**एयरफ्रेम-** कलाबाजी खाने में सक्षम और मजबूत ढांचा
**सुपरक्रूज-** आवाज की गति से लंबे समय तक उड़ने की क्षमता
एवियॉनिक्स- उन्नत और बेहतरीन इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम

### एडीए को सौंपी गई है जिम्मेदारी

डीआरडीओ की एयरोनॉटिक्स डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) भारत के पहले पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट को दुनिया के अन्य इसी वर्ग के एयरक्राफ्ट्स से बेहतर बनाने की कोशिश में है। स्वदेशी इंजन का निर्माण डीआरडीओ करेगा। सहयोग के लिए भारत फिलहाल फ्रांस की साफरान एसए से बातचीत कर रहा है। यह कंपनी दुनिया में एयरक्राफ्ट इंजन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। अपने इस कदम के जरिए भारत आने वाले समय में खुद से ही लड़ाकू विमानों के इंजन बना सकेगा।

### भारत के विमान में होगी ये खासियत

- एक सीट और दो इंजन वाला विमान
- सभी मौसमों में उड़ान भरने में सक्षम
- अधिकतम वजन करीब 25 टन होगा
- 55,000 फीट ऊंचाई तक उड़ान भरेगा
- कुल ईंधन क्षमता 6500 किलोग्राम की
- इंटरनल वेपन-बे की क्षमता 1500 किलो
- बाहरी पेलोड की क्षमता 5500 किलो

## खबर संक्षेप

### 'मोदीजी भारत से आए मुहाजिरों को बचाइए'



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में जारी तनाव के बीच पाकिस्तान के निर्वासित नेता और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट के फाउंडर अल्ताफ हुसैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद की गुहार लगाई है। हुसैन ने पीएम मोदी से अनुरोध किया है कि वह बंटवारे के बाद भारत से आकर पाकिस्तान में बसे उर्दू बोलने वाले शरणार्थियों यानी मुजाहिरों के उत्पीड़न का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय मचों पर उठाएं।

### परेड में भाग न लेने पर पुलिस कर्मी पर होगा एक्शन

**लखनऊ।** पुलिस अधिकारी व कर्मी बड़ी संख्या में परेड में शामिल नहीं हो रहे हैं। इससे उनका स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नियमित परेड से गायब होने वाले अधिकारियों व कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी है। कहा है कि परेड के दौरान बायोमेट्रिक उपस्थिति भी सुनिश्चित कराई जाए।

### तेजस्वी के बेटे का लालू ने रखा नाम



**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने पोते और बिहार के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बेटे का नामकरण कर दिया है। लालू यादव ने अपने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मैंने और राबड़ी देवी ने कात्यायनी के छोटे भाई का नाम इराज रखा है। उन्होंने आगे बताया कि तेजस्वी और राजश्री ने अपने बेटे का पूरा नाम 'इराज लालू यादव' रखा है।

# 'पाकिस्तान उस जमीन को पाना चाहता है, जो उसकी है ही नहीं'

## थरूर ने पनामा में खोली पाकिस्तान की पोल

### भारतीय प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर में कर रहा दौरा

एजेंसी ▶▶| पनामा सिटी

भारत की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक रुख को मजबूती से रखते हुए कांग्रेस सांसद और वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने पाकिस्तान को सख्त संदेश दिया है। पनामा की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे थरूर ने कहा कि भारत हमेशा से शांति का पक्षधर रहा है, लेकिन पाकिस्तान बार-बार आतंकवाद को समर्थन देकर इस भावना को कमजोर करता रहा है। थरूर ने यह स्पष्ट किया कि भारत किसी भी सूरत में युद्ध नहीं चाहता, लेकिन यदि देश की सुरक्षा और नागरिकों की जान खतरे में हो, तो आतंकवादियों को सजा देना भारत की ज़िम्मेदारी बन जाती है। उन्होंने कहा, 'हम शांति से अकेले रहना चाहते हैं, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता। वह बार-बार हम पर हमले करता है, क्योंकि वह उस जमीन को पाना चाहता है, जो उसकी है ही नहीं। वह जमीन हमारी है। हम किसी भी हाल में इसे नहीं छोड़ेंगे। चाहे इसके लिए हमें कितनी भी भारी कीमत क्यों न चुकानी पड़े।'

### पहलगाम अटैक के बाद भारत ने चलाया था ऑपरेशन सिंदूर




### वैश्विक कूटनीति में एकजुटता का संदेश

थरूर की अगुवाई में भारत से एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पनामा दौरे पर पहुंचा, जिसमें सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं। इस प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य है — वैश्विक मंचों पर भारत के आतंकवाद विरोधी रुख को स्पष्ट करना और साझी रणनीतियों पर चर्चा करना। पनामा की नेशनल असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने भारत के प्रयासों का समर्थन करते हुए कहा, 'हम शांति के पक्ष में खड़े हैं और भारत की आतंक के खिलाफ लड़ाई में पूरी तरह साथ हैं।' यह सहयोग भारत की वैश्विक छवि को और अधिक मजबूत करता है।

### ऑपरेशन सिंदूर और स्पष्ट चेतावनी

थरूर ने अपनी बात में यह भी जोड़ा कि भारत ने हाल ही में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ठिकानों पर एक सफल कार्रवाई की। थरूर ने यह स्पष्ट किया कि भारत किसी भी आतंकी हमले को अब 'मूक रूप से सहन' नहीं करेगा। इससे पहले, थरूर और उनकी टीम गुयाना का दौरा कर चुकी है, जहां उन्होंने गुयाना के स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लिया और वहां के नेताओं से भी आतंकवाद पर चर्चा की।

### अकबरुद्दीन ने साउथ अफ्रीका में पाक को धोया



पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट रिश्तों को और नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तान में भारतीय टीम लंबे समय से नहीं गई है। भारत सरकार ने साफ तौर पर कहा है कि जब तक आतंकवाद पूरी तरह खत्म नहीं होगा, भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तान की धरती पर कदम नहीं रखेंगे। इसको लेकर पूर्व राजनयिक सैयद अकबरुद्दीन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि एक समय भारत ने रंगभेदी नीति के कारण दक्षिण अफ्रीका के साथ क्रिकेट खेलने से मना कर दिया था। लेकिन आज, हम एक और देश के साथ क्रिकेट नहीं खेल रहे, और इसकी वजह सिर्फ एक आतंकवादी हमला नहीं है। पूर्व राजनयिक ने कहा कि इस्लामाबाद द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का असर सिर्फ सुरक्षा तक सीमित नहीं है, यह भारत की आर्थिक गति को धीमा करने का भी एक प्रयास है।

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर फ्रॉड, तीन भारतीय ईरान में किडनैप




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- वीडियो कॉल कर परिवार से मांगी फिरौती

पंजाब के तीन युवकों का ईरान में किडनैप कर लिया गया और फिरौती में करोड़ों रुपये की मांग की जा रही है। तीनों युवक संगरूर, एसबीएस नगर और होशियारपुर जिलों के रहने वाले हैं। इनमें से एक युवक, हुस्नप्रीत सिंह, धुरी के वार्ड नंबर 21 का रहने वाला है। युवकों को दिल्ली से वर्क परमिट पर ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर ईरान भेजा गया था। परिजनों के अनुसार 1 मई से युवकों का परिवार से कोई संपर्क नहीं है। अब तक 11 दिन बीत चुके हैं। युवक वीडियो कॉल में रस्सियों से बंधे हुए दिखाई दे रहे हैं। शरीर पर कट के निशान हैं और गले पर चाकू रखा हुआ दिखाया जाता है। कभी 55 लाख, तो कभी एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी जा रही है। विदेश भेजने वाला एजेंट फरार है। युवक हुस्नप्रीत की मां बलविंदर कौर ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि बेटे को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर धोखा दिया गया। पड़ोसी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पटवारी द्वारा लेटर मिलने पर किडनैप की जानकारी मिली।

### भारतीय दूतावास ने की ईरान सरकार से चर्चा

भारतीय दूतावास ने ईरान की सरकार से तीनों भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें जल्द से जल्द खोजने की मांग की है। मामला गंभीर है और भारतीय सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# मंत्री शाह मामले की अब हाई कोर्ट में नहीं होगी सुनवाई

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को जांच के लिए दिया वक्त

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में चल रही कार्यवाही को बंद करने का आदेश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि वह अब मामले की सीधे निगरानी कर रहा है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार की तरफ से बनाई गई एसआईटी से स्टेटस रिपोर्ट मांगी। कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि एसआईटी ने कथित तौर पर कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामानों को जब्त कर लिया है और अपनी जांच शुरू कर दी है। साथ ही गवाहों के कुछ बयान भी लिए हैं। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के दखल के बावजूद मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में भी कार्यवाही चल रही है।

### सोशल मीडिया में वायरल हुआ था वीडियो

यह पूरा विवाद उस वक्त शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया। इसमें कथित तौर पर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री शाह कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करते हुए नजर आए। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया और कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा इसे अपमानजनक और गटर की भाषा बताया था। इतना ही नहीं कोर्ट ने पुलिस को शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे।

## स्केटिंग तिरंगा यात्रा...



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में बुधवारको भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करने के लिए स्केटिंग तिरंगा यात्रा में भाग लेते हुए बच्चे।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की तैयारी

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** केंद्र सरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद के आगामी मॉनसून सत्र में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। यह कदम उनके दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर 14 मार्च को आग लगने की घटना के बाद भारी मात्रा में जली हुई नकदी बरामद होने के बाद उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया। घर के चारदीवारी के अंदर वे नकदी के स्रोत के बारे में ठोस स्पष्टीकरण नहीं दे सके। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने जस्टिस वर्मा को इस्तीफा देकर सम्मानजनक तरीके से पद हटने का रास्ता सुझाया था लेकिन जस्टिस वर्मा ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था।

## टाइटल जीतने के सालभर बाद वापस लिया गया क्राउन

# रेचल से छीना गया मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 का ताज!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जालंधर की रेचल गुप्ता ने मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया था। लेकिन अब इस टाइटल को जीतने के लगभग सालभर बाद उनसे क्राउन वापस ले लिया गया है। इस बात का ऐलान ब्यूटी पेजेंट की तरफ से किया गया है। हालांकि रेचल गुप्ता का दावा है कि ये फैसला उन्होंने खुद बेहद भारी मन से लिया है। रेचल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है, इसमें उन्होंने ब्यूटी पेजेंट के टॉक्सिक माहौल को क्राउन वापस करने का कारण बताया।

### रेचल की पोस्ट

रेचल गुप्ता ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'दुनियाभर में मेरे सभी सपोर्टर के लिए, अगर इस खबर से आपको निराशा हुई है, तो मुझे सही में खेद है। मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद। कृपया समझिए कि ये फैसला लेना आसान नहीं था, लेकिन मेरे लिए ये सबसे सही निर्णय था। सच बहुत जल्द सबके सामने आ जाएगा। ये खबर आपके साथ शेयर करते हुए मुझे बेहद अफसोस हो रहा है कि मैंने मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 के पद से इस्तीफा देने और अपना ताज लौटाने का फैसला किया है।' लेकिन ताज पहनने के बाद के महीनों में मेरा अनुभव टूटी हुई उम्मीदों, गलत व्यवहार और एक जहरीले माहौल से भरा रहा, जिसे अब मैं चुपचाप सहन नहीं कर सकती। ये फैसला मैंने हल्के में नहीं लिया है। आने वाले दिनों में, मैं एक पूरा वीडियो शेयर करूंगी, जिसमें इस मुश्किल यात्रा के पीछे की सारी बातें बताऊंगी।

- ब्यूटी पेजेंट की तरफ से किया गया ऐलान
- इधर, रेचल कर रहीं खुद क्राउन छोड़ने का दावा



### ब्यूटी पेजेंट की तरफ से हुआ बड़ा दावा

रेचल गुप्ता ने अपनी तरफ की कहानी तो बयां कर दी, लेकिन ऑर्गनाइजेशन का कहना कुछ और ही है। ब्यूटी पेजेंट का कहना है कि उन्होंने खुद रेचल को इस पद से हटाया है। वो अब इस टाइटल के इस्तेमाल की हकदार नहीं हैं। एक ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर मिस ग्रैंड इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन ने क्लियर किया कि वो अभी इसी वक्त से मिस रेचल गुप्ता टर्मिनेट कर रहे हैं। ये निर्णय उनके सौंपे गए कर्तव्यों को पूरा न कर पाने, संगठन की पूर्व अनुमति के बिना बाहरी परियोजनाओं में शामिल होने, और तय की गई **Guatemala** की जर्नी में भाग लेने से इनकार करने के कारण लिया गया है। इसलिए संगठन ने ये निर्णय लिया है कि उनके टाइटल को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. eT-Bridges-WAT-09-2025, दिनांक : 23.05.2025

**कार्य का नाम :** सहायक मण्डल अभियन्ता / ब्रिज / वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीमित ऊंचाई वाले उपमार्ग / उपमार्ग के निर्माण के दौरान बॉक्स क्रिब सपोर्ट सहित 50 KMPH गति के लिए उपयुक्त मानक RDSO R.H. प्लेट गर्डर (14.4M - 5 सेट, 20.4M - 5 सेट, 26.8M - 5 सेट) का निर्माण एवं आपूर्ति।

**कार्य की आकलित लागत (रुपये में) :** ₹ 14,70,35,301.02, EMD (रुपये में) : ₹ 8,85,200/-

पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 18.06.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 10 दिन पहले वेबसाइट का अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता (ब्रिज), वाल्टियर

PR-174/Q/25-26

**ITM University®**

ITM UNIVERSITY

A UGC Recognized Private University u/s 2(f) of UGC Act 1956, established by C.G. Pvt. University (Establishment & Operation) Act 2005, Amendment Act of 2011, Member - Association of Indian Universities & Accredited by NAAC.

**ITM University Raipur invites applications from distinguished Academicians, Researchers & Industry Personnel for teaching & administrative positions.**

**ACADEMIC POSITIONS**
Professor, Associate Professor, Assistant Professor

Full Time/Adjunct/Visiting Faculty required in the area of Computer Science Engineering, Management, Commerce, Law, Life Science, Psychology, Hotel Management, English & Mathematics.

**Educational Qualification & Experience as per UGC norms.**

**ADMINISTRATIVE POSITIONS**

- Assistant Registrar-Academics/ Admissions/Administration
- Deputy Registrar- Academics/ Admissions/Administration
- Assistant Manager-ERP
- Librarian
- Accounts Officer
- Accountant
- Academic Coordinator
- Admissions - Executive/ Manager / Senior Manager
- Training & Placement - Executive/ Manager / Senior Manager
- Marketing - Executive/ Manager / Senior Manager
- Data Analyst/MIS Person

Salary is not a constraint for deserving candidates.

Interested candidates should email their resume to careers@itmuniversity.org
Please mention Job position in the subject line.

Campus: ITM University, Village Uparwara, Nava Raipur, Chhattisgarh - 492002

website: www.itmuniversity.org Contact Details: 9109110154

## चिंतन

# औद्योगिक गिरावट आर्थिक ग्रोथ के लिए चिंता की बात

केवल भावनात्मक मुद्दों पर धन व संसाधन को व्यर्थ करने के बजाय सरकार को उद्योग क्षेत्र की मजबूती पर ध्यान देना चाहिए। सुस्ती का सामना कर रही चीन की अर्थव्यवस्था भी भारत के आंकड़ों में तेज जीडीपी वाली अर्थव्यवस्था से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। अमेरिका भी विश्व में आपदा में अवसर के सिद्धांत से ट्रेड वार, टैरिफ वार और रक्षा निर्यात से अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है, जबकि विश्व में सबसे तेज ग्रोथ का तमगा ढो रही भारतीय अर्थव्यवस्था औद्योगिक मोर्चे पर लगातार मात खा रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक, अप्रैल में भारत के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2.7 प्रतिशत रही, जिसका मुख्य कारण विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का कमजोर प्रदर्शन है। पिछले साल यह आंकड़ा 5.2 फीसदी था। आईआईपी दर मार्च संशोधित 3.9 प्रतिशत और फरवरी में 2.7 फीसदी थी। चीन की अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 6.1 प्रतिशत रही, जो भारत से काफी अधिक है। मार्च में चीन की औद्योगिक उत्पादन दर 7.7 फीसदी थी। इससे पहले आठ कोर इंडस्ट्री सेक्टर की वृद्धि दर में काफी कमी दर्ज की गई थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के आठ आधारभूत उद्योगों (कोर सेक्टर) की उत्पादन वृद्धि दर भी अप्रैल में भारी गिरावट के साथ आठ महीने के निचले स्तर 0.5 प्रतिशत पर आ गई, जबकि अप्रैल 2024 में वृद्धि दर 6.9 फीसदी थी। इस गिरावट का मुख्य कारण रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरकों के उत्पादन में गिरावट और पिछले साल की उच्च आधार दर रही। कोर सेक्टर के आठ उद्योग (क्रूड ऑयल, उर्वरक, बिजली, इस्पात, सीमेंट, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और कोयला) आईआईपी में 40.27 फीसदी का योगदान करते हैं। क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) का उत्पादन -2.8 प्रतिशत रहा, जो लगातार चौथे महीने गिरावट में रहा। रिफाइनरी उत्पादों में -4.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो पिछले आठ महीनों में पहली बार है। उर्वरकों का उत्पादन भी -4.2 प्रतिशत गिरा, जो 11 महीनों में पहली गिरावट है। सीमेंट का उत्पादन 6.7 फीसदी की दर से बढ़ा, लेकिन यह वृद्धि दर भी छह महीने के निचले स्तर पर रही। बिजली उत्पादन में भी सिर्फ 1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो सात महीने की सबसे कमजोर दर है। इस्पात (स्टील) की वृद्धि दर घटकर 3 प्रतिशत रह गई। कोर इंडस्ट्री सेक्टर के प्रदर्शन का आईआईपी पर सीधा प्रभाव पड़ता है। कमजोर आईआईपी उद्योग के प्रदर्शन, रोजगार, व्यापार और अर्थव्यवस्था के समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित करेगा। औद्योगिक उत्पादन में गिरावट से रोजगार और वेतन वृद्धि में कमी आएगी, निर्यात पर असर पड़ेगा, वैश्विक निवेश सेंटिमेंट प्रभावित होगा और अंततः महंगाई में वृद्धि होगी। आईआईपी कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन और निवेश को भी प्रभावित करता है। भारत की औद्योगिक कमजोरी को देखते हुए ही लगभग सभी वैश्विक रेटिंग व वित्तीय एजेंसियों ने अपने जीडीपी ग्रोथ अनुमान को संशोधित कर घटा दिया है। एफडीआई में भी कमी दर्ज हुई है। भारतीय कंपनियां भी नए निवेश कम कर रही हैं। जमीनी स्तर पर औद्योगिक क्षेत्रों की हालत सुधारे बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं होगा। अमेरिका व चीन के बीच जारी टैरिफ वार के बाद विश्व में उपलब्ध अवसर का लाभ उठाने के लिए भी भारत को अपने औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत करना होगा। सरकार को 'ऑपरेशन उद्योग' पर भी फोकस करना चाहिए। आर्थिक सुधार, नीतिगत रफ्तार, निवेश, इनोवेशन व घरेलू मांग बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।

# ट्रंप के पाक-प्रेम से सबक सीखे भारत



कूटनीति
राज कुमार सिंह

> ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह एक ही श्रेणी में रखा, वह बेहद आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इनकार के बावजूद ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा। अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रंप की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं।

कभी जिन डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी की दोस्ती के चर्चे थे, आज उनमें संवादहीनता का असर अमेरिका और भारत के रिश्तों पर साफ दिख रहा है। बेशक ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी अमेरिका गये। वहां दोनों में बात भी हुई। संभव है, पहलगाम हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर के बीच भी दोनों में बात हुई हो, लेकिन ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भारत के प्रति अमेरिका का व्यवहार एकदम बदला हुआ दिख रहा है। भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव में अचानक संघर्ष विराम कराने और उसमें व्यापार रोकने की धमकी की भूमिका जैसे ट्रंप के दावे इस बदलाव की पराकाष्ठा हैं।

यह बहस का विषय है कि दो देशों के बीच रिश्तों में शासनाध्यक्षों की मित्रता की कोई भूमिका रहती भी है या फिर देशों के हित ही निर्णायक होते हैं? लेकिन ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह 'महान देश' बताते हुए एक ही श्रेणी में रखा, वह बेहद आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इनकार के जगजाहिर स्टैंड के बावजूद ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा। अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रंप की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं। रूस-यूक्रेन तथा इस्राइल-गाजा युद्ध में किसी ने नहीं सुनी तो भारत और पाकिस्तान के बीच ही जबरन चौधराहट सही। लेकिन इसके दूरगामी परिणाम नजरअंदाज नहीं किए जा सकते।

बेशक अतीत में भी अमेरिका अक्सर पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा नजर आया है, लेकिन पिछले तीन दशक में उसके रिश्ते भारत से भी बेहतर हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से भी बहुत पहले अमेरिका-भारत के बीच परमाणु संधि उसका बड़ा प्रमाण है। फिर क्यों ट्रंप का अमेरिका, मित्र भारत की हर मोर्चे पर घेराबंदी करने में जुटा है? बात प्रारंभ से शुरू करते हैं। ट्रंप ने कट्टर प्रतिद्वंद्वी चीन के राष्ट्रपति तक को अपने शपथ ग्रहण का निमंत्रण भेजा, पर मोदी को नहीं। माना कि चार साल बाद सत्ता में ट्रंप की वापसी में उनके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने और अमेरिका को फिर महान बनाने के चुनावी वादों की बड़ी भूमिका रही, पर क्या उसके लिए अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी-बेड़ियों में भेजना जरूरी था? अन्य देशों के अवैध प्रवासियों के साथ तो ट्रंप ने ऐसा अमानवीय व्यवहार नहीं किया। अमेरिका और भारत, दो बड़े कारोबारी साझेदार हैं। फिर भी उन्होंने भारत को ऊंची टैरिफ लगाने का आदी बताते हुए गंभीर आरोप लगाया। दो देशों के बीच टैरिफ का मामला बातचीत की मेज पर ही तय होता है, लेकिन ट्रंप ने भारत समेत अनेक देशों के विरुद्ध जैसे 'टैरिफ वॉर' ही छेड़ दिया, जिसका दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। अंततः बातचीत की मेज पर ही आना पड़ा।

अगर अमेरिका का चीन से टैरिफ समझौता हो सकता है तो भारत से भी हो ही जायेगा, लेकिन ट्रंप



बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर एक-एक कर भारत से निर्माण समेटने का दबाव बना रहे हैं। यह निश्चय ही अमेरिका को पुनः महान बनाने से ज्यादा भारत को निशाना बनाने की कवायद है। ट्रंप ने पहले एप्पल को भारत में निर्माण करने पर ऊंची टैरिफ के लिए धमकाया और अब सैमसंग समेत अन्य कंपनियों पर भी भारत के बजाय अमेरिका में निर्माण का दबाव बना रहे हैं। यह मित्र देश का व्यवहार तो हरगिज नहीं। सीरिया का मौजूदा अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा कभी खूंखार आतंकवादी अबू मोहम्मद अल- जोलानी के नाम से जाना जाता था। तब 2013 में अमेरिका ने उसे 'ग्लोबल टेररिस्ट' घोषित कराते हुए उस पर 10 मिलियन डॉलर का ईनाम रखा था, लेकिन पिछले दिनों रियाद में ट्रंप उसी के साथ हाथ मिला कर फोटो खिंचवाते नजर आये। सीरिया पर लगाये गये प्रतिबंध हटाये जाने की भी खबरें हैं।

समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि मूलतः व्यापारी ट्रंप की राजनीति, और अब कूटनीति भी कारोबारी हितों से ही संचालित हो रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश अमेरिका, जिसके राष्ट्रपति को दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी माना जाता है, का ऐसा आचरण विश्व समुदाय के लिए गहरी चिंता का विषय होना चाहिए। अब वापस भारत के प्रति अमेरिकी व्यवहार पर लौटते हैं। पाकिस्तान दुनिया में आतंकवाद की सबसे बड़ी नर्सरी है, यह बात अमेरिका अच्छी तरह जानता है। आखिर अमेरिका पर 9/ 11 के आतंकी हमलों का मुख्य षड्यंत्रकारी अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के ऐबटाबाद में ही मारा गया था। भारत में पाक प्रायोजित आतंकी हमलों के सबूत भी अमेरिका समेत विश्व समुदाय को समय-समय पर दिये जाते रहे हैं। इसके बावजूद हालिया सैन्य टकराव में व्यापार बंद करने की धमकी देकर संघर्ष विराम कराने का दावा करते हुए ट्रंप ने जिस भारत और पाकिस्तान तथा उनके नेतृत्व को समान रूप से 'महान' बताया, वह कूटनीतिक मर्यादा और प्राकृतिक न्याय, दोनों के विपरीत है।

इसके बावजूद ट्रंप ऐसा कर रहे हैं तो निश्चय ही उसके कारण भी होंगे। शीत युद्ध काल में अफगानिस्तान से सोवियत संघ समर्थक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए, अमेरिका के लिए ही, पाकिस्तान ने तालिबानी आतंकवाद को पाला-पोसा। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अंतरराष्ट्रीय मीडिया में स्वीकार भी कर चुके हैं कि उनका देश पश्चिमी देशों के लिए यह पाप अरसे से करता रहा है। बेशक अमेरिका, पाकिस्तान का इस्तेमाल अपनी भू-राजनीतिक रणनीति में करता रहा है। बदले में उसे खुले हाथों सैन्य और आर्थिक मदद दी जाती रही है। ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भी सब कुछ वैसे ही चल रहा है। भविष्य में भी यह मदद रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आती। खुद आर्थिक मदद देने के अलावा पाकिस्तान को आईएमएफ से कर्ज दिलवाने में भी अमेरिका की भूमिका रही।

दरअसल, अमेरिका के रणनीतिक हितों के अलावा अब कारोबारी हितों की भी चर्चा है। पहलगाम हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर से पहले पाकिस्तान के साथ क्रिप्टो करंसी डील करने वाली अमेरिकी कंपनी में ट्रंप परिवार के भी कारोबारी हित बताये जाते हैं। उधर पाकिस्तान की खनिज संपदा के दोहन के लिए भी अमेरिका लगातार प्रयासरत है। विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका की सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के मुकाबले एक आतंकवादी देश पाकिस्तान पर इस मेहरबानी के कारण समझने के बावजूद मित्रता की खुशफहमी हमारी समझदारी नहीं। ट्रंप की अवसरवादी कूटनीति से सही सबक लेकर भारत को भी अपनी रणनीतिक प्राथमिकताएं नये सिरे से तय करनी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

सीएपीएफ
सुनील कुमार महला



# सुप्रीम कोर्ट का मनोबल बढ़ाने वाला फैसला!

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक व बड़े फैसले में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में महानिरीक्षक (आईजी) स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों की नियुक्ति कम करने का निर्देश दिया है, ताकि कैडर अधिकारियों को अधिक अवसर मिल सकें। वास्तव में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कैडर अधिकारिक के लिए मनोबल बढ़ाने वाला फैसला कहा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह माना है कि केंद्रीय सशस्त्र बलों (सीएपीएफ) में कैडर अधिकारियों की पदोन्नति में विलंब से उनके मनोबल पर 'प्रतिकूल प्रभाव' पड़ सकता है। जब सीएपीएफ को ओजीएएस घोषित किया गया है, तो ओजीएएस को उपलब्ध सभी लाभ स्वाभाविक रूप से सीएपीएफ को मिलने चाहिए, यह नहीं हो सकता कि उन्हें एक लाभ दिया जाए और दूसरे से वंचित रखा जाए। यह बहुत ही काबिले-तारीफ है कि अब केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में ओजीएएस (संगठित समूह ए सेवा) के लिए बाकायदा छह माह की समय-सीमा भी तय कर दी गई है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सीएपीएफ अधिकारियों की पदोन्नति और उनको फाइनेंशियल प्रोफिट (लाभ) की उम्मीदें बंध गई हैं। इस क्रम में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने चार वर्ष से लंबित कैडर रिव्यू प्रक्रिया, उक्त अवधि में ही पूरी किए जाने के आदेश दिए हैं। बता दें कि 3 सितंबर 2015 को अदालत ने अपने फैसले में सीएपीएफ को 1986 से 'संगठित समूह ए सेवा' घोषित कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें इसका फायदा नहीं मिल पा रहा था। गौरतलब है कि सीएपीएफ (केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल) में ओजीएएस का मतलब है 'संगठित समूह ए सेवा।' दरअसल, ओजीएएस एक ऐसा संगठन है जो भारत सरकार द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए बनाया गया है, जैसे कि आईएएस, आईपीएस, आईआरएस आदि। वास्तव में, सीएपीएफ को ओजीएएस का दर्जा मिलने का मतलब है कि सीएपीएफ के अधिकारी भी आईएएस, आईपीएस, आईआरएस और अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के समान लाभ प्राप्त करेंगे, जैसे कि पदोन्नति और गैर-कार्यात्मक वित्तीय उन्नयन। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 3 जुलाई 2019 को, सर्वोच्च न्यायालय ने सीएपीएफ को ओजीएएस का दर्जा देने का आदेश दिया था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने यह बात मानी है कि सीएपीएफ अधिकारी, देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और वे कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। देश की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने के साथ-साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करने और देश के भीतर आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में उनकी समर्पित सेवा को अनदेखा या अनदेखा नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद, सीएपीएफ के कैडर अधिकारी, अपने करियर में बहुत अधिक ठहराव का सामना कर रहे हैं। अदालत ने इन बलों में बतौर प्रतिनियुक्ति बाहर से आने वाले अधिकारियों की संख्या (सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के स्तर तक) को धीरे-धीरे कम किए जाने के साथ ही उनकी सेवा अवधि अधिकतम 2 वर्ष तक सीमित करने की बात भी कही है। इस ग्रेड में आईजी (महानिरीक्षक) रैंक वाले अधिकारी आते हैं। यानी कुछ वर्षों के दौरान इन बलों में आईजी रैंक तक आईपीएस प्रतिनियुक्ति को खत्म किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा है कि प्रतिनियुक्ति पदों में यह कमी सीएपीएफ कैडर अधिकारियों को बलों के प्रशासनिक कामकाज में अधिक भागीदारी करने की अनुमति देगी और लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का समाधान करेगी। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने आदेश दिया है कि सभी सीएपीएफ में कैडर समीक्षा, जो वर्ष 2021 में होनी थी, आज से छह महीने की अवधि के भीतर पूरी की जाए। हालांकि, गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ कैडर अधिकारियों की याचिका का विरोध करते हुए यह बात कही है कि आईपीएस अधिकारी पदानुक्रम का एक 'महत्वपूर्ण हिस्सा' हैं। ये बल विभिन्न राज्यों में तैनात हैं, इसलिए आईपीएस अधिकारी सीएपीएफ के प्रभावी संचालन के लिए जरूरी हैं, जिससे संबंधित राज्य सरकारों और उनके संबंधित पुलिस बलों के साथ सहयोग की सुविधा मिलती है, जिससे संघीय ढांचे को संरक्षित किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने सीएपीएफ में महानिरीक्षक स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति दो वर्षों में 'उत्तरोत्तर' करने का आदेश दिया है, ताकि कैडर अधिकारी अपने जायज हक से वंचित न हों और उन्हें पदोन्नति के अधिक अवसर मिलें। उम्मीद है कि इस फैसले से पांचों केंद्रीय पुलिस बलों- सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी के कैडर अफसरों को उनका जायज हक मिल सकेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

# गलत काम जीवन की तपस्या कर सकता है बर्बाद



संकलित
प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### केंद्र-राज्यों की एकजुटता जरूरी

हाल ही में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिलिंग की बैठक में यह जो विचार किया गया कि देश के विकास के लिए केंद्र और राज्यों का सहयोग जरूरी है, यह विचार बहुत अच्छा और जरूरी है, क्योंकि सभी राज्यों के विकास से ही दुनिया के सामने देश के विकास की तस्वीर सामने आती है। कुछ राज्य विकास के मामले में नंबर वन बनने की रेस में आगे हैं, पर कुछ फिसड्डी हैं। केंद्र सरकार देश के हर राज्य के लिए एक बराबर योजनाओं को अमल में लाती है, लेकिन अक्सर यह भी देखा जाता है कि केंद्र और राज्य में अलग-अलग राजनीतिक पार्टी के सत्ता में होने के कारण कुछ राज्य केंद्र की नीतियों को अपने यहां उचित रूप से लागू नहीं करते हैं। जब केंद्र-राज्य एक साथ चलेंगे, तभी विकास संभव है। - *अजय पांडे, सरायपाली*

## ट्रेंड

### पद्म पुरस्कार विजेता



नागरिक अलंकरण समारोह-II में भाग लिया, जहाँ पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए। पद्म पुरस्कार विजेताओं ने हमारे समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वालों की जीवन यात्रा अत्यंत प्रेरक है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नागरिकों से सीधा संवाद



आज जनसुनवाई कार्यक्रम में दिल्ली के नागरिकों से सीधा संवाद हुआ। हम केवल समस्याएं नहीं सुनते- हम समाधान सुनिश्चित करते हैं। हर आवाज़ हमारे लिए मूल्यवान है और हर समस्या का समाधान हमारी ज़िम्मेदारी है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### पंजाब किंग्स टीम को बधाई



पंजाब किंग्स की गतिशील टीम से मुलाकात की और इस सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। टीम मालिक प्रीति जिंटा और कप्तान श्रेयस अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग को नेतृत्व के लिए विशेष धन्यवाद।

-राघव चड्ढा, सांसद, आम आदमी पार्टी

### दोषारोपण का खेल




जीवन को दोषारोपण का खेल मत बनने दो। तुम्हारे पास इसके लिए पर्याप्त समय नहीं है.. क्योंकि जब भी तुम दूसरों को दोष देते हो, तो तुम खुद पर दोषारोपण का बोझ ढोते हो।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर


# हिमालय के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है नेपाल : मंत्री



नेपाल के संस्कृति, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री प्रसाद पांडे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापवृद्धि के खतरे से जूझ रहे हिमालय को बचाना सामूहिक जिम्मेदारी है और नेपाल सरकार इसके संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। पांडे ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण, पर्वतारोहण प्रशिक्षण और आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रही है ताकि सतत पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। एवरेस्ट शिखर सम्मेलन के मौके पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में पांडे ने कहा कि पिछले साल सरकार द्वारा गठित एक टीम ने माउंट एवरेस्ट से 11 टन कचरा, चार शव और एक कंकाल हटाया था। पांडे ने पर्वतारोहियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए हिमालयी संस्कृति के संरक्षण और पर्वतों को भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पर्वत मार्गदर्शकों, बचाव टीमों और श्रमिकों के योगदान को भी सम्मानपूर्वक याद किया और कहा कि उनके समर्पण से पर्वत अभियानों को सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक बनाया गया है। अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस के अवसर पर मंत्री ने 10 भारतीय पर्वतारोहियों समेत 100 से अधिक पर्वतारोहियों को सम्मानित किया।

## ऑफ बीट

# ओरंगुटान की आवाज में छिपा भाषा का रहस्य



सुमात्रा ओरंगुटान का वैज्ञानिक नाम 'पोंगो अबेली' है जो एक वानर की प्रजाति है और सुमात्रा द्वीप में पाई जाती है। ओरंगुटान हमारे पशु परिवार से संबंधित हैं। इसका मतलब है कि हमारे पूर्वज एक ही हैं और यह एक ऐसी प्रजाति है जो लाखों साल पहले रहती थी, जिससे हम दोनों विकसित हुए हैं। हमारी तरह, ओरंगुटान के भी हाथ होते हैं जो पकड़ सकते हैं, वे औजारों का इस्तेमाल कर सकते हैं और नयी चीजें सीख सकते हैं। हम अपने डीएनए का लगभग 97 प्रतिशत हिस्सा ओरंगुटान के साथ साझा करते हैं, जिसका मतलब है कि हमारे शरीर और दिमाग के कई हिस्से एक जैसे तरीके से काम करते हैं। वर्ष 2024 में मनोवैज्ञानिक एड्रियानो लामीरा और उनके सहयोगियों द्वारा ओरंगुटान संचार पर किए गए शोध में ओरंगुटान की एक अलग प्रजाति, जंगली बोर्नियन ओरंगुटान (पोंगो पाइग्मियस वुर्मबी) पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने केवल नरों द्वारा उत्पन्न की जाने वाली एक प्रकार की ध्वनि का अध्ययन किया, जिसे लम्बी पुकार के नाम से जाना जाता है, और पाया कि लम्बी पुकारें लयबद्ध पदानुक्रम के दो स्तरों में व्यवस्थित होती हैं। इसका पता लगाने के लिए हमने जंगली मादा सुमात्रा ओरंगुटान की चेतावनी भरी आवाजों का अध्ययन किया और कुछ आश्चर्यजनक बातें पाईं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# लग जा गले में जान्हवी संग रोमांस करेगा टाइगर...




**मुंबई।** जान्हवी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'धड़क' से की थी। इस फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर थे। हाल ही में वह करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड'को लेकर भी चर्चा में रही हैं, इस फिल्म के प्रोड्यूसर भी करण जौहर हैं। जान्हवी अगले साल रिलीज होने वाली फिल्म 'लग जा गले'में नजर आएंगी, इसे भी करण जौहर ही प्रोड्यूस कर रहे हैं। एक्टर टाइगर श्रॉफ फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर के अपोजिट नजर आएंगे। यह दोनों पहली बार किसी फिल्म में साथ एक्टिंग कर रहे हैं। फिल्म को राज मेहता निर्देशित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह एक बदला लेने वाली लव स्टोरी होगी। इस फिल्म में एक्शन भी खूब होगा। इन दिनों टाइगर श्रॉफ फिल्म 'बागी 4' में व्यस्त हैं और जान्हवी कपूर 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में व्यस्त हैं। दोनों जब इन फिल्मों से फ्री हो जाएंगे तो ही फिल्म 'लग जा लगे' की शूटिंग शुरू करेंगे।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

# रेड ड्रेस में हीरा पहन दिखीं रॉयल क्वीन...

एजेंसी ▸▸ मुंबई



बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस और इंटरनेशनल ब्रांड एंबेसडर दीपिका पादुकोण एक बार फिर अपने ग्लैमरस लुक और शाही अंदाज से चर्चा में आ गई हैं। हाल ही में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में आयोजित हुए कार्टियर के हाई ज्वेलरी इवेंट में दीपिका का रेड कारपेट लुक सबका दिल जीत ले गया। इस इवेंट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और फैन्स दीपिका की तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे। रेड कलर की एलीगेंट ड्रेस और कार्टियर की शानदार ज्वेलरी में सजी दीपिका ने जैसे ही इवेंट में एंट्री ली, कैमरे खुद-ब-खुद उनकी ओर घूम गए। बालों को सिंपल लेकिन स्टाइलिश अंदाज में सेट कर उन्होंने अपने लुक को और भी रॉयल टच दिया। इस हाई प्रोफाइल गाला में हॉलीवुड की अभिनेत्री जोई सल्डाना समेत कई बड़े सितारे भी मौजूद थे, लेकिन दीपिका का जलवा सबसे अलग और दमदार रहा। दीपिका ने आशी स्टूडियो का 2 साल पुराना फ्लोर लेंथ अटायर पहना। उन्होंने ओवर साइज जैकेट कैरी की, जिसका ड्रैमेटिक और ओवरसाइज स्टाइल परफेक्ट नजर आया। स्टाइल के साथ अटायर का रेड कलर भी उनके एलिगेंस को डबल कर गया। उनके 58 कैरेट के हार ने भी सभी का ध्यान खींचा।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंक्लोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292


विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## बॉर्डर 2 में दिखेगा सनी देओल का आइकॉनिक रॉकेट सीन



मुंबई। फिल्म गदर 2 से बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने के बाद सनी देओल बॉर्डर 2 से फैंस को हैरान करने वाले हैं। पिछले कुछ महीनों से एक्टर फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म में वरुण धवन और अहान शेट्टी नजर आने वाले हैं। अब ताजा खबर की मानें तो इस सीक्वल में, 1997 में आई जेपी दत्ता की फिल्म बॉर्डर का एक शानदार रॉकेट लॉन्च वाला सीन होने वाला है। आपने फिल्म बॉर्डर में देखा होगा कि जब पाकिस्तान के साथ वॉर होती है तो मेजर कुलदीप सिंह के किरदार में सनी देओल अपने कंधे पर रॉकेट उठाकर दुश्मनों पर हमला कर देते हैं। ऐसा ही एक ग्रैंड स्तर का सीन बॉर्डर 2 में दिखाया जाएगा।

## टीवी मसाला



## ये रिश्ता क्या कहलाता है में फिर लौट सकती हैं गर्विता

**नई दिल्ली।** हाल ही में टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से अभिनेत्री गर्विता साधवानी का सफर खत्म हो गया है, क्योंकि शो में लंबा लीप दिखाया गया है। अब अभिनेत्री ने अपने रोल को लेकर बात की है और उन्होंने अपने फैंस को एक बड़ा हिंट दिया है। टीवी अभिनेत्री गर्विता साधवानी ने कहा, ये रिश्ता क्या कहलाता है में मेरा सफर समाप्त हो गया है। शो ने लीप लिया है, और मेरा किरदार रूही उस लीप का हिस्सा नहीं बनने जा रहा है।' आगे वह कहती हैं, 'आप इसे मेरे किरदार का अंत नहीं कह सकते, क्योंकि यह तय नहीं है कि रूही शो में वापस आएगी या नहीं। ऐसी संभावना हमेशा बनी रहती है।' 'मुझे लीप के बारे में बताया गया था और किसी भी शो को आगे बढ़ाने के लिए निर्माताओं को नए ट्विस्ट और टर्न पेश करते रहना चाहिए। मौजूदा स्टोरीलाइन में रूही के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन शो के आने वाले प्लॉट का अनुमान कौन लगा सकता है।'अभिनेत्री ने शो और खुद को दर्शकों द्वारा इतना प्यार मिलने पर आभार जताया है।

### नया शो लेकर आ रही हैं रुपाली



नई दिल्ली। टीवी की सबसे चहेती अनुपमा अब एक नई और दिल को छू लेने वाली भूमिका में नजर आने वाली हैं। जी हां, रुपाली गांगुली जल्द ही एक टॉक शो 'दिल की बातें' में बच्चों की मेंटर और दोस्त के रूप में नजर आएंगी। इस मिनी सीरीज में वो छोटे बच्चों के साथ खुलकर बातें करती दिखेंगी- वो भी हंसी, इमोशन्स और दिल से जुड़े मुद्दों के साथ। शो का पहला प्रोमो रिलीज हो चुका है और फैंस काफी एक्साइटेड हैं। प्रोमो में बच्चे अनुपमा से मजेदार, लेकिन चैलेंजिंग सवाल पूछते हैं और अपने पर्सनल स्ट्रगल्स भी शेयर करते हैं। अनुपमा उर्फ रुपाली उन्हें बड़े प्यार और समझदारी से जवाब देती हैं! शो की खास बात ये है कि इस टॉक शो में रुपाली का वही पुराना अपनापन और बच्चों की मासूमियत भरी दुनिया देखने को मिलेगी।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

एजुकेशन स्पेशल
कोटा स्टडी सर्कल भिलाई/रायपुर
Ritika Soni 90.4% Class 12th
NEET, IIT-JEE PET/PAT
रायपुर कोटा सेंटर भाटिया कॉम्प्लेक्स, जी.ई. रोड रायपुर (छ.ग.) 9301547784
भिलाई कोटा सेंटर बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई 9098534927

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड
अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- (आवास फ्री PF +ESIC) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा, रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, 7747000016, 7746000019.(RO-074)

चिकित्साकर्मी
आवश्यकता है- टाटीबंध स्थित नर्सिंग होम में नर्सिंग स्टाफ एवं आया बाई की आवश्यकता है,रहने की सुविधा उपलब्ध। मो. 9826077576, समय 1-2 PM (RO-0008)

टीचर
आवश्यकता है- Raipur Convent Hr.Sec. School Required Trained & dedicated Teachers to teach English, Physics, Chemistry, Bio, SST, Science, Maths, Commerce, 6th to 12th (English Medium) Computer Operator. Must be fluent in English Interview on 02/06/2025, 10:00am at Gudhiyari, Janta Colony - 8109077721, Shivanand Nagar- 8109077730, New Rajendra Nagar- 8109077729.(RO-6980)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सुपरवाइजर
आवश्यकता है- मेटल पार्क (रांवाभाठा) में ऑफिस स्टाफ कम सुपरवाइजर कार्य करने हेतु एक स्मार्ट ग्रेजुएट लड़के की आवश्यकता है। उम्र 21 से 30 वर्ष । वेतन 23000 रूपये। संपर्क करें- क्लासिक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, बीएसएनएल आफिस के सामने, फाफाडीह चौक, रायपुर । फोन: 0771-4095884.(RO-839)

सर्वे कार्य
आवश्यकता है- एम्बीशन कंपनी में सर्वे कार्य हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता हैं वेतन 12,000/- से 15,000 हजार तक पता- रायपुरा चौक सुंदर नगर एक्सिस बैंक के पास रायपुर Mob. 8839695067, 7247508331.(RO-OM)

कुली/चौकीदार
आवश्यकता है- दाल मिल कार्य हेतु कुली (लेबर) एवं चौकीदार की आवश्यकता है। आवास उपलब्ध है। संपर्क करें कन्हैया लाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा बंजरपारा सड्डू रायपुर विधानसभा रोड रायपुर संपर्क- 7725800600, 9407619036.(RO-6859)

वार्डन
आवश्यकता है- जैन गर्ल्स हास्टल मे वार्डन की आवश्यकता है, शाकाहारी, कंप्युटर की जानकार ,एवं स्मार्ट महिला सम्पर्क करें। रहने, खाने की सुविधा। अरिहंत दर्शन, जैन गर्ल्स हॉस्टल लक्ष्मी नगर, pachpedhi नाका रायपुर 8959906595. अरिहंत दर्शन, (RO-7377)

ड्रायवर/सेल्समैन
आवश्यकता है- चायपत्ति के फैक्ट्री में गाड़ी चलाने के लिये ड्राईवर एंव अनुभवी सेल्समैन कि आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अमलीडीह mo-74699-80000, 0771-4025490.(RO-6863)

ड्रायवर
आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 20000/- प्रतिमाह। रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी। जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें। पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222.(RO-06)

आवश्यकता है- होली हार्ट स्कूल कबीर नगर शाखा में स्कूल बस और वैन चलाने हेतु बैज धारी ड्राइवर की आवश्यकता है। लाइसेंस होना चाहिए संपर्क - 9399944649 (आरो - 6861)

सिक्योरिटीगार्ड
आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी में काम करने हेतु सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। कर्मचारी हेतु रूम की सुविधा उपलब्ध। इंटरव्यू के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए पते पर पधारे, पता –वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंग रोड नं–4, रायपुर₹ 9201956171, 7828901615.(RO-OM)

आवश्यकता
आवश्यकता है- रायपुर शहर में दुकानों में माल सप्लाई हेतु लडको की एवं किराए पर ऑटो की आवश्यकता है । संपर्क करें श्री राधेकृष्णा एजेंसीस 8, न्यू ब्लॉक, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स, रायपुर। मो 7999369912 (आरो -398)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

टाइपिस्ट/मार्केटिंग
आवश्यकता है- ऑफिस में हिंदी एवं अंग्रेजी टाइपिस्ट हेतु दो लड़कियों की एवं ऑफिस में मार्केटिंग के लिए ऑफिस बॉय की आवश्यकता है उम्र 19 से 25 वर्ष वेतन 7000/- संपर्क :- 9926179342. (आरो -om)

पैकेजिंग/ डिलवरी कार्य
आवश्यकता है- ऑफिस कार्य, माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु जो ई-रिक्शा चला सके 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता है मिले:- डुको आर्ट, शादीजा कंपाउंड, LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.(आरो - om)

ऑफिस कार्य
आवश्यकता है- दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में आफिस कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार कॉल / मेसेज 7999847673. समय - 12 से 5 तक (आरो नं.-758)

शीघ्र आवश्यकता है- भुवनेश्वर ओडिशा में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 70009 48245, 6265636797.(RO-351)

अन्य
आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी तत्काल जरूरी अनपढ़ से 10-वीं पास लड़कों की सभी एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर,फील्ड बॉय सुपरवाइजर, सैलरी 18500/- से 55750/- (आवास + खाना फ्री) 9013968764 (आरो -910)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

Property प्रापर्टी

जमीन
जमीन बेचना है- (कृषि भूमि पानी बोरवेल सहित) जमीन बेचना है देवरी (धरसीवां) से तिल्दा रोड में 13.50 एकड़ फ्रंट 3.50 एकड़ इंड्रस्टीयल के लिए उपयुक्त सम्पर्क करें। मो. - 9340505422.(RO-6864)

बेचना है- 5 एकड़ सिंचित कृषि भूमि (फार्म हाउस) 8 H.P पंप सहित, राइस मिल, पोल्ट्री हेतु अति उत्तम। अर्जुंदा गुरेदा डामर रोड पर। संपर्क - 9752408700. (आरो -757)

फ्लैट
फ्लैट बेचना है- न्यू पुरैना महावीर नगर रायपुर मे प्रथम तल पर 2 बीएचके 2 बालकनी 2 लेटबाथ युक्त 861 वर्गफीट सुपर बिल्टअप फ्लैट रुपये 23 लाख मे बेचना है लिफ्ट, सीसीटीवी, सिक्युरिटी गार्ड सुविधा उपलब्ध है । संपर्क - 7587145437. (RO-906)

प्लाट
प्लॉट बेचना है - बालाजी विहार सेजबहार पुराना धमतरी रोड रायपुर में गुडलक रेसिडेन्सी के सामने 1845 वर्गफीट प्लाट रुपये 1250 प्रति वर्गफुट दर से बेचना है। संपर्क - 7587145437. (RO-907)

Finance फायनेंस
फाइनेंस - जनधन योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 9289364524 (आरो -911)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

फाइनेंस - सुंदरम फाइनेंस द्वारा पाएं घर बैठे लोन आसान किस्तों पर समूह लोन, बिजनेस लोन, आधार लोन, पर्सनल लोन, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रॉपर्टी लोन 2% ब्याज 30% छूट। हेल्पलाइन 8127684826, हेड ऑफिस 9889062539. (आरो -om)

सब कुछ है यहां पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

पिछले कुछ दिनों में दुनिया के कुछ देशों समेत अपने देश के भी कुछ राज्यों में कोरोना संक्रमण के कई केस सामने आए हैं। इसे लेकर लोगों के मन में डर पैदा हो रहा है। लेकिन ऐसे में बिना डरे आपको क्या करना चाहिए, बता रहे हैं एक्सपर्ट डॉक्टर्स।

# फिर बढ़ रहा कोरोना इंफेक्शन बिना घबराए-बरतें सावधानी

**प्रिकॉशन**

हाल के दिनों में एशिया के कई देशों में कोरोना के केस फिर से बढ़ने लगे हैं। सिंगापुर में एक हफ्ते में करीब 25% केस बढ़े हैं, थाईलैंड और हांगकांग में भी तेजी से मामले बढ़े हैं। अपने देश में भी कुछ राज्यों में कोरोना इंफेक्शन के मामले में थोड़ी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। लेकिन ऐसे केसेस की संख्या अभी बहुत कम है। संक्रमण की दर भी बहुत कम है, इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है। लेकिन सावधानी भी बहुत जरूरी है, जरा सी भी लापरवाही हेल्थ के लिए हार्मफुल हो सकती है।

### लापरवाही न बरतें

वैज्ञानिकों का कहना है कि जब कोई वायरस एक बार लोगों के बीच फैल जाता है, तो वह कभी-कभी दोबारा लौट आता है। खासकर जब मौसम बदलता है। इसलिए कोरोना के केसों में दोबारा बढ़ोतरी कोई चौंकाने वाली बात नहीं है। भारत में भी थोड़े केस बढ़े हैं, लेकिन अभी स्थिति काबू में है। अगर हम इसे सामान्य सर्दी-खांसी या फ्लू से तुलना करें, तो कोरोना के मामले उससे भी कम हैं। अभी जो कोरोना फैल रहा है, वह जेएन.1 नाम के पुराने वेरिएंट से है। इसके अलावा कुछ छोटे वेरिएंट जैसे एलएफ.7 और एनबी.1.8 के भी कुछ केसेस मिले हैं। चूंकि ये वेरिएंट पहले से मौजूद हैं और लोग इनसे पहले संक्रमित हो चुके हैं, इसलिए अब गंभीर बीमार होने का चांस बहुत कम है। फिर भी पूरी सावधानी बरतना जरूरी है। ऐसा न करने पर मामले बढ़ सकते हैं। अच्छी बात यह है कि संक्रमण को देखते हुए सरकार और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है।



### वैक्सीन को लेकर न हों भ्रमित

कुछ लोगों के मन में यह सवाल आ रहा है कि क्या अब फिर से वैक्सीन लगवानी चाहिए? लेकिन भारत में ज्यादातर लोगों को पहले ही कोरोना से बचाव के दो या तीन डोज वैक्सीन की लग चुकी हैं। इसके अलावा जो लोग पहले संक्रमित हुए थे, उनमें खुद ही शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बन गई है। इस वजह से अब नए टीके की जरूरत फिलहाल नहीं लगती है। हालांकि जो टीके लगाए गए थे, वे पुराने वेरिएंट के आधार पर बनाए गए थे, जिनका प्रभाव अब काफी कम हो चुका है।



अगर आप अपने मन के भय को दूर करना चाहते हैं तो मौसमी फ्लू का टीका लगवा सकते हैं, वो अब भी असरदार है और सर्दी, जुकाम के संक्रमण से बचाएगा।

### इंफेक्शन के लक्षण

कोरोना संक्रमण के नए केसेस में भी लक्षण लगभग पुराने केसेस के समान ही दिखते हैं। गले में खराश, बुखार, थकान, नाक बहना और बदन दर्द इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं। रिकवरी में आमतौर पर 5-7 दिन लगते हैं, लेकिन खांसी और थकान दो-तीन हफ्तों तक रह सकती है। बुजुर्गों, पहले से बीमार लोगों और कमजोर इम्यूनिटी वाले व्यक्तियों को संक्रमण से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

### अफवाहों से दूर रहें

हालांकि कोरोना संक्रमण को लेकर अभी तक किसी तरह के सख्त नियमों के पालन को नहीं कहा गया है। लेकिन कुछ साधारण सावधानियां आपको जरूर बरतनी चाहिए। पिछले कुछ सालों में हर 6-8 महीने के अंतराल पर कोरोना के केस थोड़े-बहुत बढ़ते रहे हैं, इसलिए अब हमें इससे डरने की नहीं, समझदारी से निपटने की जरूरत है। ना तो हमें कोरोना को लेकर लापरवाह हो जाना चाहिए, और ना ही उससे बेवजह डरना चाहिए। सबसे जरूरी बात, इसे लेकर अफवाहों और भ्रामक खबरों से दूर रहें। अगर सर्दी-खांसी हो रही है तो घर पर आराम करें और मास्क पहनें। *

**(अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, डॉ. संचयन रॉय और एमजीएस हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर चेस्ट स्पेशलिस्ट, डायरेक्टर एंड एचओडी-रेस्पिरेटरी मेडिसिन, डॉ. हरीश भाटिया से बातचीत पर आधारित)**

हमारे शरीर का पूरा वजन हड्डियों के ढांचे पर टिका होता है। इसलिए इनका मजबूत और स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। लेकिन हमारी कुछ बैड फूड हैबिट्स और गलत लाइफस्टाइल के कारण बोंस वीक होने लगती हैं। वे कौन से हार्मफुल फूड्स हैं, स्ट्रॉन्ग बोंस के लिए क्या करना चाहिए, इस बारे में बहुत यूजफुल सजेशंस।

# न्यूट्रिशस फूड-सही लाइफस्टाइल बोंस बनी रहेंगी हमेशा स्ट्रॉन्ग

**डाइट सजेशन**

**संगीता मिश्रा**
डायटिशियन, कोलकाता

शरीर को सही पोस्चर, सहारा और सही आकार देने के अलावा हड्डियों का काम दिमाग और फेफड़े जैसे अंगों की सुरक्षा करना भी है। हमारी हड्डियां खनिजों का भंडारण करती हैं और लाल, सफेद रक्त कोशिकाओं का निर्माण करती हैं। हमारी लेकिन खान-पान की कुछ गलत आदतों के कारण इनका क्षरण जल्दी होने लगता है। कुछ फूड्स हमारी हड्डियों को खोखला करने लगते हैं। ये फूड्स शरीर में कैल्शियम के एब्जॉर्शन को कम कर देते हैं, जिससे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। इसी प्रकार जीवनशैली को अनुशासित न रखना भी हड्डियों को नुकसान पहुंचाता है।

### कैल्शियम का महत्व

कैल्शियम हमारे शरीर के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण खनिज है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत रखने के साथ-साथ हमारे रक्तचाप, मांसपेशियों और तंत्रिका तंत्र के सही संचालन में भी मदद करता है। यदि शरीर में कैल्शियम की कमी हो तो हड्डियां कमजोर हो सकती हैं और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कैल्शियम मजबूत हड्डियों के लिए बेहद जरूरी है। कैल्शियम की कमी होने पर ऑस्टियोपोरोसिस का रिस्क बढ़ जाता है। हड्डियों में किसी भी तरह की गड़बड़ी या कमजोरी आने पर आपको हड्डी का कैंसर, हड्डियों का घनत्व कम होना, हड्डियों में इंफेक्शन, ऑस्टियोनेक्रोसिस और बच्चों में रिकेट्स की समस्या हो सकती है।

### कैल्शियम के लिए हार्मफुल फूड्स

कुछ फूड्स तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं करके शरीर में कैल्शियम लेवल को कम करने लगते हैं।

**कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक:** कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स ज्यादा मात्रा में पीने से शरीर में कैल्शियम की कमी हो सकती है। इन ड्रिंक्स में फॉस्फोरिक एसिड पाया जाता है, जो शरीर से कैल्शियम के अवशोषण को रोकता है। इसके परिणामस्वरूप हड्डियों का कैल्शियम धीरे-धीरे कम होने लगता है। इसलिए अगर आप हड्डियों को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो कोल्ड ड्रिंक का सेवन कम से कम करें।

**सोडा और कैफीन:** 2014 में द अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि सोडा पीने वाली



73,000 महिलाओं में हिप फ्रेक्चर का खतरा बढ़ गया था। इसी तरह 2016 में बीएमसी मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि कैफीन की खपत से महिलाओं में लो बोन डेंसिटी की समस्या देखी गई।

**चॉकलेट, केक और कुकीज:** चॉकलेट, केक, कैंडी और कुकीज जैसे मीठे और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में अत्यधिक शक्कर और रिफाइंड



कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं, जो कैल्शियम के अवशोषण में रुकावट डालते हैं। इसके अतिरिक्त, ये फूड्स शरीर में इन्फ्लेमेशन यानी सूजन का कारण बन सकते हैं, जिससे हड्डियां और भी कमजोर हो सकती हैं। इसलिए अत्यधिक मीठे पदार्थों को नियमित रूप से खाने से बचें और स्वस्थ स्नैक्स का चयन करें। मीठी चीजों का अधिक सेवन सिर्फ हड्डियों को कमजोर नहीं बनाता बल्कि डायबिटीज जैसी कई गंभीर बीमारियों का भी बड़ा कारण है।



**शराब:** शराब का सेवन हड्डियों की सेहत पर गहरा असर डालता है। शराब शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को कम करती है और हड्डियों को कमजोर कर सकती है। यह हड्डियों को चूने के समान बना सकती है और हड्डी के फ्रेक्चर (हड्डी टूटने) का खतरा बढ़ा सकती है। अगर आप हड्डियों को मजबूत रखना चाहते हैं तो शराब का सेवन न करें। वर्ष 2015 में बीएमजे ओपन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, अधिक मात्रा में शराब का सेवन करने वालों में हड्डियों का घनत्व कम था। शराब की खपत हड्डियों का विकास रोकती है और फ्रेक्चर के चांस बढ़ाती है।

**चाय-कॉफी:** चाय में कैफीन पाया जाता है, जो शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को कम करता है। अगर आप अधिक चाय पीते हैं, तो यह आपकी हड्डियों के लिए खतरनाक हो सकता है। विशेष रूप से अधिक कैफीन वाले चाय या कॉफी का सेवन हड्डियों से कैल्शियम को निकाल सकता है, जिससे हड्डियां कमजोर हो सकती हैं। इसलिए चाय का सेवन सीमित करें और अधिक पानी या कैल्शियम से भरपूर अन्य पेय पदार्थों का सेवन करें।

**ज्यादा तला भोजन:** ऑयली फूड्स जैसे समोसा, फ्राइड चिकन, पकौड़ी आदि हड्डियों के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं। ये अत्यधिक वसा और असंतुलित फैट्स से भरपूर होते हैं, जो शरीर में सूजन पैदा कर सकते हैं। इससे कैल्शियम का अवशोषण प्रभावित हो सकता है, जिससे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। इन फूड्स को सीमित मात्रा में ही खाएं और स्वस्थ, हल्का भोजन करें।

### ज्यादा नमक

ज्यादा मात्रा में नमक खाने से शरीर में कैल्शियम की कमी हो सकती है। जब हम ज्यादा सोडियम वाले फूड्स, जैसे- चिप्स, प्रोसेस्ड फूड और फास्ट फूड खाते हैं, तो यह किडनी के जरिए कैल्शियम को शरीर से बाहर निकाल देता है। इससे हड्डियों की डेंसिटी कम हो सकती है और ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए नमक को सीमित मात्रा में ही खाना चाहिए। वर्ष 2016 में एशिया पैसिफिक जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में छपे शोध के अनुसार, चीन में जो लोग नमक वाली चीजों का अधिक सेवन करते थे उनमें ऑस्टियोपोरोसिस रोग का खतरा बढ़ने लगा था। इस रोग में हड्डी पतली और बेजान हो जाती हैं।

### ऑक्सलेट वाले फूड्स

कुछ फूड आइटम्स जैसे- पालक, चुकंदर और स्विस चार्ड (एक पत्तेदार सब्जी) में ऑक्सलेट की मात्रा ज्यादा होती है। ऑक्सलेट कैल्शियम के साथ मिलकर एक कंपाउंड बनाता है, जिसे शरीर एब्जॉर्ब नहीं कर पाता। इससे कैल्शियम का एब्जॉर्प्शन कम हो जाता है और शरीर में इसकी कमी हो सकती है। हालांकि इन फूड आइटम्स में अन्य पोषक तत्व भी होते हैं, इसलिए इन्हें पूरी तरह



से नजरअंदाज करने की बजाय संतुलित मात्रा में खाना चाहिए। इससे शरीर में पोषक तत्वों का संतुलन बना रहेगा।

### हाई प्रोटीन डाइट

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए जरूरी है, लेकिन अगर इसकी मात्रा ज्यादा हो जाए, तो यह कैल्शियम के एब्जॉर्प्शन को प्रभावित कर सकता है। रेड मीट (जैसे मांसपेशी वाले मांस) और प्रोसेस्ड मीट (जैसे सॉसेज, बेकन, हॉट डॉग्स) का सेवन अत्यधिक करने से यूरिक एसिड की समस्या हो सकती है, जो हड्डियों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। यह पदार्थ शरीर के भीतर कैल्शियम के अवशोषण को प्रभावित कर सकते हैं और हड्डियों को कमजोर कर सकते हैं। इसलिए अगर हड्डियों की सेहत का ख्याल रखना है, तो इन फूड्स का सेवन सीमित करना चाहिए। *

**प्रस्तुतिः शिखर चंद जैन**

### बोंस ऐसे बनेंगी मजबूत



**स्ट्रॉन्ग बोंस** के लिए कैल्शियम से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन बढ़ा दें। शरीर को रोजाना 500 से 1000 एमजी कैल्शियम की जरूरत होती है। कैल्शियम की कमी पूरी करने के लिए आपको दूध, दही, सोयाबीन, पनीर और रागी जैसे खाद्य पदार्थों का ज्यादा सेवन करना चाहिए।

**विटामिन डी की न हो कमीः** हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए कैल्शियम के साथ-साथ विटामिन डी भी जरूरी है। यह कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाता है। इसे आप सूर्य की रोशनी में नियमित रहकर ले सकते हैं। कुछ खाद्य पदार्थ जैसे कुछ प्रकार की मछलियां, संतरा और डेयरी उत्पादों में भी इसकी अच्छी मात्रा होती है।

**एक्सरसाइज करेंः** हड्डियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आपको नियमित रूप से एक्सरसाइज करनी चाहिए। इससे हड्डियों में मजबूती आती है।

**फिटनेस**

वर्ल्ड साइकिल डे (3 जून) के अवसर पर दो टीवी एक्टर्स बता रहे हैं, साइकिलिंग करना उन्हें क्यों पसंद है और साइकिलिंग से उन्हें क्या बेनिफिट्स होते हैं?

# एनर्जी से भर देती है साइकिलिंग

**एंडटीवी पर** टेलिकास्ट हो रहे शो 'भीमा–अंधकार से अधिकार तक' में विश्वंभर सिंह की भूमिका निभा रहे एक्टर विक्रम द्विवेदी कहते हैं, 'साइकिलिंग मेरे लिए सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल है। यह हेल्थ, फिटनेस और एन्वॉयर्नमेंट मेंटेन रखने के लिए एक प्रभावी तरीका है। जब आप पैडल मारते हैं, तो आप न केवल अपनी बॉडी को फिट रखते हैं, बल्कि कार्बन उत्सर्जन कम करके पृथ्वी को भी हेल्दी बना रहे होते हैं। यह एक छोटी सी कोशिश है, जो बड़ा असर डाल सकती है।



हर दिन कुछ किलोमीटर साइकिल चलाना मेरे लिए मेडिटेशन जैसा है, जहां मैं खुद से जुड़ता हूं और नेचर को महसूस करता हूं। हम सबको साइकिलिंग को अपनी आदत में शामिल करना चाहिए। मेरी हेल्थ और फिटनेस के लिए साइकिलिंग मेरे रूटीन का अहम हिस्सा है। मैं हफ्ते में कम से कम 4-5 बार, सुबह-सुबह लगभग 30-40 मिनट साइकिलिंग करता हूं। कोशिश करता हूं कि यह रूटीन बना रहे, चाहे शूट्स कितने भी बिजी हों। सुबह की ताजी हवा और हरियाली के बीच साइकिल चलाना मुझे मानसिक शांति भी देता है। कभी-कभी वीकेंड्स पर थोड़ा लंबा रूट चुन लेता हूं, ताकि एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न कर सकूं। साइकिलिंग मेरे लिए एक फिटनेस एक्टिविटी से कहीं ज्यादा है। यह मुझे एनर्जी और पॉजिटिविटी से भर देती है।' *

**सन नियो पर** प्रसारित हो रहे शो 'रिश्तों से बंधी गौरी' में वीरेंद्र प्रताप सिंह की भूमिका निभा रहे एक्टर अमन शर्मा साइकिलिंग से अपने जुड़ाव के बारे में बताते हैं, 'साइकिलिंग एक ऐसी एक्टिविटी है, जिसमें हेल्थ, फिटनेस और एन्वॉयर्नमेंट तीनों का ख्याल एक साथ रखा जा सकता है। ये एक तीर से तीन निशाने जैसा काम है। हेल्थ के लिए बढ़िया कार्डियो वर्कआउट है, फिटनेस के लिए बॉडी को टोन करता है और सबसे बड़ी बात, ये एन्वॉयर्नमेंट फ्रेंडली है। ना धुआं, ना शोर, सिर्फ शुद्ध हवा और शुद्ध मेहनत। आज के टाइम में जब पॉल्यूशन बढ़ता जा रहा है, साइकिलिंग जैसे ऑप्शन हमें प्रकृति के और करीब ले जाते हैं।



फिलहाल मैं अपने शो की शूटिंग में इतना बिजी रहता हूं कि बाहर जाकर साइकिलिंग का टाइम मिलना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। लेकिन मैं अपने वर्कआउट में साइकिल को मिस नहीं करता हूं। क्योंकि जिम में जो स्टेटिक साइकिल होती है, वो मेरी बेस्ट फ्रेंड बन गई है। जैसे ही शूटिंग के बाद थोड़ा टाइम मिलता है, मैं उस पर प्रैक्टिस शुरू कर देता हूं। कभी-कभी तो ऐसा लगता है, जैसे वही साइकिल मुझे शूटिंग की थकान से निकाल कर फिर से एनर्जेटिक बना देती है। मेरी कोशिश रहती है कि दिन में कम से कम 20-30 मिनट साइकिलिंग जरूर हो जाए चाहे जिम में रहूं या बाहर।' *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

**अवेयरनेस**

धूम्रपान करना और वेपिंग (ई सिगरेट पीना) सिर्फ हेल्थ को ही नहीं, बल्कि महिलाओं और पुरुषों की प्रजनन क्षमता यानी फर्टिलिटी पर भी बहुत बुरा असर डालता है। वर्ल्ड नो टोबैको डे (31 मई) पर इस बारे में आपको डिटेल में बता रहे हैं।

# फर्टिलिटी के लिए बहुत हार्मफुल है स्मोकिंग

आजकल बहुत से पुरुषों और महिलाओं में बांझपन की समस्या बढ़ती जा रही है। इसका कारण केवल बढ़ती उम्र, तनाव या स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं नहीं हैं, बल्कि स्मोकिंग, शराब पीना और वेपिंग भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। वास्तव में धूम्रपान, शराब पीना और वेपिंग सिर्फ आपके शरीर को ही नुकसान नहीं पहुंचाते, बल्कि ये आपकी प्रजनन क्षमता यानी संतान पैदा करने की ताकत को भी कमजोर करते हैं। महिला और पुरुष दोनों को ये प्रभावित करते हैं। ये आदतें आपकी फर्टिलिटी को कैसे नुकसान पहुंचाती हैं, इस बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

**फर्टिलिटी को कैसे पहुंचाता है नुकसानः** धूम्रपान, पुरुष और महिला दोनों की फर्टिलिटी को नुकसान पहुंचाता है। महिलाओं में यह अंडों की संख्या कम करता है, गर्भाशय और अंडाशय को नुकसान पहुंचाता है और गर्भपात या भ्रूण के यूट्रस के बाहर बनने का खतरा बढ़ाता है। पुरुषों में यह हैबिट, शुक्राणुओं की संख्या घटाता है, उनकी क्वालिटी खराब करता है और डीएनए को नुकसान पहुंचाता है, जिससे बच्चे में जन्मजात बीमारियां हो सकती हैं।

**स्टडी के निष्कर्षः** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक दुनिया भर में 15 प्रतिशत से ज्यादा बांझपन के मामलों का कारण, स्मोकिंग और शराब का सेवन है। वर्ष 2023 की एक स्टडी के अनुसार, जिन पुरुषों को संतान होने में दिक्कत हुई, उनमें से 25 प्रतिशत से ज्यादा तंबाकू या शराब का नियमित सेवन करते थे।

**क्या कहते हैं एक्सपर्टः** दिल्ली-एनसीआर (नोएडा) स्थित मदरहुड अस्पताल की गायनेकोलॉजिस्ट और सीनियर कंसल्टेंट डॉ. मंजू गुप्ता कहती हैं, 'स्मोकिंग पुरुषों और महिलाओं की फर्टिलिटी पर बुरा असर डालता है। महिलाओं में यह एग्स की संख्या को तेजी से घटाता है, फेलोपियन ट्यूब्स को नुकसान पहुंचाता है। मिसकैरिज और एक्टोपिक प्रेग्नेंसी का रिस्क बढ़ाता है। इसके अलावा, यह गर्भाशय को भी प्रभावित करता है, जिससे फर्टिलाइज्ड एग, गर्भाशय में चिपक नहीं पाता। पुरुषों में धूम्रपान से शुक्राणुओं की संख्या कम हो जाती है, उनकी गति घट जाती है और डीएनए को नुकसान पहुंचता है। इससे मिसकैरेज या जन्मजात रोग हो सकता है। इसलिए स्मोकिंग जल्द से जल्द छोड़ देना सबसे अच्छा है।'



एनसीआर (गाजियाबाद) स्थित नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. नेहा त्रिपाठी के अनुसार, 'स्मोकिंग, शराब और वेपिंग से हार्मोन का संतुलन बिगड़ता है, जिससे महिलाओं में अंडों की गुणवत्ता कम होती है और पीरियड्स अनियमित हो जाते हैं। इससे महिलाओं को गर्भधारण (प्रेग्नेंसी) में दिक्कत आती है। धूम्रपान से फेलोपियन ट्यूब्स को नुकसान होता है। शराब का सेवन ओव्यूलेशन में रुकावट डालता है और लंबे समय तक हार्मोन में गड़बड़ी कर सकता है। वेपिंग को कुछ लोग कम हार्मफुल मानते हैं, लेकिन इसमें भी ऐसे केमिकल होते हैं, जो अंडों के विकास को नुकसान पहुंचाते हैं। जो कपल्स पैरेंट बनने की सोच रहे हैं, उन्हें इन आदतों को छोड़ देना चाहिए और अच्छी डाइट, लाइफस्टाइल को अपनाना चाहिए। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

**स्पेशल डाइट**

**अंजू जैन**

# गर्मियों का सुपर फूड गोंद कतीरा

कई न्यूट्रिशनिस्ट और हेल्थ एक्सपर्ट्स गोंद कतीरा यानी ट्रेगकांथ गोंद या कथीला गोंद को सुपरफूड मानते हैं। इसके सेवन से तमाम अन्य फायदों के साथ गर्मी में तन और मन को कूल रखने में मदद मिलती है। गोंद कतीरा कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जैसे-इम्यूनिटी बूस्ट करना, पोषक तत्वों की आपूर्ति, हाइड्रेटेड रखना, दिल का दौरा पड़ने से रोकना, गर्भवती महिलाओं को फायदा पहुंचाना, मूत्र का पीलापन दूर करना, ऊर्जा प्रदान करना, एंटी एजिंग, स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए अच्छा, त्वचा को ग्लो देना, कब्ज से मुक्ति दिलाना।

**क्या है गोंद कतीराः** गोंद कतीरा एक प्राकृतिक गोंद है, जिसे जीनस एस्ट्रैगलस की कई प्रजातियों के सूखे पौधों के रस से प्राप्त किया जाता है। गोंद कतीरा एक चिपचिपा, गंधहीन, स्वादहीन, पानी में घुलनशील पॉलीसेकेराइड का घुलनशील मिश्रण होता है, जो पौधे की जड़ से निकल कर सूख जाता है। गोंद कतीरा कैल्शियम, मैग्नीशियम से भरपूर होता है और इसमें लगभग 3% प्रोटीन भी होता है।



**गोंद कतीरा के फायदेः** गोंद कतीरा में अद्भुत कूलिंग क्वालिटीज होती हैं। इसका उपयोग अकसर शीतल पेय तैयार करने के लिए किया जाता है, जो गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा करने में मदद करता है। यह हीट स्ट्रोक और लू से बचाव करने में मदद करता है। गर्मी के मौसम में अकसर बच्चों में होने वाले नाक के रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए गोंद कतीरा बहुत उपयोगी है।

**हड्डियों के लिए लाभकारीः** यह हड्डियों को मजबूत, विकसित करने और घुटने, पीठ, कमर, टखनों, जोड़ों के दर्द को रोकने में भी मदद करता है।

**मूत्रदोषः** गोंद कतीरा का सेवन यूरीन इंकंसिस्टेंसी की समस्या में लाभकारी होता है। मूत्रनलिका में सूजन और मूत्र की रुकावट के मामले में गोंद कतीरा मूत्र की मांसपेशियों को रिलैक्स करने में मदद करता है।

**ऊर्जा के लिएः** गोंद का एक लड्डू रोज खाने से पर्याप्त ऊर्जा मिलती है। यह लड्डू गोंद, साबुत गेहूं का आटा, घी और नट्स के साथ बनाया जाता है, इसलिए यह बच्चों के लिए भी सुपर फूड की तरह होता है।

**स्किन को रखे ग्लोइंगः** गोंद कतीरा त्वचा के कसाव, दमक और सुंदरता को बढ़ाने के लिए बहुत फायदेमंद है। गोंद कतीरा में एंटी-एजिंग गुण होते हैं। यह झुर्रियों को रोकने और उनकी गति धीमी करने में मदद करता है। गोंद कतीरा का उपयोग करके एंटी-एजिंग मास्क बनाया जा सकता है। *

**(डायटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

### गर्भवती महिलाओं के लिए

डिलीवरी के बाद महिलाएं कमजोर हो जाती हैं। गोंद कतीरा शरीर की ताकत



हासिल करने में मददगार होता है और नई मां को मातृत्व की चुनौतियों का सामना करने में मदद करता है। यह पीरियड्स के दौरान भारी रक्त प्रवाह को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। गोंद बहुत पौष्टिक होता है और गोंद के लड्डू गर्भवती महिलाओं को पारंपरिक रूप से कैल्शियम और प्रोटीन से भरपूर स्वस्थ मिठाइयों में से एक है।



## बिजनेस साइट

## शक्ति पम्प्स ने मनाया फाउंडर्स डे, जारी किया 'शक्ति कोड ऑफ कंडक्ट'




**इंदौर।** शक्ति पम्प्स इंडिया लिमिटेड ने अपने संस्थापक स्वर्गीय मनोहर लाल पाटीदार की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य 'फाउंडर्स डे' का आयोजन किया। यह दिन उनकी दूरदर्शिता, समर्पण और प्रेरणादायी नेतृत्व को स्मरण करने तथा उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित था। कार्यक्रम में कंपनी के सभी अनुषंगी संगठनों के डायरेक्टर्स, कर्मचारीगण एवं उनके परिवारजन शामिल हुए। यह आयोजन शक्ति पम्प्स परिवार की एकता और सामूहिक भावना का प्रतीक बन गया, जिसमें 3000 से अधिक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने स्व. मनोहर लाल पाटीदार के प्रारंभिक संघर्षों, उनकी दूरदृष्टि और संस्था को शून्य से शिखर तक पहुँचाने की यात्रा को साझा किया। उन्होंने कंपनी की मूल विचारधाराओं - सीखने का जुनून, व्यक्ति एवं प्रणाली का सम्मान, श्रेष्ठता के लिए निरंतर प्रयास, ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और नैतिक मूल्यों को दोहराया। इस अवसर पर एसोसिएट डायरेक्टर रामाकृष्णा सथलूरी ने 'शक्ति कोड ऑफ कंडक्ट' का विमोचन किया।

## एक्सिस बैंक व सुपर मनी ने पेश किया कैशबैक क्रेडिट कार्ड

**रायपुर।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक और फ्लिपकार्ट समूह के अग्रणी क्रेडिट-फर्स्ट यूपीआई प्लेटफॉर्म, सुपर मनी ने अपने सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड - एक्सिस बैंक सुपर मनी रुपे क्रेडिट कार्ड का अनावरण किया। यह क्रेडिट कार्ड भारत के वैश्विक कार्ड भुगतान नेटवर्क रुपे पर उपलब्ध है, जो ग्राहकों को बेहतरीन रिवॉर्ड और सुविधा प्रदान करता है। डिजिटल और भौतिक रूप से उपलब्ध नया रुपे क्रेडिट कार्ड यूपीआई, कार्ड पीओएस टर्मिनल, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और एटीएम के माध्यम से सहज लेनदेन का समर्थन करता है।

## सिपेट रायपुर में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश की आवेदन तिथि बढ़ी

**रायपुर।** केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) रायपुर में डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक विद्यार्थी 1 जून 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 29 मई निर्धारित की गई थी। एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एंड टेस्टिंग, डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी और डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सिपेट एडमिशन टेस्ट-2025 के माध्यम से चयन किया जाएगा, जिसकी ऑनलाइन परीक्षा 9 जून 2025 को आयोजित की जाएगी। 10वीं उत्तीर्ण छात्र डीपीएमटी या डीपीटी के लिए तथा बीएससी उत्तीर्ण छात्र पीजीडी-पीपीटी के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक छात्र वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# एमएसएमई गुणवत्ता मानकों का पालन करे, अधिक उत्तरदायी बनें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बुधवार को एमएसएमई से उत्पादों के निर्माण के दौरान स्वैच्छिक और अनिवार्य गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने को कहा।
इसके साथ ही उन्होंने उनसे समस्याओं को साझा करने और उसका समाधान खोजने में अपनी ओर से अधिक सक्रिय होने का आग्रह किया।

यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए खरे ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और इसे हासिल करने में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम) की प्रमुख भूमिका होगी।




### परीक्षण सुविधा की स्थापना हो

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि उद्योग के प्रतिभागी किसी भी कठिनाई के दौरान सहायता के लिए मंत्रालय से संपर्क कर सकते हैं, चाहे वह मानकों का निर्माण हो या परीक्षण सुविधा की स्थापना। खरे ने कहा, "..हम इसे स्थापित करेंगे। हम नहीं चाहते कि आपको परेशानी हो।" सचिव ने कहा कि एमएसएमई को अधिक उत्तरदायी होना होगा।

### नई प्रयोगशाला स्थापना पर 78 करोड़ मंजूर

हाल ही में मौजूदा परीक्षण प्रयोगशालाओं को मजबूत करने और नई प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए 78 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। खरे ने कहा, "आखिरकार, कोई भी राष्ट्र जो विकास करता है, उसे अपने माल और सेवाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी होती है। इसमें कोई परहेज नहीं हो सकता, या गुणवत्ता की चिंता में कोई छूट नहीं दी जा सकती।"

### उद्योग की और से शायद ही भागीदारी

सचिव ने बताया कि जब भी मानक तैयार किए जाते हैं, तो उद्योग की ओर से शायद ही कोई भागीदारी होती है। खरे ने कहा, ..शिक्षाविद, क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञ...वास्तव में मानक ला रहे हैं, जबकि यह मानक, उद्योग के लिए और उद्योग द्वारा होने चाहिए...।" उन्होंने यह बात, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए एक गैर-लाभकारी संगठन इंडिया एसएमई फोरम द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कही।

## सेल का लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 1,251 करोड़ रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 1,250.98 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व में बढ़ोतरी के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजारों को मार्च तिमाही के वित्तीय नतीजों की जानकारी दी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 1,125.68 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। आलोच्य अवधि में सेल का परिचालन राजस्व बढ़कर 29,316.14 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले साल की समान तिमाही में 27,958.52 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में व्यय 28,020.56 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में यह 26,473.86 करोड़ रुपये था। तिमाही आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ अक्टूबर-दिसंबर 2024 में अर्जित 141.89 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ की तुलना में लगभग नौ गुना अधिक रहा। हालांकि, समूचे वित्त वर्ष (2024-25) में इस्पात कंपनी का शुद्ध लाभ घटकर 2,371.80 करोड़ रुपये रह गया जो वित्त वर्ष 2023-24 में 3,066.67 करोड़ रुपये था। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 10 रुपये के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 1.60 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है।

### मजबूत प्रदर्शन हमारी क्षमता को दर्शाता है

सेल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने कहा, "हमारे नवीनतम वित्तीय परिणाम परिचालन दक्षता, सतत वृद्धि और हितधारकों के लिए मूल्य सृजन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। पिछली तिमाही में मौजूद अंतरराष्ट्रीय शुल्क और आयात दबाव से उत्पन्न चुनौतियों के बीच, हमारा मजबूत प्रदर्शन हमारी क्षमता को दर्शाता है।"

## सोना 500 और चांदी 1000 रुपए रही तेज

**नई दिल्ली ।** विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 500 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इसके अलावा, चांदी की कीमत भी बुधवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में, मंगलवार को चांदी की कीमत 1,370 रुपये टूटकर 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 23.16 डॉलर प्रति औंस या 0.7 प्रतिशत बढ़कर 3,323.87 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## एनएमडीसी का शुद्ध लाभ 5% बढ़कर 1,483 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में पांच प्रतिशत बढ़कर 1,483.18 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,415.62 करोड़ रुपये था। एनएमडीसी की कुल आय बीते वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 7,497.17 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 6,908.37 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 6,538.82 करोड़ रुपये रहा जो इससे पिछले साल 5,571.25 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 25,498.84 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 22,678.73 करोड़ रुपये थी।

## इंटेलसैट को भारत में सीधे उपग्रह प्रसारण की मंजूरी

**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित इंटेलसैट घरेलू मीडिया संगठनों को सीधे उपग्रह कवरेज देने के लिए भारत सरकार से मंजूरी पाने वाली पहली विदेशी उपग्रह परिचालकों में से एक बन गई है। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन केंद्र से मंजूरी हासिल करने के बाद उसे भारत की तीन सबसे बड़ी मीडिया कंपनियों से नया व्यवसाय मिला है।


### कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी ) बोर्ड

"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर 24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018
फोन 0771 2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र. / बी-6 / वि.स.क्षे. चंदपुर / 36 / 25 26 / 1584 — रायपुर, दिनांक 27/05/2025

**ई प्रोक्यूरमेंट (द्वितीय) निविदा आमंत्रण सूचना**
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal : http://samb. eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-
ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 23.06.2025
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 27.06.2025

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत ( लाख में) | एस.ओ.आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला सक्ती वि.ख. मालखरौदा के ग्राम सकरी, बंजारी, मोहंदीकला, डिक्सी, एवं बंदोरा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 208.76 | लो.नि.वि.सड़क एवं ब्रिज, कार्य हेतु दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ. आर. |
| 2 | जिला सक्ती वि.ख. डभरा के ग्राम डोमनपुर, वि.ख. मालखरौदा के ग्राम कुलबा, कुधरी, करीगांव, सुकलीपाली एवं परसा में सी.सी. रोड निर्माण तथा ग्राम चरौदा के बागान नाला में पुलिया निर्माण कार्य । | 208.82 | |
| 3 | जिला सक्ती वि.ख. डभरा के ग्राम कवलाझर एवं टुण्ड्री में सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 62.28 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाइट पर देखे जा सकते है।

S-43998/1 — प्रबंध संचालक

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :– 01/R1/2024-25/EE/RWD/LATEHAR — दिनांक : 27.05.2025

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHA R11/2024-25 | महुआडांड | जलजाली से जामडीह तक पथ निर्माण। | 1138.066 | ग्यारह करोड़ अड़तीस लाख छः हजार छः सौ रूपये मात्र। | 18 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :— 31.05.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :— 10.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— 12.06.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन — 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 — 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार
PR.NO.353746 REO(25-26):D

### छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग बीजापुर वनमंडल, बीजापुर, जिला- बीजापुर (छ.ग.)

**नीलाम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बीजापुर वनमंडल के बीजापुर / काष्ठागार/बांसागार के ईमारती काष्ठ एवं अगरबत्ती काड़ी का नीलाम दिनांक 02/06/2025 को प्रातः 09:00 बजे से एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल के माध्यम से ई- नीलाम द्वारा निवर्तन किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि, वे ई-नीलाम में भाग लें। ई-नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वन मण्डल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-नीलाम के पूर्व लाटों को भली भाँति देख लें।

| काष्ठागार का नाम | पुराना काष्ठ अविक्रीत प्रजाति | घ.मी. | बल्ली / डेंगरी नग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| ईमारती काष्ठ | | | |
| बीजापुर काष्ठागार | सागौन | 66.542 | 88 |
| | साजा | 13.723 | 0 |
| | हल्दू मुण्डी | 1.262 | 0 |
| | शीशम | 0.290 | 0 |
| | बीजा | 2.084 | 0 |
| | अन्य | 11.158 | 0 |
| | योग :- | 95.059 | 88 |
| अगरबत्ती काड़ी | | | |
| | अगरबत्ती काड़ी (चौकड़ी) | | |

टीप :- 01. क्रेताओं को ई-नीलाम से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 02. क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 03. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग-इन करके देख सकते है। 04. ई-नीलाम में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी बीजापुर
वनमण्डल बीजापुर
G-252601224/3

### DIRECTORATE OF INSTRUCTIONS

Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya,Krishak Nagar, Raipur - 492 012 (CG)

क्रमांक/वि.वि. भण्डार /2025/494 — दिनांक: 27/05/2025

**REVISED PG ADMISSION NOTICE 2025-26**

Online applications are invited for admission to PG programmes of this Vishwavidyalaya in the Faculty of Agriculture, Horticulture and Agricultural Engineering through PG Common Entrance Test (PG-CET-2025) for the Academic Session 2025-26. The PG-CET-2025 is re-scheduled on 29.06.2025 for PG programmes. The application form along with all other details is available on the weblink https://igkv.ac.in from 07.05.2025. The last date of filling online application is extended up to 10.06.2025.

S-43996/1 — REGISTRAR

### कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला - महासमुन्द (छ.ग.)

Email ID:- tribalmahasamund@gmail.com,
Phon/Fax No- 07723-223912

**:: ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण ::**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. ( लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 169231 | CONTRUCTION OF 50 SEATER POST MATRIC BOYS (SC) HOSTEL MAHASAMUND BLOCK - MAHASAMUND DIST- MAHASAMUND BUILDING WORK | रू. 181.77 लाख |

**निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक - 16.06.2025 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास महासमुन्द
G-252601200/4

### Office of the Executive Engineer Road Construction Department, Road Division, Chaibasa

eercdchaibasa-jhr@nic.in

**Very Short E-Procurement Notice**

E-tender Reference No. : RCD/CHAIBASA/2024-25/17 (8th Call)
Date : 28.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Selection of Bidder for collection of user fee through fee collecting agency on the basis of the competitive bidding through on E-Tender Basis only at Km. 13+400 at Sanagajata Toll Plaza for the section from Km. 0.00 to Km. 47.86 (Chaibasa-Kandra Section) of State Highways No. 5 in the state of Jharkhand. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs 12,43,50,000.00 (Twelve Crore Forty Three Lacs Fifty Thousand) Only. Per annum |
| 3. | Time of Completion | 02 (Two) Years |
| 4. | Date of Publication of Tender On Website | 02.06.2025 at 11.30 AM |
| 5. | Last date/Time for receipt of bids. | 16.06.2025 Up to 3.00 P.M. |
| 6. | Date of Opening of Bid | 17.06.2025 at 03:30 P.M. |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, RCD, Road Division, Chaibasa |
| 8. | Contact no. of Procurement Officer | 7781899686 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3510880 |

* Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in

PR 353710 West Singhbhum(25-26)#D
Executive Engineer
RCD, Road Division, Chaibasa.

### कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन कार्य हेतु दिनॉक 16.06.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 21 | 169219 | जिला कोण्डागांव के केशकाल में 100 बिस्तरीय छात्रावास भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 109.00 लाख |
| 2 | 22 | 169220 | अनुविभाग पखांजूर मे कर्मचारियों हेतु 02 नग "एच" टाईप एवं 02 नग "जी" टाईप आवासगृह निर्माण कार्य। | 49.66 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि- 16.06.2025 है।
नोटः- प्रथम आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर
G-252601207/5

### झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची

(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट पहचान सं0 –U51228JH2010SGC014519, TIN No - 20520108277
उत्पाद भवन, भूतल, नवीन पुलिस केद्र के समीप, कॉंके रोड़, राँची
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

पत्रांकः–1296 — राँची, दिनांकः–26/05/2025

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना संख्या–JSBCL/02, जिसका– Advt. P.R. No.- 352923 द्वारा निकाली गई इच्छा की अभिव्यक्ति को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
महाप्रबंधक (संचालन)
झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, झारखण्ड, राँची।
PR 353727 (Excise) 25-26 (D)

### कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बा. बाजार छ.ग.

E-mail Id
csbbazar.cg@gov.in.csbalodabazar2013@yahoo.com
Telephone 07727-223532

क्रमांक /सी.एस/2025/2003 (Q) — बलौदाबाजार, दिनांक 26.05.2025

**जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में पार्किंग व्यवस्था हेतु निविदा सूचना ( द्वितीय आमंत्रण) बाबत विज्ञप्ति**

जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार के पार्किंग व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रित (द्वितीय आमंत्रण) की जा रही है। निविदा प्रपत्र की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में किसी भी दिवस (शासकीय अवकाश को छोड कर ) में प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र का मुल्य रू. 500.00 (अक्षरी पांच सौ रूपये का डिमान्ड ड्राफट **जीवनदीप समिति जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार** के नाम से) जमा कर प्राप्त कर सकते है।

निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक :- 12.06.2025 को सायं 5.00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक :- 13.06.2025 (शुक्रवार) दोपहर 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि दिनांक :- 13.06.2025 ( शुक्रवार) सायं 04:00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है, जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पोर्टल मे चस्पा कर दी जावेगी।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार छ.ग.
G-252601221/2

### कार्यालय कलेक्टर, जिला - कोण्डागांव (आदिवासी विकास शाखा)

क्रमांक /601/आ.वि./निर्माण/2025-26 — कोण्डागांव, दिनांक 23/05/2025

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-**
**(प्रथम सूचना )**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्यो के लिए कार्यालय कलेक्टर, (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) जिला कोण्डागांव के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत "C" श्रेणी एवं इसमें ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ. आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

**ई-टेंडरिंग हेतु निर्धारित तिथि निम्नानुसार होगी :-**
1. ई निविदा प्रारंभ तिथि - 23.05.2025
2. ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 20.06.2025
3. निविदा प्रपत्र की चालान एवं अमानत राशि (एफ.डी.आर.) प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से) - 23.06.2025
4. निविदा खोलने की तिथि - 24.06.2025

| एनआई टी क्रं. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम / स्थान का नाम | निविदा की राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 599 दिनांक 23.05.2025 | 169105 | पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास केशकाल का भवन निर्माण कार्य। | 181.77 |
| 600 दिनांक 23.05.2025 | 169111 | पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास माकड़ी का भवन निर्माण कार्य। | 181.77 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट- https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।
**टीपः- प्रत्येक कार्य हेतु - निविदा प्रपत्र का मूल्य 3000/- रूपये, अमानत राशि 1.36 लाख रूपये एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह (वर्षा काल) सहित है।**

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास,कोण्डागांव
G-252601209/4

### CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A successor company of CSEB) (CIN-U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail:ceciviltrans.raipur @cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146

No.-04-01/Trans./Works/711 — Raipur, dtd. 27.05.2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-
**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/14, Rfx No.- 8100042801,** Annual work of Up-keeping & maintenance of Camping House situated at 132 KV S/s Premises, Jagdalpur.; **NIT Value:-** Rs. 5.39 Lakhs **& EMD:-** Rs 5,400/-, **Completion Period:-** 12 Months.**2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/15, Rfx No.- 8100042952** , Construction of additional ladies toilet, renovation of floor and aluminum partition in O/o C. E. Civil (Project-II) CSPGCL functioning at shed no. 02 CSPC premises, Danganiya Raipur.; **NIT Value:-** Rs. 10.84 Lakhs **& EMD:-** Rs 10,900/-, **Completion Period:- 03** Months.**3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/16, Rfx No.- 8100043090,** Repair & Maintenance work of staff quarters (OF-01 to 08) & (OC-1) type at 132 KV S/s Colony premises Jagdalpur.; **NIT Value:-** Rs13.74 Lakhs **& EMD:-** Rs 13,800/-, **Completion Period:-** 03 Months.**4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/17, Rfx No.- 8100042495,** Extension of control room for installation of 2nd set battery set and battery charger at 220 KV S/s Gerwani under S/s Dn. CSPTCL Raigarh.; **NIT Value:-** Rs. 7.38 Lakhs **& EMD:-** Rs 7,400/-, **Completion Period:-** 06 Months.**5.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/18, Rfx No.- 8100043169,** Providing 3rd 40 MVA 132/33 KV X-mer 33 KV Section Isolator and 2nd set of 33 KV PT at 132 KV S/s Dongargaon.; **NIT Value:-** Rs. 29.62 Lakhs **& EMD:-** Rs 29,700/-, **Completion Period:-** 03 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, 02, 03, 04 is Rs.2000/- (i/c GST), Sl. No.- 05 is Rs.5000/- (i/c GST)** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 18.06.2025 for Sl. No.- 01, 02; dt. 19.06.2025 for Sl. No.- 03, 04; dt. 20.06.2025 for Sl. No.- 05.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

SAVE ELECTRICITY
(Sanjay Tiwari)
Chief Engineer (Civil) CSPTCL, Raipur




# आईपीएल 2025 : सूर्यवंशी ने लगाया रिकॉर्ड शतक, म्हात्रे ने किया कारनामा और पंत करते रहे संघर्ष

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत ने आखिरकार लखनऊ सुपर जायंट्स के अंतिम लीग में शतक जड़कर कमाल कर दिया लेकिन टीम जीत से चूक गई जबकि अक्षर पटेल की दिल्ली कैपिटल्स अच्छी शुरुआत के बाद राह से भटक गई। पूर्व विजेता चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और सनराइजर्स हैदराबाद ने पूरे टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन किया। इस साल आईपीएल के 70 मैच के शुरुआती दौर को खत्म होने में 10 दिन के ब्रेक सहित कुल 67 दिन लगे और अभी तक टूर्नामेंट के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले। प्लेऑफ शुरू होने से पहले अब तक का उतार-चढ़ाव का सफर इस प्रकार है ।

### युवाओं ने बिखेरा जलवा

राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी जब पिछले दिसंबर में 'मेगा नीलामी' में चुने गए थे तो उनकी उम्र 13 साल थी और मई में 14 साल की उम्र में वह गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद पर आईपीएल में सबसे तेज शतक और अब तक दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए। भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भी शतक लगाने वालों खिलाड़ियों में शामिल थे। इस सूची में पंजाब किंग्स के 'अनकैप्ड' प्रियांश आर्य भी शामिल थे जिन्होंने अपना पहला आईपीएल शतक जड़ा। प्रभसिमरन सिंह ने भी दिखाया कि उनमें दम है जबकि आयुष म्हात्रे ने अपने प्रदर्शन से चेन्नई सुपर किंग्स को मुस्कुराने का मौका दिया।

### हैदराबाद की खराब फॉर्म

पिछले साल की उपविजेता एसआरएच सबसे खतरनाक बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ उतरी थी लेकिन उसका आक्रामक रवैया पूरी तरह विफल रहा। एसआरएच ने आईपीएल की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह विकेट पर 286 रन से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर की और समापन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट पर 278 रन से तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर किया। टीम के पास बल्लेबाजी के लिए कोई 'प्लान बी' नहीं था जिसमें नितीश कुमार रेड्डी ने काफी हद तक निराश किया और पावरप्ले में गेंदबाजी करने के लिए एक बेहतरीन स्पिनर नहीं होने से उन्हें नुकसान हुआ।



### चेन्नई ने सीखा सबक



सीएसके ने इस साल सबक सीखा क्योंकि उसे युवा प्रतिभाओं को बेंच पर रखने और सिर्फ एमएस धोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की अपनी रणनीति को छोड़ना पड़ा। 17 वर्षीय मुंबई के बल्लेबाज म्हात्रे ने टीम की परेशानियों के बावजूद अच्छा प्रदर्शन किया जबकि दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस ने अंत में शानदार प्रदर्शन किया। अफगानिस्तान के 20 वर्षीय नूर अहमद सीएसके के सबसे सफल स्पिनर रहे जबकि आर अश्विन और रविंद्र जडेजा अन्य विकल्प थे।

### सुदर्शन की दमदार बल्लेबाजी



युवा सुदर्शन ने दिखाया कि जोखिम लिए बिना भी रन जुटाए जा सकते हैं। वह अभी तक 670 से ज्यादा रन बनाकर सूची में शीर्ष पर है और इसका ईनाम उन्हें इंग्लैंड के टेस्ट दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने से मिला। गुजरात टाइटन्स का यह बल्लेबाज इस सत्र के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल रहा।

### मुंबई का चैंपियन की तरह प्रदर्शन

मुंबई इंडियंस ने हमेशा ही तरह धीमी शुरुआत करने के बाद प्लेऑफ में जगह बनाई। पहले पांच मैच में चार हार के साथ शुरुआत करने के बाद हार्दिक पंड्या की टीम अगले छह मैच जीतकर शीर्ष टीमों में पहुंच गई। रोहित शर्मा और तिलक वर्मा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन सूर्यकुमार यादव ने दिखाया कि वह इसमें सर्वश्रेष्ठ क्यों है। जसप्रीत बुमराह ने 10 मैच में 17 विकेट चटकाए हैं।

### मार्श और पूरन का दबदबा

पहले आठ मैच में पांच जीत ने लखनऊ सुपर जायंट्स को अंतिम चार में जगह बनाने का मौका दिया, लेकिन पंत का बल्ले से खराब प्रदर्शन, मध्य क्रम में गहराई की कमी और गेंदबाजी में विविधता की कमी के कारण वे फिर से प्लेऑफ से चूक गए। लेकिन मिचेल मार्श, निकोलस पूरन और एडेन मारक्रम ने उन्हें मजबूती दी।

### पंजाब किंग्स का उदय

पिछले एक साल में कप्तान श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि वह हमेशा संघर्ष करने वाली टीम के बदलाव के सूत्रधार रहे। दृढ़ अय्यर और ऑस्ट्रेलियाई रिकी पोंटिंग जैसे कोच के साथ इस बात में कोई संदेह नहीं था कि पीबीकेएस को हराना काफी मुश्किल होगा और केकेआर के खिलाफ सबसे कम स्कोर (111 रन) का बचाव करने जैसा प्रदर्शन इसका एक उदाहरण है।

### गिल की टाइटंस ने भरी उड़ान

तीन साल पहले गुजरात टाइटंस में शामिल होने के बाद से उन्होंने प्रत्येक सत्र में कम से कम 400 रन तो बनाए ही हैं लेकिन गिल ने सिर्फ उदाहरण ही पेश नहीं किया बल्कि यह सुनिश्चित किया कि उनकी टीम राशिद खान जैसे मुख्य गेंदबाज की खराब फॉर्म के बावजूद दौड़ में आगे रहे।





### राजस्थान के लिए खराब सत्र

संजू सैमसन की फिटनेस और अन्य खिलाड़ियों में जज्बे की कमी के कारण टीम निचले स्थान पर रही सीएसके से ऊपर रही। जोस बटलर, अश्विन, युजवेंद्र चहल और ट्रेंट बोल्ट जैसे खिलाड़ियों से अलग होने से उसका संतुलना शायद कुछ ज्यादा ही बिगड़ गया।

### दिल्ली हुई बेपटरी

आईपीएल की शुरुआत में ऐसा लग रहा था कि टीम कोई गलती नहीं करेगी लेकिन लगातार निरंतर प्रदर्शन के मामले में टीम पिछड़ गई। पहले छह में से पांच जीत के साथ शुरुआत करने के बाद टीम तालिका में शीर्ष पर थी लेकिन अचानक गिरावट से अगले आठ में से पांच मैच गंवा बैठी।

### कोलकाता का प्रदर्शन खराब

कप्तान अजिंक्य रहाणे अकेले दम पर डटे रहे, लेकिन फ्रेंचाइजी के सबसे महंगे खिलाड़ी और उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर के लिए सत्र काफी खराब रहा। पहले आठ मैच में पांच हार के साथ गत चैंपियन के लिए प्लेऑफ की दौड़ काफी पहले ही खत्म हो गई थी।

---

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 14 | 9 | 4 | 19 |
| बेंगलुरु | 14 | 9 | 4 | 19 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| मुंबई | 14 | 8 | 6 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 14 | 6 | 8 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
679 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
24 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल के 18वें सत्र का क्वालीफायर 1 मुकाबला आज शाम 7.30 बजे


# अय्यर की रणनीति और आरसीबी की प्रतिभा के बीच आज होगी जंग

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

श्रेयस अय्यर की प्रेरक नेतृत्व क्षमता की अब तक की सबसे कठिन परीक्षा होगी जब पंजाब किंग्स गुरुवार को आईपीएल के पहले क्वालीफायर में उत्साह से भरी एक अन्य टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मेजबानी करेगा। शीर्ष दो में स्थान प्राप्त करने के बाद इन दोनों टीम से फाइनल में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि पहले क्वालीफायर में हारने के बावजूद उन्हें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। इसका श्रेय अय्यर और रिकी पोंटिंग (मुख्य कोच) की जोड़ी को जाता है जिन्होंने टीम की संस्कृति को बदलकर उसे नया स्वरूप प्रदान किया। दूसरी ओर आरसीबी को नॉकआउट चरण में कई बार हार का सामना करना पड़ा तथा इस बार वह खिताब के सूखे को खत्म करने की उम्मीद कर रही है। उनके अपने शब्दों में खिताब के दोनों दावेदारों के लिए काम अभी आधा ही हुआ है।





### बेंगलुरु की गेंदबाजी मजबूत

आरसीबी को भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में कुछ खिलाड़ियों की चोट को लेकर चिंता थी लेकिन वह काफी हद तक दूर हो गई है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है और टिम डेविड भी चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिससे टीम में अधिक संतुलन आएगा। आरसीबी पिछले कई वर्षों से अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर निर्भर रही है, लेकिन जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ियों के मध्यक्रम में अपनी क्षमता दिखाने के बाद ऐसा लगता है कि यह बदल रहा है।

### अय्यर-पोंटिंग ने लाया बदलाव

अय्यर-पोंटिंग की जोड़ी पंजाब किंग्स में शानदार बदलाव लेकर आई है और टीम ने लीग चरण में शुरू से लेकर आखिर तक अच्छा प्रदर्शन किया है। यह संयोजन खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सफल रहा है, जिससे यह एक मजबूत टीम बन गई है। प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की सलामी जोड़ी ने अय्यर और जोश इंगलिस जैसे खिलाड़ियों के लिए मंच तैयार किया है। फिनिशर शशांक सिंह ने लगातार अपने खेल में सुधार किया है जबकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने बल्ले से अपनी क्षमता का पता लगाकर बल्लेबाजी को और अधिक मजबूत बना दिया है।

### गेंदबाजी विभाग चिंता का विषय

पंजाब के लिए चिंता का विषय गेंदबाजी विभाग है, विशेषकर दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन के जाने के बाद, जो राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के लिए स्वदेश लौट गए हैं। यानसन ने पावरप्ले और डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण ओवर फेंके और टीम को निश्चित रूप से उनकी कमी खलेगी। काइल जैमीसन ने आपने पहले मैच में कुछ उम्मीद जगाई है, लेकिन उन्हें प्रभाव छोड़ने के लिए बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की वापसी करने और हमेशा सटीक गेंदबाजी करने वाले हरप्रीत बरार के साथ मजबूत जोड़ी बनाने की उम्मीद है। अर्शदीप सिंह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए लंबे समय से बेहतरीन तेज गेंदबाज रहे हैं और उन्होंने खेल के सभी चरणों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# भांबरी और गैलोवे की युगल जोड़ी फ्रेंच ओपन में जीती



एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत के युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन पुरुष युगल के पहले दौर में कड़े मुकाबले में जीत हासिल की।

ऋत्विक बोलीपल्ली की ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में पहली जीत की तलाश जारी रहेगी। भांबरी और गैलोवे ने पहले दौर में रोबिन हासे और हेंड्रिक जेबेन्स की जोड़ी को 6-3, 6-7(8), 6-3 से शिकस्त दी। कनाडा के गैब्रियल डायलो और ब्रिटेन के जैकब फर्नले ने महज 56 मिनट में बोलीपल्ली और बैरिएंटोस की जोड़ी पर 6-0, 6-2 से जीत हासिल की। भांबरी नेट पर बहुत सक्रिय थे। उन्होंने कुछ बेहतरीन वॉली विनर लगाए और कोर्ट के पीछे के स्ट्रोक्स में भी दमदार थे। उनका कोर्ट कवरेज भी जबरदस्त था।

भांबरी ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में दो सेट प्वाइंट बचाए और एक मैच प्वाइंट भी बनाया। लेकिन इस भारतीय का फोरहैंड नेट से टकरा गया। इस तरह हासे गेम को निर्णायक गेम तक ले जाने में सफल रहे। भांबरी और गैलोवे ने फिर निर्णायक सेट के चौथे गेम में जेबेंस की सर्विस तोड़कर 3-1 की बढ़त हासिल की। भांबरी ने वॉली विनर के साथ मैच का अंत किया।

---

## खबर संक्षेप



### भारत ने अर्जेंटीना को पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया

**रोसारियो।** गोलकीपर और कप्तान निधि ने लगातार चार गोल बचाए जिससे भारत ने चार देशों के जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान अर्जेंटीना को मैच 1-1 से बराबर छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया। कनिका (44वें मिनट) ने निर्धारित समय में भारत के लिए एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुआंगी ने शूटआउट में गोल करके टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में भारत को जीत दिलाई। अर्जेंटीना ने अच्छी शुरुआत की। मिलग्रोस डेल वैले (10वें मिनट) ने घरेलू टीम को पहले क्वार्टर में बढ़त दिलाई, जबकि भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के गोल से स्कोर बराबर किया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम यूरोपीय चरण के लिए रवाना



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भाग लेने के लिए बुधवार सुबह बेंगलुरु से एम्स्टर्डम के लिए रवाना हुई। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के खिलाफ अपने पहले चार मैचों के लिए लंदन रवाना होने से पहले आठ जून तक एम्स्टर्डम में अभ्यास करेगी। भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम से भिड़ेगा, इसके बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ मैच खेलेगा। इसके बाद भारत 19 जून को एंटवर्प जाएगा, जहां उसे बेल्जियम के खिलाफ अगले दो मैच खेलने हैं। ये मैच 21 और 22 जून को खेले जाएंगे। यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ दो मैचों के साथ होगा।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

# एरिगैसी ने विश्व चैंपियन गुकेश को हराया, नाकामुरा से हारे कार्लसन




एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर

विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें दूसरे दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा। ए रि गै सी इस शानदार जीत से संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। दूसरे दौर के एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले मे हिकारु नाकामुरा ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया। कार्लसन ने पहले दौर में गुकेश को हराया था।

छह खिलाड़ियों वाले डबल राउंड-रॉबिन ओपन वर्ग में खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे गुकेश शुरुआती दो राउंड हारने के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। विश्व के चौथे नंबर के भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी 4.5 अंकों के साथ अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। सफेद मोहरों से खेल रहे एरिगैसी ने शुरुआत में बढ़त हासिल कर ली, लेकिन गुकेश की मजबूत रक्षापंक्ति ने अंत में बराबरी का खेल बना दिया। आखिर में मुकाबला रोमांचक बन गया था लेकिन गुकेश समय कम होने के कारण दबाव में आ गए और एरिगैसी इसका फायदा उठाकर चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच को 62 चाल में जीतने में सफल रहे। एरिगैसी तीसरे दौर में फैबियानो कारुआना से खेलेंगे, जबकि गुकेश रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक नाकामुरा के खिलाफ वापसी की उम्मीद करेंगे।

### हम्पी और वैशाली ने किया निराश

महिला वर्ग में भारत के दोनों खिलाड़ियों ने निराश किया। यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी पर शानदार जीत दर्ज की। आर वैशाली चीन की टिंगजी लेई से आर्मागेडन गेम में हार गईं। टूर्नामेंट की स्कोरिंग प्रणाली में क्लासिकल प्रारूप में विजेता को तीन अंक मिलते हैं। यदि क्लासिकल बाजी ड्रा हो जाती है, तो खिलाड़ियों को एक-एक अंक मिलता है और फिर आर्मागेडन में वे आधे अंक के लिए खेलते हैं।



### पंत का 1 रन पड़ा 10 लाख रुपए का

**नई दिल्ली।** आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी का 1 रन 10 लाख रुपए का पड़ा है। लखनऊ ने पंत को खरीदने के लिए 27 करोड़ रुपए खर्च किए थे। पंत ने लखनऊ के लिए 14 मैच में 24.45 की औसत और 133.16 की स्ट्राइक रेट से कुल 269 रन बनाए।



पंत की जितनी फीस रही, उस हिसाब से उनका प्रदर्शन नहीं रहा। यानी नाम बड़े और दर्शन छोटे वाली कहानी रही। ऐसे में ऋषभ पंत के 27 करोड़ रुपए का हिसाब लगाया जाए तो आईपीएल 2025 में जितने उन्होंने रन बनाए हैं, लखनऊ सुपर जायंट्स ने हर एक रन के लिए 10 लाख रुपए खर्च किए हैं।

# भारत की रिले टीम को स्वर्ण पदक रुपल का सोने-चांदी पर कब्जा

एजेंसी ▶▶| गुमी

भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना खिताब बरकरार रखा जबकि बुधवार को यहां चार और रजत तथा एक कांस्य पदक जीतकर देश ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन अपने पदकों की संख्या को आठ तक पहुंचाया।

रुपल चौधरी, संतोष कुमार, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की भारतीय चौकड़ी ने तीन मिनट 18.12 सेकंड के



समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। रूपल ने बुधवार को ही व्यक्तिगत महिला 400 मीटर स्पर्धा में रजत पदक भी जीता। चीन की टीम तीन मिनट 20.52 सेकंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि श्रीलंका ने तीन मिनट 21.95 सेकंड के समय से कांस्य पदक जीता। अधिकांश समय अमेरिका में रहने वाले तेजस्विन शंकर भारत के लिए रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने शामिल रहे। तेजस्विन ने 10 स्पर्धाओं की डेकाथलन प्रतियोगिता में 7618 के स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया। प्रवीण चित्रावेल ने पुरुष त्रिकूद में 16.90 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीता। इससे पहले रुपल चौधरी (400 मीटर) और पूजा (1500 मीटर) ने रजत पदक जीते जबकि यूनुस शाह ने पुरुष 1500 मीटर में कांस्य पदक अपने नाम किया।

### सात्विक-चिराग की जीत से वापसी, चोटिल लक्ष्य बाहर

**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ वापसी की। लक्ष्य सेन को निराशा हाथ लगी और उन्हें पीठ के निचले हिस्से में दर्द के होने के कारण शुरुआती दौर के मुकाबले के बीच में ही मैच छोड़ना पड़ा। चिराग की जोड़ी ने मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकाल को केवल 40 मिनट के अंदर 21-16, 21-13 से हराया। यह 41वीं रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी पर सात्विक और चिराग की दूसरी जीत थी। भारतीय जोड़ी वर्तमान में विश्व में 27वें स्थान पर है। भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सेन को चीनी ताइपे के लिन चुन-यी के खिलाफ अपने पहले दौर के मुकाबले के दौरान चोट के कारण बाहर होना पड़ा। वर्तमान में विश्व में 17वें स्थान पर काबिज सेन ने अच्छी शुरुआत की और पहला गेम 21-15 से जीता। लेकिन विश्व में 19वें नंबर के लिन ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-17 से जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में सेन चोट के कारण रिटायर होने से पहले 5-13 से पीछे चल रहे थे।

## चार जून को थाईलैंड के खिलाफ होगा भारतीय फुटबॉल टीम का मुकाबला

# सुहैल भारतीय टीम में शामिल, अनवर की वापसी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

मुख्य कोच मानोलो मारक्वेज ने चार जून को थाईलैंड के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए 28 भारतीय टीम की घोषणा की जिसमें जम्मू-कश्मीर के फुटबॉलर सुहैल अहमद भट को शामिल किया है।

थाईलैंड में होने वाला यह मुकाबला एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल दौर के लिए भारत की तैयारियों का हिस्सा है जिसमें टीम 10 जून को हांगकांग का सामना करेगी। श्रीनगर के बेमनिया में रहने वाले 20 वर्षीय सेंट्रल फॉरवर्ड सुहैल अहमद ने पिछले सत्र में



मोहन बागान सुपर जायंट्स के इंडियन सुपर लीग के विजयी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। उनसे पहले मिडफील्डर दानिश फारूक टीम में शामिल कश्मीर के खिलाड़ी थे जो 2022 में बहरीन और बेलारूस के खिलाफ दो मैत्री मैच में खेले थे। टीम में खेलने वाले कश्मीर के खिलाड़ियों में मेहराजुद्दीन वाडू काफी चर्चित रहे जिन्होंने 2005 से लेकर 2011 तक 32 मैच खेले थे।

ईस्ट बंगाल के भरोसेमंद सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली की भी टीम में वापसी हुई है जो फरवरी में लगी चोट के कारण बाहर हो गए थे। टीम में करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री भी शामिल हैं जिन्होंने मार्च में टीम की मदद के लिए संन्यास से वापसी की थी। टीम पिछले 10 दिन से कोलकाता में शिविर लगाए है।

### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर:** ऋतिक तिवारी, विशाल कैथ, गुरमीत सिंह, अमरिंदर सिंह। **डिफेंडर:** नोरेम रोशन सिंह, राहुल भेके, चिंगलेनसाना सिंह कोनशाम, अनवर अली, बोरिस सिंह थंगजाम, संदेश झिंगन, आशीष राय, सुभाशीष बोस, मेहताब सिंह, अभिषेक सिंह टेकचाम। **मिडफील्डर:** सुरेश सिंह वांगजाम, महेश सिंह नोरेम, आयुष देव छेत्री, उदंता सिंह कुमाम, लालेंगमाविया राल्टे, लिस्टन कोलाको, आशिक कुरुनियान, ब्रैंडन फर्नांडिस, निखिल प्रभु। **फॉरवर्ड:** सुनील छेत्री, एडमंड लालरिंडिका, मनवीर सिंह, सुहैल अहमद भट, लालियानजुआला छांगटे। मुख्य कोच: मानोलो मारक्वेज, सहायक कोच: महेश गावली, सहायक कोच: बेनिटो मोंटाल्वो, गोलकीपर कोच: मार्क गैमन, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच: जोस कार्लोस बरोसो।

# नौसेना में नारी शक्ति : आठ महीने की समुद्री यात्रा कर लौट रही आईएनएसवी तारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आठ माह तक चार महाद्वीपों की चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा करने के बाद दो महिला अधिकारियों को लेकर, भारतीय नौसेना का पोत आईएनएसवी तारिणी 29 मई को स्वदेश लौटेगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने पिछले साल दो अक्टूबर को गोवा के नौसेना महासागर नौकायन नोड से भारतीय नौसेना के नौकायन पोत (आईएनएसवी) तारिणी को हरी झंडी दिखाई थी। नौसेना के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि तारिणी के ध्वजारोहण समारोह की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गोवा के मोरमुगाओ बंदरगाह पर करेंगे, जो औपचारिक रूप से वैश्विक जलयात्रा के समापन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस दुर्लभ सफर को पूरा करते हुए लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए और लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के 29 मई को गोवा के तटों पर पहुंचेंगी।

प्रवक्ता ने कहा, आठ महीनों की अवधि में नौसेना की जोड़ी (जिसे दिलरू के नाम से जाना जाता है) ने चार महाद्वीपों, तीन महासागरों और तीन ग्रेट केप में 25,400 नॉटिकल मील (लगभग 50,000 किमी) की दूरी तय की, जिसमें मौसम की प्रतिकूल स्थिति और चुनौतीपूर्ण समुद्री लहरों का सामना करते हुए पूरी तरह से पाल और पवन ऊर्जा की मदद ली गई।

### यह अभियान भारत के समुद्री इतिहास में एक निर्णायक अध्याय रहा

#### लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा और लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना

उभरते भारत के गौरवशाली ध्वजवाहक के रूप में, लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए और लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना ने फ्रेमेंटल (ऑस्ट्रेलिया), लिटलटन (न्यूजीलैंड), पोर्ट स्टेनली (फॉकलैंड द्वीप) और केप टाउन (दक्षिण अफ्रीका) के बंदरगाहों पर रुककर अपनी आगे की जलयात्रा की। अधिकारियों ने कई कूटनीतिक और आउटरीच कार्यक्रमों में भाग लिया, दुनिया भर के विभिन्न सांसदों, भारतीय प्रवासियों, स्कूली बच्चों, नौसेना के कैडेटों और विश्वविद्यालय के शिक्षकों के साथ बातचीत की।




#### उत्तरी गोलार्ध को किया पार

तारिणी पोत, हाल में वैश्विक परिक्रमा के अपने अंतिम चरण में उत्तरी गोलार्ध को पार करने के बाद स्वदेश लौट रहा है। कुछ दिन पहले एडमिरल त्रिपाठी ने इसके चालक दल के सदस्यों से बातचीत की और उनके अनुकरणीय कौशल और टीम भावना की सराहना की। लगभग आठ महीने की इस यात्रा के दौरान, तारिणी ने बारिश, तेज हवाओं और बड़ी लहरों का सामना करते हुए 'केप ऑफ गुड होप' को सफलतापूर्वक पार किया।

## खबर संक्षेप

### पटरी से उतरी मालगाड़ी

**भुवनेश्वर।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम जिले में बुधवार को एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई।



अधिकारियों ने बताया कि पूर्व तटीय रेलवे के वाल्टेयर मंडल में कोठावलासा-किरंदुल लाइन पर चिमिडिपल्ली स्टेशन के पास लौह अयस्क ले जा रही एक मालगाड़ी के 25 डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्व तटीय रेलवे का मुख्यालय भुवनेश्वर में है।

### कुत्ते के स्वामी को चार माह की कैद

**मुंबई।** मुंबई की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने एक व्यक्ति को चार महीने के कारावास की सजा सुनाई है, जिसके पालतू कुत्ते ने वर्ली इलाके में उसके आवासीय भवन की लिफ्ट के अंदर एक पड़ोसी को काट लिया था। यह अदालती फैसला इस घटना के सात साल बाद आया है। अदालत ने 21 मई को ऋषभ पटेल (40) को सजा सुनायी।

### बिजली के खंभे से करंट लगने पर युवक की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 21 वर्षीय एक युवक की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई।



यह हादसा सोमवार शाम भिवंडी शहर के नालापार स्थित कश्मीर कंपाउंड मैदान में हुआ। मृतक की पहचान भिवंडी के करिवली तालाब क्षेत्र निवासी सज्जाद लालमोहम्मद जब्बार अंसारी के रूप में हुई है। वह मैदान में मौजूद एक बिजली के खंभे के संपर्क में आ गया और उसे करंट लग गया। अंसारी को बिजली का तेज झटका लगा और वह तुरंत जमीन पर गिर पड़ा।

### चार विचाराधीन कैदी अदालत परिसर से फरार

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर जिले में बुधवार को एक अदालत परिसर से चार विचाराधीन कैदी पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय पांडेय के अनुसार, छोटू उर्फ हंटर, मनीष कुमार, अरविंद साहनी और मंजीत कुमार फरार हो गए, जबकि भागने का प्रयास कर रहे एक अन्य विचाराधीन कैदी नागेंद्र कुमार को पकड़ लिया गया। पांडेय ने कहा, ''यह घटना उस समय हुई जब विचाराधीन कैदियों को अदालत में पेश करने के बाद हवालात ले जाया जा रहा था।''

### छात्र की उंगली मरोड़ने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

मालदीव में एक भारतीय शिक्षक को 11-वर्षीय छात्र की उंगली मरोड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।



यह जानकारी बुधवार को मीडिया की खबर से मिली। यह घटना सोमवार को 'था अटोल' के कंदूधू द्वीप स्थित एक स्कूल में हुई। भारतीय नागरिक का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है।

### बोले अमेरिकी अधिकारी, पहले से तय साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स वाले आवेदकों पर नहीं पड़ेगा कोई प्रभाव

# अमेरिका जाने वाले छात्रों के लिए 'नए वीजा साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स' पर रोक 'अस्थायी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका में भारतीय सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय छात्रों से जुड़े वीजा नियमों में सख्ती, नए वीजा साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पर लगाई गई रोक और अनिवार्य विस्तृत सोशल मीडिया जांच को लेकर जनसंचार के विभिन्न माध्यमों में जारी चर्चाओं के बीच अमेरिका का कहना है कि छात्रों के नए वीजा साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पर लगाई गई रोक अस्थायी है। जिन आवेदकों के वीजा साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पहले से ही तय हो चुके हैं। उन पर नियमों में सख्ती का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह जानकारी अमेरिका के ट्रंप प्रशासन के एक अधिकारी के हवाले से नाम न छापने की शर्त पर सामने आई है। जिसमें वह प्रशासन के एक आंतरिक दस्तावेज पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका के विदेश विभाग ने देश में पढ़ाई करने के इच्छुक विदेशी छात्रों को दिए जाने वाले नए वीजा से जुड़े साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पर जो रोक लगाई है। उसका उद्देश्य छात्रों की सोशल मीडिया मंचों जैसे एक्स, इंस्टाग्राम और टिक टॉक पर की जाने वाली तमाम गतिविधियों की गहनता के साथ जांच-पड़ताल की प्रक्रिया को विस्तार देना है।

### दुनियाभर में दूतावासों को जारी किए निर्देश




उधर, पोलिटिको की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेजों के जरिए दुनियाभर में मौजूद अमेरिका के दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को यह निर्देश दिया गया कि तत्काल प्रभाव से छात्र (एफ), व्यावसायिक (एम) और एक्सचेंज विजिटर (जे) वीजा के लिए नए साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पर रोक लगा दी गई है। भावी मार्गदर्शन प्राप्त होने तक यही स्थिति लागू रहेगी। मूलरूप से देखें तो यह कदम विदेशी छात्रों के लिए अनिवार्य सोशल मीडिया जांच की प्रक्रिया को लागू करने का हिस्सा है। नए वीजा साक्षात्कारों के लिए अपांइटमेंट्स पर रोक लगाने से अमेरिका में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में तत्काल रूप से गर्मियों की और बाद में आगे की दाखिला प्रक्रिया प्रभावित होगी।

### बाइडन की नीति को ही आगे बढ़ा रहे ट्रंप

अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा से जुड़े इस विवाद के साथ-साथ ट्रंप प्रशासन द्वारा बीते वक्त में हॉवर्ड विश्वविद्यालय की वैश्विक छात्रों को भर्ती करने की क्षमता पर भी रोक लगा दी गई थी। जिसमें विश्वविद्यालय के वह कार्यक्रम शामिल थे। जिनसे वह विदेशी छात्रों को वीजा के लिए स्पॉन्सर करते थे। इस मामले को न्यायालय में चुनौती दी गई थी। जिस पर फेडरल जज द्वारा रोक लगाई गई है। इसके अलावा देश में मौजूद हजारों अंतरराष्ट्रीय छात्रों की कानूनी मौजूदगी पर अमेरिका पहले ही प्रश्नवाचक चिन्ह लगा चुका है? यहां बता दें कि ट्रंप से पहले के अमेरिकी प्रशासन ने सभी वीजा आवेदकों की जांच का कदम उठाया था।

### जांच के लिए हर माध्यम का प्रयोग करेंगे

अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक संवाददाता सम्मेलन में इस मामले पर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कहा कि जो बात अभी सार्वजनिक तौर पर नहीं कही गई है। मैं उसके बारे में कुछ नहीं बोलूंगी। लेकिन इतना जरूर कहना चाहूंगी कि एक संप्रभु देश होने के नाते अमेरिका को यह अधिकार है कि यहां कौन और क्यों आना चाहता है? उसकी पृष्ठभूमि क्या है? इसकी हम पहले से जांच-पड़ताल करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा, वीजा के लिए आवेदन करने वालों के संबंध में हम देश में हर मौजूद संसाधन का उपयोग और विश्लेषण करेंगे। फिर चाहे वह कोई छात्र हो या कोई और ही क्यों न हो। यह जांच की कवायद हालांकि किन बिंदुओं पर केंद्रित रहेगी। उनका अमेरिकी प्रशासन की तरफ से फिलहाल कोई खुलासा नहीं किया गया है।

# शादी के उपहार में बम भेजकर दो की हत्या, व्याख्याता को उम्रकैद

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

ओडिशा के बलांगीर जिले की एक अदालत ने शादी के उपहार के रूप में पार्सल बम भेजकर दूल्हे समेत दो व्यक्तियों की हत्या करने के मामले में बुधवार को एक व्याख्याता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पुलिस ने बताया कि ज्योति विकास कॉलेज में व्याख्याता पुंजीलाल मेहर की दूल्हे की मां से रंजिश थी और इस कॉलेज में वह प्राचार्य के पद पर कार्यरत थीं। इसने बताया कि पुंजीलाल ने उनके बेटे सौम्य की हत्या की साजिश रची और 2018 में शादी के उपहार के रूप में बम भेजा। सरकारी वकील चितरंजन कानूनगो ने बताया कि पटनागढ़ में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) की अदालत ने मामले में आरोपी मेहर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि अदालत ने उसे भारतीय दंड संहिता की धाराओं 302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास) और 201 (अपराध के साक्ष्य नष्ट करना) तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं तीन और चार के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने दो धाराओं के तहत आजीवन कारावास, दो आरोपों के तहत 10 साल कैद और एक अन्य आरोप के तहत सात साल कैद की सजा सुनाई।



### 1.70 लाख रुपए का जुर्माना

अदालत ने दोषी पर 1.70 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कानूनगो ने अदालत के बाहर मीडियाकर्मियों को बताया कि उसे जीवनभर सलाखों के पीछे रहना होगा। बम विस्फोट में सौम्य शेखर नामक 25 वर्षीय व्यक्ति और उसकी 85 वर्षीय दादी की मौत हो गई। सौम्य की पत्नी सीमा साहू, 23 फरवरी, 2018 को बलांगीर जिले के पटनागढ़ स्थित उनके घर में शादी के उपहार के रूप में रखे गए पार्सल बम में विस्फोट होने से गंभीर रूप से घायल हो गईं थीं। विस्फोट उस समय हुआ था जब दूल्हे ने उपहार खोला।

### सीएम ने दिए थे जांच के निर्देश

नवविवाहिता और उसके परिवार के अनुरोध के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अपराध शाखा को घटना की जांच करने का आदेश दिया था। अपराध शाखा ने 23 मार्च, 2018 को जांच अपने हाथ में ली और अप्रैल 2018 में मेहर को गिरफ्तार कर लिया गया। वह फिलहाल पटनागढ़ उप-जेल में बंद है। जांच एजेंसी ने कहा है कि इस अपराध को बदला लेने की मंशा के तहत अंजाम दिया गया था।

# अनुकंपा नियुक्ति को मृतक की संपत्ति नहीं माना जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अनुकंपा नियुक्ति को मृतक की संपत्ति नहीं माना जा सकता। इसलिए बहू से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वह अपनी तनख्वाह से सास को भरण-पोषण दे। कोर्ट ने बहू की अपील स्वीकार करते हुए मनेन्द्रगढ़ पारिवारिक न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया है जिसमें हर महीने 10 हजार रुपए भरण-पोषण देने का निर्देश दिया गया था। यह फैसला जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच ने सुनाया। प्रकरण के अनुसार हसदेव क्षेत्र एसईसीएल में कार्यरत भगवान दास की वर्ष 2000 में मृत्यु हो गई थी। उनकी मौत के बाद बड़े बेटे ओंकार को अनुकंपा नियुक्ति मिली। ओंकार की भी मृत्यु हो जाने पर उसकी पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति मिली।



### परिवार न्यायालय ने सास के पक्ष में फैसला दिया

परिवार न्यायालय में आवेदन कर सास की ओर से बताया गया कि वह 68 साल की है और कई बीमारियों से पीड़ित हैं और केवल 800 रुपए की पेंशन पाती हैं। उसने हर महीने 20 हजार रुपए भरण-पोषण और 50 हजार रुपए मुकदमेबाजी खर्च की मांग की। इस पर मनेन्द्रगढ़ पारिवारिक न्यायालय ने बहू को हर महीने 10 हजार रुपए भरण-पोषण देने का आदेश दिया। इस फैसले के खिलाफ बहू ने हाईकोर्ट में अपील की और बताया कि सास की देखभाल उनके दूसरे बेटे उमेश द्वारा की जा रही है, जिसकी आमदनी हर महीने 50 हजार रुपए है। सास को खेती से सालाना 1 लाख रुपए तथा मासिक 3000 रुपए पेंशन मिलती हैं। इसके साथ ही उसे पति की बीमा राशि से 7 लाख रुपए मिल चुके हैं।

# एसडीएम के खिलाफ चार्जशीट को हाईकोर्ट ने किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

- रायगढ़ जिले में भू-अर्जन घोटाले के एक चर्चित मामले में राहत

रायगढ़ जिले में भू-अर्जन घोटाले के एक चर्चित मामले में तत्कालीन भू-अर्जन अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रह चुके तीर्थराज अग्रवाल को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। न्यायालय ने उनके विरुद्ध जारी आरोप पत्र को निरस्त कर दिया है। यह फैसला माननीय न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की एकलपीठ द्वारा सुनाया गया। वर्ष 2013 में तीर्थराज अग्रवाल की पदस्थापना डिप्टी कलेक्टर के रूप में रायगढ़ जिले में हुई थी, जहां वे भू-अर्जन अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। इस दौरान पुसौर तहसील के ग्राम झीलगिटार की निजी जमीन को एनटीपीसी परियोजना के लिए अधिग्रहण किया गया था।

### पारित अवार्ड एक राजस्व न्यायिक कार्य

जांच रिपोर्ट में अन्य अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ पटवारी, तहसीलदार और सरपंच की मिलीभगत की पुष्टि हुई। तीर्थराज अग्रवाल पर आरोप यह लगाया गया कि उन्होंने सहखातेदारों के दस्तावेजों की जांच किए बिना ही चेक जारी कर दिए, जिससे मुआवजा फर्जी खातों में चला गया। थाना पुसौर में धारा 420, 467, 468, 471, 506(बी), 120(बी) और 34 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया। तीर्थराज अग्रवाल ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं राजीव श्रीवास्तव और मतीन सिद्दीकी के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की। उन्होंने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता द्वारा पारित अवार्ड, एक राजस्व न्यायिक कार्य था जो कि जज प्रोटेक्शन एक्ट, 1985 की धारा 2 और 3 के तहत संरक्षित है।

# शीर्ष 10 बड़े हवाई अड्डों में दिल्ली

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डा एशिया प्रशांत और पश्चिम एशिया क्षेत्र के शीर्ष 10 बड़े हवाई अड्डों में शामिल है। 'द एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल एशिया-पैसिफिक एंड मिडिल ईस्ट एयर कनेक्टिविटी रैंकिंग 2024' में एशिया-प्रशांत एवं पश्चिम एशिया दोनों क्षेत्रों में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जो मजबूत अंतरराष्ट्रीय मांग, मजबूत नेटवर्क 'सुधार' एवं प्रमुख यात्रा गलियारों की वापसी से प्रेरित है। एक बयान के अनुसार, 2024 में संपर्क में अगुवा स्थिति रखने वाले शीर्ष 10 बड़े हवाई अड्डों में दिल्ली हवाई अड्डा 10वें स्थान पर है, जबकि इस सूची में दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शीर्ष पर है। शंघाई पुडोंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (चीन) दूसरे स्थान पर है। इसके बाद हमाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (कतर) और इंचियोन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (दक्षिण कोरिया) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।




### 438 किलोमीटर की दूरी को महज 7 घंटे में पूरा करेगी ट्रेन

# सप्ताह में छह दिन कर पाएंगे सोमनाथ की यात्रा, नई वंदे भारत देगी साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सोमनाथ की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में गुजरात के लोगों को एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी है, जो साबरमती, अहमदाबाद से वेरावल (सोमनाथ मंदिर) तक चलेगी। यह ट्रेन कुल 438 किलोमीटर की दूरी को महज 7 घंटे में पूरा करेगी, जिससे अब श्रद्धालु और पर्यटक बिना किसी लंबी थकावट के आसानी से सोमनाथ मंदिर पहुंच सकेंगे। इस वंदे भारत ट्रेन का संचालन छह दिन प्रति सप्ताह किया जाएगा और गुरुवार को यह ट्रेन नहीं चलाई जाएगी। ट्रेन की टाइमिंग यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखकर तय की गई है। यह सुबह 5:25 बजे साबरमती से रवाना होकर दोपहर 12:25 बजे वेरावल पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन वेरावल से दोपहर 2:40 बजे चलेगी और रात 9:35 बजे फिर से साबरमती स्टेशन पहुंचेगी।



### साबरमती-वेरावल वंदे भारत का पड़ाव

यात्रा के दौरान ट्रेन पांच प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी जिनमें- वीरमगाम, सुरेंद्रनगर, वानकानेर, राजकोट और जूनागढ़ शामिल हैं। यह पड़ाव न सिर्फ स्थानीय यात्रियों के लिए फायदेमंद होगा, बल्कि गिरनार पर्वत और अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा को भी आसान बना देगा।

### साबरमती-वेरावल वंदे भारत की सुविधाएं

साबरमती-वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस को मॉडर्न सुविधाओं से लैस किया गया है। इसमें एसी चेयर कार और एक्जीक्यूटिव चेयर कार के विकल्प मौजूद हैं, जिसमें आरामदायक सीटिंग, जीपीएस-आधारित यात्री सूचना प्रणाली, ऑटोमेटिक दरवाजे और बेहतर सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं।

### पीएम मोदी ने किया था इंजन का उद्घाटन

इस ट्रेन की शुरुआत के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने दाहोद में बने भारत के पहले 9000 हॉर्सपावर वाले डी-90 इलेक्ट्रिक इंजन का भी उद्घाटन किया, जो मेक इन इंडिया पहल के तहत स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है। इस ट्रेन के माध्यम से न सिर्फ धार्मिक पर्यटन को रफ्तार मिलेगी बल्कि गुजरात के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को भी नया आयाम मिलेगा। साबरमती-वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन से सोमनाथ जैसे पवित्र स्थल की यात्रा अब पहले से कहीं ज्यादा आसान और आरामदायक हो जाएगी।

### नक्सली बनकर वसूली दो लोग गिरफ्तार

**हैदराबाद।** नक्सली बनकर यहां के एक निवासी से 50 लाख रुपए की जबरन वसूली की कोशिश करने के आरोप में बुधवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उसने आंध्र प्रदेश के गन्नवरम निवासी 24 और 33 वर्षीय दो आरोपियों से 13 देशी बम जब्त किए हैं।



Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com